e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 29

**सुविचार**
कल करे सो आज कर, आज करे सो अब, पल में प्रलय होएगी, बहुरि करोगे कब?

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
30.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### दिल्ली : अंगीठी ने ली दो साल के बच्चे और उसकी मां की जान, 3 गंभीर

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मैदान गढ़ी थाना इलाके में अंगीठी के कारण एक परिवार के दो लोगों की जान चले गई. जबकि तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार रात को ठंड से बचने के लिए इस परिवार ने कमरे में अंगीठी जलाई थी. सोते समय अंगीठी को जलता छोड़ दिया .जिसके कारण ये हादसा हुआ है. कमरे में तीन बच्चों सहित कुल पांच लोग सो रहे थे.कुछ घंटे बाद कमरे में वेंटिलेशन न होने के कारण सभी लोगों का दाम घुटने लगा. आनंद-फानन में इन सभी को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया. जहां अस्पताल में ही दो ने दम तोड़ दिया. मरने वालों में दो साल का बच्चा शामिल है. तीन लोगों की हालत अभी गंभीर बताई जा रही है.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार फरवरी को बिहार और झारखंड के दौरे पर

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार फरवरी को बिहार और झारखंड के दौरे पर होंगे. सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी बिहार के बेतिया और झारखंड के धनबाद में रैली करेंगे. तय कार्यक्रम के अनुसार पीएम मोदी पहले सुबह साढ़े दस बजे झारखंड के धनबाद जाएंगे. वहां सिंदरी में खाद कारखाने का शुभारंभ करेंगे. साथ ही कई अन्य सरकारी योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे. इसके बाद बिहार के लिए रवाना हो जाएंगा और दोपहर डेढ़ बजे तक बेतिया पहुंचेंगे.बेतिया में पीएम करीब बीस हज़ार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे. इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पीएम के साथ मंच साझा करेंगे.

### बंगाल में टीएमसी विधायक की कार पर हमला

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में रविवार देर शाम तृणमूल कांग्रेस विधायक खगेश्वर रॉय की कार पर कथित तौर पर हमला किया गया। खगेश्वर रॉय जलपाईगुड़ी के राजगंज निर्वाचन क्षेत्र से टीएमसी विधायक हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा, सीपीआईएम और कांग्रेस समर्थित गुंडों ने उनकी कार हमला किया। रॉय ने कहा, मैं पार्टी की एक बैठक में भाग लेने के बाद संन्यासिकता से लौट रहा था। मैं शाम 7-20 बजे कार की खिड़की की तरफ से भारी आवाज आई और मैंने देखा कि पथराव से खिड़की के शीशे का एक हिस्सा टूट गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव से पहले उनके सामाजिक कार्यों और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस को रोकने के लिए भाजपा, सीपीआईएम और कांग्रेस द्वारा यह साजिश रची गई थी। वहीं, राजगंज पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बता दें, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को राजगंज ब्लॉक के भूमिहीन लोगों को लगभग 15,000 पट्टे (भूमि अधिकार) वितरित करेंगी।

### एनसीपी विधायकों की अयोग्यता पर 15 फरवरी तक फैसला लें स्पीकर : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में अजीत पवार खेमे के एनसीपी विधायकों की अयोग्यता पर फैसले के लिए विधानसभा स्पीकर को 15 फरवरी तक का समय दे दिया है। पहले सुप्रीम कोर्ट ने शिंदे सरकार को समर्थन दे रहे इन विधायकों पर स्पीकर को 31 जनवरी तक फैसला लेने को कहा था। आज स्पीकर ने तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा, जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने 15 फरवरी तक का समय दिया था। कोर्ट ने 30 अक्टूबर, 2023 को एनसीपी के विधायकों के खिलाफ अयोग्यता पर फैसला लेने की समय सीमा तय करते हुए 31 जनवरी, 2024 तक फैसला लेने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने 30 अक्टूबर, 2023 को ही स्पीकर को शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर 31 दिसंबर तक फैसला लेने को कहा था। उसके बाद स्पीकर की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट ने 15 दिसंबर, 2023 को स्पीकर को निर्देश दिया था कि वे शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर 10 जनवरी तक फैसला करने को कहा था। दरअसल, एनसीपी विधायक जयंत पाटिल ने विधानसभा के स्पीकर की ओर से अयोग्यता के मामले को जान बूझ कर लटकाए रखने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट मे याचिका दाखिल की थी।

### रांची का तापमान

अधिकतम 22°
न्यूनतम 10°

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में पीएम ने किया बच्चों से संवाद

## दबाव को जीतना जरूरी : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली:** परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों से संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए। छात्रों को भारत के भविष्य को आकार देने वाला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम उनके लिए भी एक परीक्षा की तरह है। परीक्षाओं से पहले छात्रों के साथ अपने आउटरीच कार्यक्रम के सातवें एपिसोड में बोलते हुए उन्होंने कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक इनोवेटिव हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे छात्र हमारे भविष्य को आकार देंगे। शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम पिछले छह वर्षों से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को शामिल कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा,परीक्षा पे चर्चा का ये सांतवा एपिसोड है। ये प्रश्न हर बार आया है और अलग-अलग तरीके से आया है। इसका मतलब ये है कि सात सालों में सात अलग-अलग बैच इन परिस्थितियों से गुजरे हैं और हर नए बैच को भी इन्हीं समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों के बैच बदलते हैं लेकिन शिक्षकों के बैच नहीं बदलते। यदि शिक्षकों ने मेरे अब तक के एपिसोड्स की बातों का कुछ न कुछ अपने स्कूल में संबोधन किया हो तो शायद हम इस समस्या को धीरे-धीरे कम कर सकते हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जैसे मोबाइल को कार्य करने के लिए चार्जिंग की आवश्यकता होती है, उसी तरह बॉडी को भी रिचार्ज रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि स्वस्थ मन के लिए शरीर को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए प्रॉपर नींद लेना भी बहुत आवश्यक है। बता दें कि कोविड 19 महामारी के कारण परीक्षा पे चर्चा का चौथा संस्करण ऑनलाइन आयोजित किया गया, जबकि पांचवां और छठा संस्करण टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया गया। पिछले वर्ष के संस्करण में कुल 31.24 लाख छात्रों, 5.60 लाख शिक्षकों और 1.95 लाख अभिभावकों ने भाग लिया था। इस वर्ष, माइगोव्व पोर्टल पर अनुमानित 2.26 करोड़ पंजीकरण हुए हैं, जो छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है।

दिल्ली में सीएम हेमंत के आवास पर ईडी ने दी दस्तक, अलर्ट मोड में पुलिस व प्रशासन

# ईडी के समक्ष कल पेश होंगे सीएम हेमंत सोरेन

एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय की टीम सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित शांति निकेतन घर पर पहुंची। ईडी की टीम ने हेमंत सोरेन के घर से कई अहम दस्तावेज बरामद की है। ईडी की टीम घर के अंदर काफी देर तक मौजूद रही और पूरे घर में सर्चिंग की। बताया जा रहा है कि सीएम हेमन्त सोरेन शांति निकेतन स्थित घर पर मौजूद नहीं थे। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व्यक्तिगत काम से दिल्ली गए हैं। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों को 31 जनवरी की दोपहर एक बजे रांची स्थित अपने आवास पर बुलाया है। ताकि ईडी अधिकारी कथित ज़मीन हेराफेरी के मामले में उनका बयान दर्ज कर सकें। ईडी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उनका बयान फिर से दर्ज करने की इच्छा जताई थी। मुख्यमंत्री ने उसका जवाब भेज दिया है। बता दें कि ईडी ने जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को दसवां समन भेजा था और कहा था कि वो 29 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक अपना बयान दर्ज कराएं। इधर दिल्ली में ईडी की कार्रवाई को लेकर झारखंड में पूरा प्रशासनिक महकमा हाई अलर्ट पर है। दिल्ली में सीएम आवास पर ईडी की कारवाई के बीच मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव आवास पर हुई बैठक में डीजीपी और गृहसचिव मौजूद थे।मुख्य सचिव ने राजधानी रांची और दुमका को लेकर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया. किसी भी हालत में विधि व्यवस्था ना बिगड़े इसके लिए सतर्क रहने को कहा। मौके पर मौजूद गृह सचिव अविनाश कुमार और डीजीपी अजय कुमार सिंह ने विधि व्यवस्था को लेकर की गई तैयारी से मुख्य सचिव को अवगत कराया।

### सीएम हाउस-राजभवन की बढ़ी सुरक्षा

**रांची:** सीएस की आपात बैठक के बाद धीरे-धीरे करके पूरी राजधानी में सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गयी है. इसके साथ राजभवन, सीएम आवास, मंत्री-विधायक आवास के साथ साथ मुख्य चौक-चौराहों पर सुरक्षा पुख्ता की गयी है. राज भवन में सबसे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था दी गई है. पैरामिलिट्री फोर्स और जिला पुलिस की टीम भारी संख्या में राजधानी के बाहर मौजूद हैं. आसपास और पूरे कैंपस की निगरानी वो कर रहे हैं. इसके अलावा राजधानी के अल्बर्ट एक्का चौक, एसपी आवास, मुख्यमंत्री आवास के पास पुलिस बल को भारी संख्या में तैनात किया गया है. राजधानी के वरीय अधिकारियों को भी मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है.

**10वां** समन भेज ईडी ने जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को था कहा था कि वो 29 जनवरी से लेकर 31 तक अपना बयान दर्ज कराएं।




### विधि व्यवस्था को लेकर 14 डीएसपी प्रतिनियुक्त

**रांची :** रांची में विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस मुख्यालय ने 14 डीएसपी को प्रतिनियुक्त किया है। रांची एसएसपी के अनुरोध पर रांची में विधि-व्यवस्था की समस्या के मद्देनजर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा-व्यवस्था के लिए डीएसपी की तैनाती की गई है। अगले आदेश तक रांची में तैनात रहेंगे। इनमें एससीआरबी के डीएसपी अनुप कुमार बड़ाईक, जैप-1 के डीएसपी ओम प्रकाश, जैप-2 के डीएसपी मनोज कुमार महतो, जैप-10 के डीएसपी हेलेन सोय, तारामणि बाखला, सुमन गिनी नाग, मो प्रवेज आलम, विशेष शाखा के डीएसपी अजय केरकेट्टा, के. वेंकटेश्वर रमन, तौकीर आलम, कमलेश सिंह, राधा प्रेम किशोर, राज किशोर ओर संदीप कुमार गुप्ता के नाम शामिल हैं। इस संबंध में सोमवार को पुलिस मुख्यालय की ओर से आदेश जारी किया गया है।

### ईडी की कार्रवाई के विरोध में झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाला विरोध मार्च

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची ,रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा और गढ़वा जिला के कार्यकर्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को मोरहाबादी मैदान में जुटें। इसके बाद कार्यकर्ता राजभवन मार्च पर निकले। लेकिन इस बार झामुमो कार्यकर्ता अपने पुराने निश्चित रूट में परिवर्तन करते हुए सिदो-कान्हू पार्क से प्रेमसंस मोटर होते हुए कांके रोड मुख्यमंत्री आवास के पास होकर आगे बढ़े । यहां पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोका। मगर हजारों की भीड़ नहीं रूकी। कार्यकर्ताओं की भीड़ मुख्यमंत्री हाउस कांके रोड से होते हुये आगे बढ़ गयी। कार्यकर्ता हाथ में पार्टी का झंडा लिए केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

## उत्तराखंड के लिए समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार

एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड सरकार जल्द समान नागरिक संहिता लागू करने वाली है. यूसीसी को लागू करने के लिए बनी एक्सपर्ट कमेटी अपनी ड्राफ्ट रिपोर्ट 2 फरवरी को सरकार को सौंप देगी.

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमने सारी तैयारियां कर ली हैं. हम आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर समान नागरिक संहिता को प्रदेश में लागू करेंगे. उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करना धामी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है.

इस दिशा में अब तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं. जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई (रिटायर्ड) की अध्यक्षता में गठित समिति ने यूसीसी की ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार की है. प्रदेश सरकार ने मई 2022 में उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय कमेटी गठित की थी. कमेटी में जस्टिस देसाई के अलावा दिल्ली हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज प्रमोद कोहली, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़, पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह और दून यूनिवर्सिटी की वाइस-चांसलर सुरेखा डंगवाल शामिल हैं. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन और चुनाव से पहले उत्तराखंड की देवतुल्य जनता के समक्ष रखे गए संकल्प, उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप हमारी सरकार प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है.एक्सपर्ट कमेटी ने प्रदेश के 13 जिलों में विभिन्न सामाजिक संगठनों बुद्धिजीवी और सभी धर्म के लोगों से समान नागरिक संहिता कानून को लेकर बात की. कमेटी को प्रदेशभर के तकरीबन ऑनलाइन और ऑफलाइन 2.50 लाख से ज्यादा सुझाव मिले है, जिनके आधार पर यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार किया है.



उधर, उत्तराखंड सरकार ने विधानसभा का सत्र 5 फरवरी से 8 फरवरी तक बुलाया है. विशेष रूप से यह सत्र समान नागरिक संहिता कानून का ड्राफ्ट सदन में पेश करने के लिए बुलाया गया है.

इस विधानसभा सत्र में समान नागरिक संहिता कानून को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में चर्चा की जाएगी, इसके बाद इसको कानून का रूप देकर प्रदेश में लागू कर दिया जाएगा.

## उच्च शिक्षा संस्थानों में आरक्षण को खत्म करने की हो रही साजिश : राहुल गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव से पहले भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उच्च शिक्षा में जाति-आधारित आरक्षण को खत्म करने के लिए आरएसएस बीजेपी पर साजिश करने का आरोप लगाया. राहुल गांधी ने कहा है कि कांग्रेस ऐसा कभी नहीं होने देगी.



बता दें कि शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय विश्वविद्यालय अनुदान आयो के एससी एसटी या ओबीसी के शिक्षकों के पदों के खाली रहने पर जरूरत के मुताबिक उन्हें अनारक्षित करने के दिसा-निर्देशों के मसौदे पर अमल करने से साफ इनकार कर दिया है. यूजीसी अध्यक्ष ने भी अब तक खाली पड़े पदों को जल्द से जल्द भरने की बात कही है. केरल के वायानाड से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यह कदम सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष कर रहे लोगों के सपनों की हत्या की कोशिश है. राहुल ने लिखा,यह बीजेपी का चरित्र है. ये प्रतीकात्मक न्याय और वास्तविक न्याय के बीच का अंतर है. कांग्रेस ऐसा कभी नहीं होने देगी. हम सामाजिक न्याय के लिए लड़ना जारी रखेंगे. हम ये सुनिश्चित करेंगे कि योग्य उम्मीदवार इन खाली पदों को भरें. ऐसे पदों को भरने की प्रक्रिया के बारे में ड्राफ्ट में कहा गया है,सीधी भर्ती के मामले में आरक्षित रिक्तियों को अनारक्षित करने पर सामान्य प्रतिबंध है. हालांकि, दुर्लभ और असाधारण मामलों में जब समूह ए सेवा में एक रिक्ति को सार्वजनिक हित में खाली रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, तो संबंधित विश्वविद्यालय आरक्षित रिक्तियों को अनारक्षित बनाने के लिए प्रस्ताव ला सकती है.एजुकेशन पैनल के ड्राफ्ट में दिए गए दिशा-निर्देशों ने एक बड़े विवाद को जन्म दिया. इसकी कांग्रेस ने कड़ी आलोचना की है. इससे पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बीजेपी पर आरक्षण खत्म करने की साजिश का आरोप लगाया था.

## 14 लाख रुपये के जाली नोट सहित चार गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई :** बुलढ़ाणा जिले टेंभुर्णी गांव के पास पुलिस ने छापा मार कर 14 लाख 56 हजार रुपये के जाली नोट सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले की गहन छानबीन पुलिस कर रही है।पुलिस के अनुसार बुलढ़ाणा पुलिस को खामगांव आकोला रोड पर जाली नोट सहित कुछ लोगों के आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस टीम खामगांव अकोला रोड पर टेंभुर्णी गांव के पास बीती रात निगरानी कर रही थी। पुलिस टीम ने इस दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली। इस दौरान कार में चिल्ड्रेन बैंक के 6100 रुपये कीमत के 61 बंडल मिले। हर बंडल के ऊपर और नीचे एक असली 500 रुपये का नोट चिपका हुआ था।

साथ ही छह मोबाइल फोन, सेलोटेप, कैंची, कार की फर्जी नंबर प्लेट भी मिली। इस तरह पुलिस ने कुल 14 लाख 56 हजार रुपये के जाली नोट जब्त कर लिए और कार में सफर कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

## इलेक्शन कमीशन ने 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर चुनाव का किया ऐलान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने 56 राज्यसभा सीटों पर चुनाव तारीखों का ऐलान कर दिया. 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर 27 फरवरी को चुनाव होगा. चुनाव आयोग ने बताया कि इन 56 राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल अप्रैल 2024 में खत्म होना है. इनपर 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा. नामांकन की आखिरी तारीख 15 फरवरी है.56 सीटों में से सबसे ज्यादा 10 उत्तर प्रदेश की हैं. इसके अलावा महाराष्ट्र-बिहार की 6-6 सीटें हैं. जबकि मध्यप्रदेश-पश्चिम बंगाल की 5-5 सीटें हैं. कर्नाटक और गुजरात की 4-4 राज्यसभा सीटों पर भी 27 फरवरी को मतदान होगा. इसके अलावा तेलंगाना-राजस्थान और ओडिशा की 3-3 सीटों पर मतदान होगा. इसके अलावा छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हरियाणा और हिमाचल की 1-1 सीट पर मतदान होगा. राज्यसभा की 56 सीटों पर 27 फरवरी को वोटिंग होगी और इसी दिन नतीजे आएंगे. चुनाव के लिए आयोग 8 फरवरी को अधिसूचना जारी करेगा. नामांकन की आखिरी तारीख 15 फरवरी है. नामांकन पत्रों की जांच की तारीख 16 फरवरी है. उम्मीदवार 20 फरवरी तक नाम वापस ले सकेंगे. चुनाव आयोग ने राज्यसभा चुनाव का ऐलान ऐसे वक्त पर किया, जब पार्टियां लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हैं. ऐसे में राज्यसभा चुनाव को काफी अहम माना जा रहा है. इन 56 सीटों पर चुनाव के बाद संसद के उच्च सदन की सियासी तस्वीर बदल जाएगी.



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




### संक्षिप्त खबरें

**राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा राज्य में दो फरवरी को करेगी प्रवेश : आलोक साहू**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 2 फरवरी को पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के राज ग्राम के रास्ते दोपहर 2:30 बजे पाकुड़ जिला में प्रवेश करेगी जहां झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस जनों के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। झारखंड के सीमा में प्रवेश करने के बाद राहुल गांधी पदयात्रा करते हुए नसीपुर पहुंचेंगे और वहां पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। झारखंड में राहुल गांधी आठ दिनों की यात्रा करेंगे और प्रत्येक दिन काम से कम 100 किलोमीटर उनकी यात्रा का कार्यक्रम है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत 2 फरवरी को पाकुड़ पहुंचेंगे और वहां राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# जिले में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

## सभी सहभागिता से ही कुष्ठ रोग मुक्त होगा पलामू : डीसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त-सह - जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को स्पर्श कार्यक्रम टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने कुष्ठ रोग से संबंधित मरीजों की जानकारी ली। वहीं कुष्ठ रोग से पीड़ित मरीजों के बेहतर इलाज़ के लिये संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने जिले में चिन्हित कुष्ठ रोग पीड़ितों को संबंधित सहिया से घर-घर जाकर दवा खिलाए जाने की बात कही। इसके लिये उन्होंने कुष्ठ निवारण पदाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में लोगो को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के लिए 30 जनवरी से 13 फ़रवरी तक स्पर्श कुष्ठ



जागरूकता अभियान व्यापक रूप से चलाने की बात कही.इस अभियान को सफल बनाने हेतु उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। **लोगों को दी जाएगी जानकारी :** जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ विजय सिंह ने बताया कि सुन्न दाग धब्बों का ज्ञान ही कुष्ठ रोग की पहचान है। इस अभियान में कुष्ठ रोग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता, जनसंदेश,पम्पलेट्स इत्यादि के द्वारा लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी का दिन स्पर्श डे के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कुष्ठ जागरुकता के लिए जिला दण्डाधिकारी का संदेश पढ़ा जाएगा और सभी ग्राम सभाओं में ग्राम प्रधानों का संदेश उनके द्वारा पढ़ कर लोगों को सुनाया जाएगा।

**सभी स्कूलों में चलेगा जागरूकता अभियान :** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी स्कूल,में प्राचार्य द्वारा अपने संस्थानों में कुष्ठ रोग से संबन्धित आम सवाल जवाब व भ्रांतियों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में कुष्ठ निवारण पदाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि जिले में वर्तमान में कुल 512 कुष्ठ के मरीज़ है। **बैठक में इनकी रही मौजूदगी :** बैठक में उपायुक्त के उप विकास आयुक्त रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, कुष्ठ रोग निवारण पदाधिकारी, डिस्ट्रिक्ट लेप्रोसी कंसलटेंट डॉ मृत्युंजय मेहता, डॉ अनूप सहित अन्य उपस्थित थे।

### ओबीसी को हर क्षेत्र में मिले समुचित भागीदारी : ब्रह्मदेव प्रसाद

# ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का जागरूकता अभियान रथ यात्रा सोमवार को विश्रामपुर से हुआ शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का जागरूकता अभियान रथ यात्रा विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित पंचमुखी मंदिर प्रांगण से सोमवार को शुरू हुआ.मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने रथ यात्रा की शुरुआत की। यह रथ यात्रा पूरे नप क्षेत्र में घूमा.इस दौरान ओबीसी वर्ग के लोगों को आगामी 11 फरवरी को मेदानीनगर स्थित शिवाजी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। इस क्रम में बिश्रामपुर, पचघारा, नावाडीह, बघमनवा, उड़सुला, झगड़ुवा, डिहरीया, पांडेपुर, गोदरमा, दड़ीला, रेहला, बी मोड़ व बरवाडीह में नुक्कड़ सभा भी किया गया.सभा में मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि आबादी के अनुसार ओबीसी समाज को हर क्षेत्र में समुचित भागीदारी मिलनी चाहिए. जनसंख्या के हिसाब से सभी सरकारी एवं गैर सरकारी



संस्थानों में 52त्न आरक्षण की व्यवस्था किया जाना चाहिए.उन्होंने झारखंड में भी जाति आधारित जनगणना कराने की मांग करते हुए कहा कि ओबीसी का सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक रिपोर्ट जारी किया जाए। इसके लिए पिछड़ा आयोग का पूर्ण गठन करते हुए उसे सशक्त और सक्रिय किया जाए.इसके अलावा पिछड़ा वर्ग वित्त निगम की स्थापना कर बेरोजगार युवको,छात्रों को ब्याज मुक्त स्वरोजगार व शिक्षा हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाए। राज नारायण पटेल ने कहा कि ओबीसी समाज को राजनैतिक हिस्सेदारी लेने के लिए जागरूक होना होगा.एकजुट होकर संघर्ष करना होगा.युगल किशोर पाल ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के ऊपर जो अन्याय हुआ है उसका त्वरित न्याय दिलाने हेतु फास्ट ट्रैक कोर्ट का स्थापना की जाए. संजय कुमार साहू ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को दस हजार मासिक बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। मौके पर अजय वर्मा, पेंटर जिलानी, शंकर विश्वकर्मा, अशोक पाल, अख्तर अंसारी, वीरेंद्र कुमार यादव, गोरखनाथ चौधरी, अमर प्रसाद, हरिहर पाल, संतोष चौधरी, देव कुमार ठाकुर, दीपक कुमार चंद्रवंशी, गिरिजा नारायण चंद्रवंशी, महेंद्र बहेलिया, विजय ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# लोहरदगा में कृषि, वनोपज को अधिक बढ़ावा देने की जरुरत है : सुदर्शन भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सुदर्शन भगत, सांसद, लोहरदगा की अध्यक्षता में विशेष डीएलसीसी की बैठक आज जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में हुई। माननीय सांसद ने कहा कि विभिन्न क्षेत्र में बैंक ने बेहतर कार्य किया है। लोहरदगा में कृषि, वनोपज को अधिक बढ़ावा देने की जरूरत है। सब्जियों के लिए यह क्षेत्र बेहतर उत्पादक के रूप में उभरा है। पीवीटीजी समूह को भी पशुपालन, उद्यान, मधुमक्खी पालन के क्षेत्र से जोड़े जाने की आवश्यकता है। एसएचजी को ऋण उपलब्ध कराएं और उन्हें प्रोत्साहित करें। कृषि



विज्ञान केंद्र का बेहतर उपयोग करें। किसी एक गांव को जैविक खेती के लिए मॉडल के रूप में विकसित करें। एलडीएम को बैंकिग सुविधाएं सुगम कराने के लिए बैंक की शाखाओं के विस्तार का निर्देश दिया। आज की बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां,उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, एसडीओ सुजाता कुजूर, एलडीएम नवेन्दु कुमार, समेत अन्य उपस्थित थे।

# कॉलेज कर्मचारियों ने किया नए सचिव का स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज सड़मा छतरपुर में नए सचिव जैक बोर्ड सदस्य श्रीमती सुशीला मिश्रा का कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने भव्य तरीके से स्वागत किया। कॉलेज की नए सचिव श्रीमती सुशीला मिश्रा ने कर्मचारियों के साथ बैठक कर एक दूसरे से परिचित हुई उन्होंने कहा कि कॉलेज के कर्मचारीयो के विकास के लिए सबसे पहला कार्य किया जाएगा वहीं छात्रों की पढ़ाई के लिए भी जोर देते हुए कहा कि बच्चे के लिए हर दिन क्लास होनी चाहिए मौके पर कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य स्वस्ति कुमारी ने नए सचिव सुशीला मिश्रा को बुके के देकर सम्मानित किया



और कहां की कॉलेज एवं कर्मचारी, छात्र हित के लिए नए सचिव के साथ मिलकर बेहतर कार्य किया जाएगा। मौके पर शिक्षक प्रदीप जायसवाल, सुजीत बंपर, अर्चना कुमारी, मित्तल सिंह, रामनिवास सिंह, सुरेन्द्र कुमार उत्तम कुमार, आशा कुमारी, नेहा कुमारी, आलोक कुमार, प्रमोद ठाकुर, अखिलेश यादव, रेखा कुमारी, रामविलास यादव, सुनीता, बीरबल सहित सभी कॉलेज कर्मी शामिल थे।

# तेली समाज का मिलन सह वनभोज समारोह संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**छत्तरपुर :** रविवार नगर पंचायत छतरपुर के महिंद्रा पेट्रोल पंप के समीप करमाकला सूर्य मंदिर के पास प्रखंड स्तरीय तेली साहू समाज का मिलन समारोह एवं वन भोज कार्यक्रम एवं सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य कार्यक्रम किया गया बैठक की अध्यक्षता धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता संचालन प्रखंड स्तरीय संरक्षक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने किया बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर समाज को विकास शिक्षा जागरूकता विचार विमर्श किया गया। एवं छतरपुर प्रखंड के सभी पंचायत में पंचायत कमेटी का गठन करने के लिए गया। सभी उपस्थित सामाजिक व्यक्तियों ने निर्णय लिया की मार्च महीने में छतरपुर बाजार परिसर में होली मिलन समारोह का धूमधाम से बनाने के लिए लिया



गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता संरक्षक भारत साहू जी अजीत साहू जी उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू महामंत्री कमलेश कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष राजाराम गुप्ता सचिव चुनमून गुप्ता संतोष प्रसाद गुप्ता सचिव चंद्र मोहन गुप्ता उर्फ चंदू जी संरक्षक अजीत कुमार गुप्ता महामंत्री उमेश कुमार साव राजेश कुमार गुप्ता, सुनील प्रसाद, जोगेंद्र प्रसाद, जितेंद्र कुमार गुप्ता, खोड़ी पंचायत अध्यक्ष लोकनाथ गुप्ता, विनोद साहू, दामोदर साव पंकज कुमार रोहित कुमार, ओमप्रकाश कुमार धीरज कुमार अनिल कुमार राजू कुमार प्रेम कुमार बेचन प्रसाद सुनील कुमार सहित प्रखंड के सभी क्षेत्र से सैकड़ो समाज के बुद्धिजीवी लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

# झारखंड सरकार युवाओं का भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है : सरजू कुमार साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** पिछले दिनों 28 जनवरी को झारखंड एसएससी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के कारण परीक्षा को रद्द कर दिया गया जिससे फिर एक बार झारखंड के हजारों लाखों युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया इसको लेकर भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरजू कुमार साहू के अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर सरजु कुमार साहू ने कहा कि झारखंड सरकार युवा विरोधी है और युवाओं के भविष्य के साथ लगातार 4 वर्षों से खिलवाड़ कर रही है पिछले 4 वर्षो में झारखंड सरकार युवाओं को नौकरियां देने पर असमर्थ रही है। और कोई वैकेंसी निकालती भी है तो वह भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ जाता है।झारखंड के युवाओं को रोजगार के लिए बाहर के राज्यों में पलायन करना पड रहा है। इस दौरान ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू,भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी टिंकू महतो, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार चुन्नू, अमित कुमार बंटू, तपस्वी यादव, बबलू ठाकुर, दीपेंद्र भारती, पंडरा पंचायत मुखिया अमर महली, लक्ष्मी ठाकुर, बंधन उरांव, किशुन लोहार, आदित्य साहू एंव भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों, आंगनबाड़ी सेविका व प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों, आंगनबाड़ी सेविका व प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ बीपीओ तहमीना प्रवीण, प्रशिक्षक अखिलेश प्रसाद व अविनाश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षक अखिलेश प्रसाद ने कहा कि विद्यालय में दिव्यांग बच्चे एवं सामान्य बच्चों में बिना किसी भेद भाव के सभी को समान अवसर देते हुये उनका विकास करना ही



समावेशी शिक्षा है। कार्यशाला में उन्होंने दिव्यांगता के सभी प्रकार पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों की पहचान का सबसे अच्छा माध्यम शिक्षक ही हैं, जहां बच्चों के दैनिक कार्य कलाप से उनकी दिव्यांगता की पहचान आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अन्य दिव्यांगता की तरह एसिड हमला भी दिव्यांगता की श्रेणी में आता है दिव्यांगता तो अभिशाप है ही लेकिन जीवन में दिव्यांगता आ जाती है तो वैसे बच्चों को जीवन जीने मे कोई कठिनाई न हो इसके लिए समावेशी शिक्षा के तहत सरकार की बहुत योजनाएं है। जिससे उनके जीवन में उन्नयन किया जा सकता है। उन्होंने सभी प्रधानाध्यपक एवं विद्यालय के एक शिक्षक को प्रशस्त ऐप डाउनलोड करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐप के माध्यम से दिव्यांग बच्चों की सूची तैयार किया जाना है। प्रशिक्षण में प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, सुधीर कुमार चौबे, राजनाथ राम, सुजीत यादव, अविनाश कुमार, संजय कुमार, तस्लीमा खातुन, ममता रानी, रमेश प्रसाद, श्याम बिहारी जायसवाल, अलीम अंसारी, अनूप कुमार विश्वकर्मा, मदन राम, मुनेश्वर मेहता, नकछेदी मेहता, नीलम पांडेय, संध्या कुमारी सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# आधार दर्जन किसानों के बीच किया गया स्प्रे मशीन का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लावालौंग :** प्रखंड अंतर्गत हेडुम पंचायत में पोटम गांव के आधा दर्जन किसानों के बीच दवा छिड़काव करने वाला स्प्रे मशीन 50 प्रतिशत अनुदान राशि पर वितरण किया गया। स्प्रे मशीन कृषि एवं सहकारिता विभाग चतरा के द्वारा वितरण किया गया। ताकि स्प्रे मशीन के माध्यम से फसलों में लगने वाली कीड़े से बचाया जा सके और सही समय पर उर्वरक एवं अन्य चीजे का भी छिड़काव किया जा सके।इस दौरान कई किसान एवं किसान मित्र और प्रखंड कृषि पदाधिकारी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में किया गया बच्चियों का जांच, दी गई निशुल्क दवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों द्वारा जांच शिविर सोमवार को लगाया गया।जहां बच्चियों को निशुल्क जांच कर दवा भी दी गई। बता दे की कुल 37 बच्चियों का जांच किया गया। जिसमें सर्दी खांसी बुखार पेट दर्द की बीमारियों का भी जांच डॉ



अनुप्रिया एवं अंजली कुमारी भगत के द्वारा किया गया। और दवा भी दी गई।मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य केंद्र से नीलू कुमारी वीरेंद्र कुमार दांगी विद्यालय वार्डन बिंदु पोद्दार और बच्चियां उपस्थित थी।

# बिना भाड़ा भुगतान किए कोलियरी में ट्रक प्रवेश कराने का ट्रक मालिको ने जताया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में सोमवार को बिना भाड़ा भुगतान किये बालूमाथ साइडिंग के लिए ट्रकों का प्रवेश करा दिया गया। जिसको लेकर बालूमाथ एवं बसिया के ट्रक मालिकों ने आक्रोश जताया। और तेतरियाखांड स्थित पिट ऑफिस पहुंचकर ऐसी गाड़ियों को एमटी आउट करने की मांग किया। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ ट्रक ऑनर ऐशो. अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि पिछले दिनों बालूमाथ एवं बसिया के ट्रक मालिको





की बैठक में निर्णय लिया गया था की जिन-जिन डीओ होल्डर द्वारा ट्रक मालिको का भाड़ा भुगतान नही किया गया है ।ऐसे डीओ होल्डर के कोयला का उठाव नही करेंगे। बावजूद ऐसे डीओ होल्डर का सीसीएल की मिलीभगत से जबरन गाड़ियों का प्रवेश करा दिया गया। एक तो पहले ही कोयला रेजिंग कार्य कर रहे पीएनएम कंपनी को सीसीएल की मिलीभगत से ट्रांसपोटिंग का कार्य दे दिया गया है। जो नियम के विरुद्ध है ।वही विस्थपित नेता संजय यादव ने कहा कि सीसीएल और कंपनी दोनो मिलकर ओबी में डालने लायक कोयले को रेजिंग के नाम पर दे रही है ।ताकि पावर प्लांट को फायदा पहुंचाया जा सके ।और सेल का कोयला प्रभावित हो ।समाचार लिखे जाने तक सीसीएल मैनजर कमर फहीम आजाद एवं ट्रक मालिको के बीच वार्ता जारी थी। मौके पर सुनील पांडे, रौशन यादव, काली यादव, विकास यादव, तिवारी यादव,कृष्णा साव, तिलकधारी साव, कमलेश सिंह, नामेश्वर गुप्ता, अशोक यादव, टेकलाल तुरी, रविन्द्र साव, संजीत साव पंकज सिन्हा, दिलीप यादव,बबलू साव समेत सैकड़ो ट्रक मालिक उपस्थित थे ।

### हुसैनाबाद के चार विद्यालय को उच्च विद्यालय में किया गया उत्क्रमित

# सुदूरवर्ती इलाके के बच्चे भी माध्यमिक शिक्षा से नहीं होंगे वंचित : कमलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद के चार विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने से सुदूरवर्ती क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा घर के आस पास ही मिल जाएगी। यह बातें हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में 140 मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने के प्रस्ताव की स्वीकृति झारखंड कैबिनेट से मिली है। पलामू जिले के 9 मध्य विद्यालयों का उत्क्रमण किया गया है। जिसमे 04 विद्यालय हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के शामिल है। जिन



विद्यालयों को उत्क्रमित किया गया है, उसमे मध्य विद्यालय डेहरी, मध्य विद्यालय पथरा, मध्य विद्यालय दंगवार व मध्य विद्यालय बिहरा शामिल है। उन्होंने बताया की पूर्व में भी सभी क्षेत्र के विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कराया जा चुका है। इस माह चार और विद्यालयों के उत्क्रमित होने से संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र को लाभ मिल सकेगा। श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सड़क के मामले में हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र राज्य के अन्य विधानसभा क्षेत्रों से काफी बेहतर है। इस दिशा में लगातार कार्य कराया जा रहा है। आने वाले दिनों में शिक्षा स्वास्थ्य व सड़क के मामले में हुसैनाबाद और विकसित होगा। सभी प्रखंडों में बालिका आवासीय विद्यालय, जपला के झरहा में कालेज के निर्मित भवन में पठन पाठन शुरू कराने में वह जुटे हैं। जल्द ही सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतिम प्रकाशन के संबंध में सोमवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई.बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने एसएसआर 2024 में प्रपत्र 6 के माध्यम से जिले में जुड़े कुल मतदाताओं की संख्या,पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या के साथ ही प्रपत्र 7 के माध्यम से विलोपन, व प्रपत्र 8 के तहत स्थानांतरण/संशोधन आदि कार्यों से अवगत कराया साथ ही बैठक में मौजूद सभी दलों के



प्रतिनिधियों को पांच विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची की एक-एक प्रति हार्ड कॉपी भी उपलब्ध करवाया गया। इसके अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बैठक में मौजूद सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से कहा कि अगर उन्हें लगता है कि इस सूची में किसी योग्य व्यक्ति का नाम छूट गया है तो वे अपने स्तर से भी उस व्यक्ति का नाम सूची में जुड़वाना का कार्य करें.यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी.मौके पर मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पश्चात पलामू में कुल 16,93,169 मतदाता-जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पश्चात पलामू में कुल 16,93,169 मतदाता है.इनमें 8,77,713 पुरुष, 8,15,451 महिला व 5 ट्रान्स जेंडर मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पांकी विधानसभा में कुल 3,18,266, डालटनगंज में 3,94,065 इसी तरह विश्रामपुर में 3,52,109 मतदाता है। वहीं छत्तरपुर में कुल मतदाताओं की संख्या 3,13,963 है। वहीं हुसैनाबाद में 3,14,766 मतदाता है। इस मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के दौरान *18 से 19 वर्ष के आयु के कुल 23,601 मतदाता जोड़े गये हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एचईसी कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**रांची।** सोमवार को लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे एच ई सी कर्मियों ने धुर्वा में बंद बुलाया गया था। इस बंद का आह्वान एच ई सी कर्मियों द्वारा बकाये वेतन को लेकर किया गया था। गुस्साये आक्रोशित कर्मियों ने सड़क पर उतर आये। वहीं इलाके में खुली सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों को बंद कराने में जुट गये। इस दौरान पुलिस द्वारा उन्हें रोका गया। पुलिस और समर्थकों के बीच नोक-झोंक भी हुई। बंद समर्थकों ने एच ई सी के तीनों प्लांट के कार्यों को बाधित कर दिया। बाद में मौके पर पहुंचे सीनियर अधिकारियों ने उन्हें समझा-बुझाकर लौटाया गया। उनका कहना था कि उन्हें बीते पौने दो साल से वेतन नहीं मिला है। उनकी मांगे नहीं मानी गई तो कर्मचारी उग्र आंदोलन करने को मजबूर हो जायेंगे।इस मौके पर एच सी के सभी कर्मचारियों ने घंटों तक प्रदर्शन किए।

### शिक्षा सचिव के प्रभार से मुक्त किए गए के. रवि कुमार

**रांची** : राज्य सरकार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार को सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है। इसका आदेश कार्मिक विभाग ने सोमवार को जारी कर दिया है। रवि कुमार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के पद पर पदस्थापित हैं। उन्हें शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। इसके साथ ही कई अन्य आईएएस अधिकारियों को बदलने की तैयारी है।




# जनता द्वारा चुने गए आदिवासी मुख्यमंत्री को पचा नहीं पा रही केंद्र सरकार: झामुमो




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित शांतिनिकेतन आवास में ईडी की टीम पहुंचने के बाद पूरे झारखंड में खलबली मच गई है। खास करके झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता ,विधायक कार्यकर्ता गण सड़क पर उतर आए। कार्यकर्ताओं के आक्रोश को देखते हुए डीजीपी अजय सिंह और मुख्य सचिव एल ख्यगंते ने सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए जाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री आवास, राजभवन सहित सभी केंद्र सरकार के उपक्रम संस्थानों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है । कार्यकर्ताओं का कहना है कि आदिवासी की चुनी हुई सरकार को केंद्र सरकार न सिर्फ परेशान कर रही है बल्कि सरकार गिराने के लिए हर तरह का षंडयंत्र रच रही है। ईडी हो या फिर केंद्र शासित एजेंसियां सब राज्य सरकार को हर तरह से परेशान कर रही है । लोकपाल के माध्यम से दिशुम गुरु शिबू सोरेन को कुछ सालों तक परेशान किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को खरीज कर दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी लीज मामले में हाई कोर्ट से क्लीन चिट मिल गई । इसके बाद भी ईडी के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान किया जा रहा है। सभी कार्यकर्ता मोराबादी से निकलकर राजभवन की तरफ बढ़े । पुलिस प्रशासन भी उसके साथ में लगी रही। इन लोगों का प्रदर्शन खबर लिखे जाने तक जारी रहा ।

**हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहां है ?**

वहीं कुछ झामुमो कार्यकर्ताओं का यह भी कहना था कि हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहां है ? इसका जवाब केंद्र सरकार और ईडी को देना चाहिए। अभी तक उनका कोई पता नहीं चल पा रहा है , कि हमारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया गया है यह हमारे मुख्यमंत्री को लापता कर दिया गया है। इस विरोध प्रदर्शन में रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, केन्द्रीय सदस्य समनुर , अफरोज , जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, अश्विनी शर्मा, बीरु साहू, कलाम आज़ाद, संयुक्त सचिव आदिल इमाम, सुजीत उपाध्याय, सुकुआ महतो, जिला प्रवक्ता अरविन्द सिंह देवल, डा तालकेश्वर महतो, आफताब आलम, अरुण वर्मा, मंटू लाला, अफरोज आलम, संजय राय, कैथरीना तिर्की, विश्वजीत भट्टाचार्य, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नयनतारा उरांव, उपाध्यक्ष राखी देवी, कोषाध्यक्ष उषा उरांव, महानगर अध्यक्ष संध्या गुड़िया, उपाध्यक्ष संध्या देवी, युवा मोर्चा सचिव सोनू मुंडा, संगठन सचिव रमजान रजा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष परवेज आलम, कोषाध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा, कयूम अंसारी, परविंदर नामधारी, सोहेल खान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष झब्बूलाल महतो, सचिव सज्जाद अंसारी, अजय वर्मा, गुलाम रब्बानी, राजेश सिंह, मो साजिद, लक्ष्मण राम, साहिल यादव, मंटू पांडे, नंदकिशोर सिंह चंदेल, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, सबीबुल रहमान, अख़्तर मंसूरी, फिरोज, हरीश कुमार, मुसरत परवीन, हुस्ना खातून, राकेश वर्मा, वसीम राबिया खान, नौशाद आलम सहित सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते दिखे।

# चुनाव प्रभारी, संयोजक एवं सह संयोजकों की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पार्टी के नव नियुक्त लोकसभा प्रभारी, संयोजक एवं सह संयोजकों की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी द्वारा घोषित लोकसभा प्रभारी, संयोजक एवं सह संयोजकों की टीम एक अनुभवी टीम है। यह सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी टीम है, जिसके पास अनुभव है और समर्पण है। यह टीम युवाओं की ऊर्जा से भी परिपूर्ण है। मरांडी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। उन्होंने कहा कि यह टीम राज्य की जनता और कार्यकर्ताओं के समर्पण और समर्थन से 14 लोकसभा सीट पर जीत दिलाएगी।

### जनता तीसरी बार मोदी सरकार के लिए संकल्पित : कर्मवीर

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि जनता तीसरी बार मोदी सरकार के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि यह टीम जन समर्थन का संयोजन करेगी और रिकॉर्ड सफलता हासिल करेगी। मोदी की गारंटी पर जनता को विश्वास है भरोसा है।

# भोला सिंह एफआईएच हॉकी के ओमान टूर पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भारतीय हॉकी के महासचिव और झारखंड हॉकी के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह एफआईएच हॉकी के ओमान टूर पर हैं। भोला सिंह ने बताया है कि एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप, ओमान 2024 मस्कट हमारे मित्र पाकिस्तान के जी जी के दोनों भतीजे जो पाकिस्तान हांकी टीम से खेलते हैं एवं पाकिस्तान हांकी के कप्तान एवं खिलाड़ियों एवं जी जी के साथ ओमान में हैं।

# राजभवन समेत सभी केंद्र सरकार के कार्यालयों के पास सुरक्षा बढ़ाई गई : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर सुबह ईडी की टीम पहुंची। इस खबर के बाद अचानक रांची में मुख्यमंत्री आवास, राजभवन और भाजपा कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के के कार्यकर्ताओं ने मोराहबादी मैदान में जमा हुए और फिर राजभवन की ओर विरोध प्रदर्शन करते हुए बढ़ने लगे। सिटी एसपी, डीएसपी, पुलिसकर्मी सभी रोकने का की कोशिश की लेकिन कार्यकर्ता गण आगे बढ़ते रहे। वहीं इन कार्यकर्ताओं को देखते हुए उपायुक्त राहुल सिन्हा ने भी शहर के कई हिस्सों में सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया है। जिसमें हॉट लिप्स चौक के पास सिटी एसपी,एसडीएम,सिटी डीएसपी, कोतवाली डीएसपी सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

इस मौके पर रांची उपायुक्त ने कहा कि विधि व्यवस्था के मद्देनजर रांची के 30 विभिन्न स्थानों पर पुलिस और मजिस्ट्रेट की तैनात किया गया है ।

स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए उन्होंने ने कहा की मोरहाबादी, हॉट लिप्स चौक, समेत राज्य भवन के सभी गेटों पर और भारत सरकार के उपक्रम के पास भी पुलिस की नियुक्ति की गई है।

# जेएसएससी परीक्षा पेपर लीक की उच्चस्तरीय जांच हो : ओम वर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश सचिव ओम वर्मा ने कहा कि 8 वर्षो से चली आ रही नियुक्ति प्रक्रिया सिर्फ 8 घंटे में रद्द होना अति दुर्भगाय की बात है, सरकार द्वारा आयोजित की गई परीक्षा पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त दिखाई पड़ रही है उन्होंने कहा की झारखंड सरकार तुरंत ही इस एजेंसी से संबंधित सभी 28 सहित आगामी 4 तारीख को होने वाले परीक्षा को रद्द और स्थिगित करे और ये पहले जांच करे की कैसे पेपर लीक हुई अन्यथा आगामी 4 को होने वाली परीक्षा पेपर लीक होने की प्रबल संभावना है। एजेंसी ने छात्र छात्रा के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है एजेंसी के द्वारा पैसा लेकर पेपर लीक किया गया है सरकार एवम आयोग द्वारा समुचित करवाई करते हुवे जो भी दोषी हो एजेंसी या कोई भी उसको कड़ी से कड़ी सजा होनी चाइए और भविष्य में ऐसा पुनः नही होने इसलिए एजेंसी को चेंज किया जाय । पूरे राज्य के छात्र इस परीक्षा की तेयारी को लेकर अपने बदहाली हालत में भी कितने समय से लगे हुवे थे परंतु इस परीक्षा की पेपर लीक की बाते सामने आने से राज्य के युवा के साथ धोखा हुवा है आगामी परीक्षा को सही तरीके से कराने की की जिम्मेदारी राज्य सरकार सहित आयोग की है आजसू सरकार से मांग करती है की इस परिक्षा पेपर लीक की उच्च स्तरीय जांच की जाए एवं दोषी को उच्च करवाई हो तथा फिर से परीक्षा आयोजित की जाए।

# भाजपा नेता कुणाल षाडंगी को मिला अंतरराष्ट्रीय यूथ आइकॉन अवार्ड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व विधायक और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी अमेरिका के शिकागो में अंतरराष्ट्रीय यूथ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित हुए। शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय और अनुकरणीय योगदान के लिए कुणाल षाडंगी को यह सम्मान मिला है। शिकागो के मैट्रिक्स क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में भारतीय दूतावास में भारत के राजदूत कंसोलेट जनरल सोमनाथ घोष ने यह सम्मान उन्हें प्रदान किया। मौके पर फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन के चेयरमैन सुनील शाह, अध्यक्ष प्रतिभा जयरथ एवं विनीता गुलाबनी सहित अन्य मौजूद थे। समारोह में शिकागो शहर में रहने वाले सैकड़ों प्रबुद्ध भारतीय उपस्थित थे। मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली उपलब्धि हासिल करने वाले भारतीय मूल के वैज्ञानिकों, डॉक्टरों, खिलाड़ियों, संगीतकारों और कई अन्य विधा में प्रसिद्धि और उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के कई लोगों को सम्मानित किया गया।विभिन्न देशों में रह रहे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप भी प्रदान की गई। कुणाल षाडंगी ने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि आने वाले समय में युवाओं की सहभागिता अमेरिका की राजनीति में भी बढ़ेगी।

# केदार कानन की नई संस्मरण पुस्तक ओ दिन ओ राति का हुआ लोकार्पण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर सोमवार को मैथिली के वरिष्ठ रचनाकार केदार कानन की नई संस्मरण पुस्तक ओ दिन ओ राति का लोकार्पण किया गया। मौके पर सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ महेंद्र ने कहा कि कवि-कथाकार केदार कानन ने संपादन के क्षेत्र में अपनी दूरदृष्टि का तो परिचय दिया ही है, संस्मरण विधा को भी अपनी रचनात्नमकता से नई ऊंचाई प्रदान की है, जिसे मैथिली साहित्य के इतिहास में शिलालेख की तरह लिखा जाएगा। सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं रांची दूरदर्शन के पूर्व निदेशक डॉ प्रमोद कुमार झा ने कहा कि आम तौर पर संस्मरणकार दिवंगत रचनाकारों और अपने से वरिष्ठ रचनाकारों के बारे में ही संस्मरण लिखते हैं, लेकिन केदार कानन के यहां इस तरह की रूढ़ धारणा नहीं है। उन्होंने दिवंगत एवं वरिष्ठ रचनाकारों के साथ-साथ जीवित एवं अपने कनिष्ठ रचनाकारों पर भी संस्मरण लिखा है, जो उनकी रचनात्मक उदारता का परिचायक है। सुप्रसिद्ध साहित्यकार और अध्यापक डॉ नरेंद्र ने कहा कि अमूमन संस्मरण विधा की पुस्तकें हाशिये पर रख दी जाती हैं, लेकिन हाल के वर्षों में संस्मरण विधा ने अन्य साहित्य की तरह मैथिली साहित्य में केंद्रीय स्थान ग्रहण किया है, तो इसका श्रेय केदार कानन जैसे उत्कृष्ट संस्मरणकारों के लेखन को जाता है। इस तरह की विलक्षण पुस्तक के लिए मैं केदार कानन को बहुत बहुत बधाई देता हूं और उनके सतत रचनाशील सक्रिय जीवन की कामना करता हूं। मौके पर राजकुमार मिश्र, कथाकार अमरनाथ झा सहित अन्य ने भी अपने-अपने विचार रखें।

# मुख्यमंत्री जब डर नहीं रहे तो फिर क्यों भागे फिर रहे : आदित्य साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि झामुमो अपराधी और न्यायाधीश दोनों की भाषा बोल रहा। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि आखिर मुख्यमंत्री भागे-भागे क्यों फिर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब झामुमो यह मानती है कि ईडी ने मुख्यमंत्री से जो सवाल पूछे उसका पूरी तरह मुख्यमंत्री ने सामना किया और जवाब भी दिया तो फिर आगे के सवालों से भागने की क्या जरूरत है? उन्होंने कहा कि क्यों मार्च तक के समय की कमी बताई जा रही थी।

मुख्यमंत्री को तो राज्य के हालात और जनता की अपेक्षाओं को देखते हुए अविलंब ईडी प्रकरण पर विराम लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की संवैधानिक व्यवस्था के तहत ही ईडी अपनी कार्रवाई कर रही है। ऐसे में ईडी को गाली देना, उसके खिलाफ धरना, प्रदर्शन करके झामुमो खुद असंवैधानिक कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो मानसिक दिवालियापन का शिकार है। पूछताछ के लिए तैयार रहने की बात भी करते हैं और फिर पूछताछ को गैर वाजिब और असंवैधानिक भी ठहराते हैं।

उन्होंने कहा कि घर पर पूछताछ के लिए भी बुलाते हैं और बाहर कार्यकर्ताओं से हथियार लेकर प्रदर्शन भी कराते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को उनके अपॉइंटमेंट की जरूरत नहीं। झामुमो सिर्फ इतना करे कि ईडी का अपॉइंटमेंट फिक्स करा कर पूछताछ की प्रक्रिया को पूरा करा दे, इसी में राज्य का भला होने वाला है।

# अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की रैली 25 फरवरी को

**रांची :** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की रैली 25 फरवरी को हरमू मैदान में आयोजित की जाएगी। रैली को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। प्रदेश के महामंत्री संजय चौधरी ने सोमवार को बताया कि झारखंड में 70 प्रतिशत वैश्य समाज के वोटर हैं और अभी तक उनका हक और अधिकार नहीं मिला है।

# प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से मिलेगी बच्चों को तनाव से मुक्ति : राज्यपाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से बच्चों को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से मुक्त होने में काफी मदद मिलेगी। उनके सम्बोधन से शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी संदेश मिला है कि परीक्षा के दौरान बच्चों से कैसा व्यवहार करना चाहिए। राज्यपाल सोमवार को राज भवन में बच्चों और शिक्षकों के साथ दूरदर्शन पर प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पे चर्चा 2024' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण को देखने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में तनाव सभी को है। आप सोच-सोचकर तनावग्रस्त होंगे, तो इससे भी तनाव होगा। तनाव को दूर करने के लिए हमें अपनी दिनचर्या का प्रभावी ढ़ंग से पालन करना होगा। हमारे पास दिन के 24 घंटे होते हैं। आठ घंटे के नींद के बाद 16 घंटे बचते हैं, जिसमें हम अच्छे ढंग से पड़ सकते हैं, खेल सकते हैं एवं अन्य रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। हमें आज का काम आज ही करना चाहिए, कल पर नहीं छोड़ना चाहिए। इससे तनावग्रस्त होने से बचेंगे। राज्यपाल ने कहा कि अपने पाठ को गहराई से समझने की कोशिश करे। एक बार में पाठ समझ में न आए तो उसे बार-बार पढे एवं पढ़ने के पश्चात लिखना आवश्यक है। लिखने के दौरान आप अपनी त्रुटि से अवगत होंगे, जिसे दूर करने से आपका आत्मविश्वास बड़ेगा। रटकर सफलता हासिल नहीं की जा सकती है। परीक्षा के दौरान आपके पूर्व में किया गया मेहनत ही काम में आएगा।

# ईडी को सभी जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे सीएम : भट्टाचार्य




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झामुमो केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों को बताया कि 31 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची में होंगे। ईडी को सभी जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि 20 जनवरी को सहायक आयुक्त के नेतृत्व में ईडी की सात सदस्यीय टीम कुछ जानकारियों के लिए मुख्यमंत्री आवास आयी थी। करीब 17-18 सवाल मुख्यमंत्री से किए थे। हालांकि पूर्व में जो समन उन्हें जारी किया था, उसमें पीएमएलए की धारा 50 के तहत यह नहीं आता। बड़गाई अंचल की जमीन के बारे में पूछा गया था। इसका पता पूर्व में लगाया था तो यह बात सामने आयी थी कि यह तो भुईहरी प्रवृत्ति की जमीन है जिसकी खरीद बिक्री संभव नहीं। इस पूछताछ के बाद भी मुख्यमंत्री को 31 जनवरी तक कुछ बिंदुओं पर जानकारी के लिए ईडी की ओर से कहा गया। इसमें दिक्कत नहीं है, जो भी जानकारी चाहिये, दी जायेगी।अभी मुख्यमंत्री निजी काम से दिल्ली गये हुए हैं। वे वापस लौटेंगे जरूर। पिछली बार की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री ने 31 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास में एक बजे आने और जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही है। भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग के पास लोक प्रतिनिधियों से संबंधित सारी जानकारियां रहती हैं। पर ईडी उसे आधार नहीं बना रही। सोहराय भवन, रांची के अलावा 2018-2022 की अवधि में हुए ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड भी मांगा गया था। यह भवन मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन के नाम पर है। जब कहीं से कोई चीज नहीं बनी तो राजनीतिक इशारे पर मुख्यमंत्री को परेशान करने का खेल चल रहा। 9 फरवरी से वित्तीय वर्ष 2024-25 का विधानसभा का बजट सत्र तय है। अभी ऐसे में ईडी के स्तर से पूछताछ के लिए इस तरह से किया जाना गैर वाजिब है। दूसरा संवैधानिक प्रक्रियाओं के निर्वहन में भी इससे सरकार को दिक्कत होती है। राज्यपाल की अपनी सीमाएं होती हैं इसका भी ध्यान रखना चाहिए।

झारखण्ड सरकार
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग
सूचना
झारखंड सरकार, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों एवं आम जनों को सूचित किया जाता है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी (शहीद दिवस) को पूर्वाह्न 11.00 बजे दो मिनट का मौन रखा जाए तथा राष्ट्रीय एकता के संबंध में भाषण एवं वार्ताएं आयोजित की जाएं।
PR NO-317301 (IPRD) 23-24

## बीडीओ ने हरिहरपुर जामटोली पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं का निरीक्षण किया



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत के हरहंजी, जहानाबाज, टिकराटोली, चेनेया टोली गांव में बने नये आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निरीक्षण किया। वहीं बिरसा कुप सिंचाई योजना से बने कुआं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण से संबंधित अवश्यक निर्देश दिये। बीडीओ संग्राम मुर्मू के साथ एई पुरूषोत्म पटेल व मीर मुस्लीम उपस्थित थे।

## आग लगने से लाखों के नुकसान



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: छोटा मुरी बजार के समीप रविवार की देर शाम 8:30 बजे के लगभग नेपाल महतो उम्र 70 वर्ष के घर मे आग लग गई जिससे घर मे रखे सारा समान जल कर राख हो गया। वहाँ के लोगों द्वारा पानी डाल कर आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग की लपटें काफी तेज थी। इसकी सुचना हिंडाल्को दमकल विभाग को दिया गया। जिसके बाद दमकल टीम ने आकर काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। तब तक घर मे रखा सभी समान के साथ कुछ जरुरी कागजात भी जल कर राख हो गया। घटना के वक्त दोनों बजार मे सब्जी बेच रहे थे। जानकारी के अनुसार नेपाल महतो एवं उसकी पत्नी दोनों छोटा मुरी बजार मे सब्जी बेचते है और अपना भरणपोषण करते है दोनों अपना खपड़ैल के कच्चा मकान मे रहते है। उनको आवास का भी लाभ नहीं मिला है। नेपाल महतो ने बताया की आग लगने से हमारा लाखों का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## माइका वर्कर्स यूनियन की बैठक

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: माइका वर्कर्स यूनियन की बैठक में यूनियन ने आरोप लगाया है कि झारखंड सरकार की ढिबरा पॉलिसी भाजपा के षडयंत्र का शिकार हो गई है। लिथियम की खोज के बहाने ढिबरा के काम को केंद्र सरकार के अधीन परमाणु ऊर्जा विभाग ने एक साल से रोक रखा है जब कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 17 जनवरी, 2023 को ही नई नियमावली के तहत विधिवत उद्घाटन कर चुके हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग की हठधर्मिता के कारण लाखों ढिबरा मजदूर भूख से तड़प रहे हैं। केंद्र में कोडरमा की जन प्रतिनिधि भाजपा की ही हैं पर उन्हें कोई चिंता नहीं है। यूनियन की कोडरमा जिला इकाई की संपन्न बैठक में प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि केंद्र और राज्य सरकार अविलंब नियमावली के तहत ढिबरा का काम शुरू करवाए ताकि अभ्रक क्षेत्र की आर्थिक बदहाली दूर हो सके।सरस कुमार बबलू की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रस्ताव पारित कर केंद्रीय ट्रेड यूनियन सीटू के जिला सम्मेलन में बढ़ चढ़ कर शामिल होने का निर्णय लिया गया। संयोजक महेंद्र तुरी द्वारा संगठन की गतिविधियों पर प्रस्तुत रिपोर्ट को पारित किया गया। सीटू के पूर्व केंद्रीय महासचिव और कई बार सांसद रहे कॉमरेड वासुदेव आचार्य के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति, महेंद्र तुरी, टेकलाल दास, भिखारी तुरी, मोहम्मद गयासुद्दीन , सुभाष तुरी, सोनू बहादुर, भोला तुरी, सविता देवी और यशोदा देवी उपस्थित थे।

## खनन टास्क फोर्स की बैठक

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की आहूत बैठक में ढिबरा एवं ब्लू स्टोन के अवैध खनन एवं परिचालन पर सख्ती से रोक लगाने हेतु खनन टास्क फ़ोर्स, सभी अंचल अधिकारी, सभी वन क्षेत्र पदाधिकारी एवं सभी थाना/ओपी प्रभारी को कड़ी करवाई करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध उत्खनन को रोकने के लिए साप्ताहिक सेकंड जांच अभियान चलाएं और खनन टास्क फोर्स को जिले के विभिन्न स्थलों पर औचक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला के विभिन्न स्थलों से अवैध ढिबरा लदे वाहन जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई कर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया। खनन टास्क फोर्स, सभी अंचल अधिकारी, सभी वन क्षेत्र पदाधिकारी एवं सभी थाना/ओपी प्रभारी द्वारा की गई कारवाई से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला वन प्रमण्डल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, खनन टास्क फोर्स के सदस्य एवं अन्य उपस्थित रहे।

## भौगोलिक पदचिह्न का लगातार विस्तार करना है : रमेश कल्याणरमन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कल्याण ज्वेलर्स ने पूर्णिया में अपना नया शोरूम लॉन्च किया है. पंचमुखी मंदिर, नवरतन हट्टा लेन बाजार रोड के पास स्थित नया और शानदार शोरूम, बिहार में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करता है, जिसमें विभिन्न संग्रहों से डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। बिहार राज्य में यह कंपनी का 13वां शोरूम है। शोरूम के लॉन्च के उपलक्ष्य में, कल्याण ज्वैलर्स एक अनोखा प्रमोशन दे रहा है, आभूषण ब्रांड ने रुपये तक की घोषणा की है। रुपये की हर खरीदारी पर 5000 रुपये का कैशबैक। 50,000. यह ऑफर न्यूनतम खरीद मूल्य रुपये पर लागू है। 1 लाख*. नए शोरूम के बारे में बात करते हुए, कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक, श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, इस लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य बिहार राज्य में अपने भौगोलिक पदचिह्न का लगातार विस्तार करना है और सर्वश्रेष्ठ खरीदारी अनुभव प्रदान करना जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## उपायुक्त ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, हिट एंड रन मामले समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा समिति, नगर निकाय और थाना से संयुक्त टीम बनाकर बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों का नियमित सघन जांच करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रेशर हॉर्न पर नियमित कार्रवाई करें। उपायुक्त ने सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्ति की ससमय ईलाज हेतु चंदवारा प्रखंड में ट्रॉमा सेंटर विकसित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त हिट एंड रन से संबंधित मामले का निस्तारण करते हुए राशि भुगतान करने के निर्देश दिए। ब्लैक स्पॉट से संबंधित कार्यों के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना जरूरी है इसके लिए नियमित रूप से सड़क सुरक्षा अभियान विद्यालय/महाविद्यालय, सभी थाना एवं सार्वजनिक स्थलों पर चलाएं। घायलों को मदद करने के लिए जगह जगह पर गुड सेमेरिटन के पोस्टर लगायें। उन्होंने कहा कि सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्तियो को मदद करने अस्पताल पहुंचाने वाले नेक नागरिक को राज्य सरकार के प्राप्त मार्गदर्शन पर 2000 की सम्मान राशि ऑन स्पॉट उपलब्ध करायेंगे।

## 4 परिवारों ने एक मस्जिद निर्माण के लिए अपनी निजी जमीन को किया दान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत करगे पंचायत के ग्राम बहेराटोली में रविवार को एक नई मस्जिद की बुनियाद रखी गई। इस अवसर पर गांव के मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। वहीं उपस्थित पंचायत के पंचायत समिति यूनुस अंसारी ने बताया कि गाँव में आज जिस जमीन में मस्जिद की बुनियाद रखी गयी है इस नेक कार्य में हाजी लियाकत अंसारी, सरफूल अंसारी, हाजी सखावत अंसारी और हाजी अजमत अंसारी के आपसी रजामंदी में गांव में नई मस्जिद निर्माण के लिए अपना निजी जमीन को मस्जिद के नाम पर दान कर दिया। इनकी दरियादिली और नेक नियत को अल्लाह पाक कुबूल फरमाए। इस दौरान पूरे गांव में खुशी की माहौल देखी गई। गाँव के सभी लोग बढ़-चढ़ का हिस्सा लिया। समाजसेवी गुलजार अंसारी ने कहा कि इस तरह के नेक काम होने से ही कामयाबी मिलेगी। और नेक कार्य करने के लिए हमें एक



दूसरे के साथ मिलजुलकर सहयोग करना होगा। मस्जिद तो इबादत की जगह होती है। इसमें सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। मौके पर यूनुस अंसारी, गुलजार अंसारी, मोजाहिद अंसारी, नसीम अंसारी, नेसार पप्पू अहमद, सरफराज अंसारी, हाजी रशिद सहित गाँव के बच्चे बुजुर्ग मौजूद थे।

## विधायक प्रतिनिधि ने तमाड़ में चार सड़कों का शिलान्यास किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के सूदूरवर्ती गांवों में ग्रामीण कार्य विभाग के तहत मुख्यमंत्री सड़क योजना अंतर्गत चार महत्वपूर्ण सड़कों विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो की अगुवाई में विधिवत नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया गया।पहली सड़क का सृदृढ़ीकरण कार्य मानकीड़ीह से कोठाड़ीह तक 2.010 किलोमीटर लम्बाई होगी और लागत 103.868 लाख रुपए होगी,दुसरी सड़क का सृदृढ़ीकरण कार्य पारासी से गुमानड़ीह तमाड़ ब्लॉक बाउंड्री तक किया जाएगा



जिसकी लम्बाई 7 किलोमीटर लागत 324.487 लाख रुपए होगी,तीसरी सड़क का सृदृढ़ीकरण कार्य बघई पुलिस पिकेट से झुरड़ीह तक किया जाएगा जिसकी लम्बाई 1.50 किलोमीटर लागत 127.968 लाख रुपए होगी वहीं चौथी सड़क निर्माण कार्य बघई मानकीड़ीह से पीएमजीएसवाई सड़क से पारमड़ीह तक किया जाएगा जिसकी लम्बाई 1.50 किलोमीटर लागत 132.254 किलोमीटर रूपए होगी। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप जिला परिषद सदस्य विजय सिंह मानकी,प्रमुख अजय मुंडा, मुखिया कमलेश मुंडा,मुखिया विश्वनाथ सिंह मुंडा,गीरीश मुंडा, मुन्ना महतो सहित सैकड़ों झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पुंडीदीरी गांव के आसपास 18 एकड़ में लगी फसल को पुलिस ने नष्ट किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र में लगभग 18 एकड़ में लगी अवैध अफीम (पोस्ते) की खेती को एस0एस0बी और पुलिस ने नष्ट किया।तमाड़ थाना क्षेत्र के पुण्डीडिरी गांव के आसपास के जंगली इलाके में अभियान चलाकर एस0एस0बी 26 वी वाहिनी के ÷जी÷ कम्पनी तमाड़ एवं तमाड़ पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चलाकर लगभग 18



एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया।

इस अभियान में श्री अजीत कुमार उपाध्याय(सहायक कमाडेंट) जी कम्पनी स्स्क्र तमाड़ के साथ सहायक उप निरीक्षक वाग्नू वांगरोई, पूजन खवास मुख्य आरक्षी हेमंता कुमार दत्ता एवम अन्य जवान और तमाड़ थाना के उपनिरीक्षक गणेश चौरे इस अभियान में शामिल थे। अभियान के पश्चात् मोहदय ने बताया कि नशीली बस्तुओ का खेती हमारे आपने युवाओं को एक अंधकार जीवन और अग्रसित कर रहा है, जिस कारण हम आगे भी इस तरह की अभियान करते रहेंगे ताकि युवाओं को नशे से दूर किया जा सके।

## बचरा हाई स्कूल के बच्चो ने सुना पीएम की मन की बात परीक्षा पर चर्चा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के बचरा हाई स्कुल के छात्र छात्राओ ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा मन की बात परीक्षा पर चर्चा को सुना और लाईव प्रसारण देखा।बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी की अध्यक्षता मे स्कूल के सभी मैट्रीक एवं बारहवीं के छात्र छात्राओ ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टीवी पर देखा।इस संबंध मे मुखिया रीना देवी ने बताया कि परीक्षा से पूर्व देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के स्कूली बच्चों को परीक्षा पर चर्चा के माध्यम से कई महत्वपूर्ण जानकारी और संदेश दिया है।बच्चों को परीक्षा से पूर्व मनोबल बढ़ाने के लिए इस तरह का आयोजन काफी सराहनीय है।परीक्षा से पूर्व इस तरह का संदेश और जानकारी बच्चों का मनोबल बढ़ाने का काम करेगा।वही परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को बच्चों ने ध्यानपूर्वक सुनकर कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।परीक्षा के पूर्व इस तरह के आयोजन से बच्चों को तनाव और दबाव से मुक्ति मिलेगी।इस अवसर पर मुखिया रीना देवी,स्कुल के प्रधानाध्यपक महेन्द्र पासवान,शिक्षक अभिषेक कुमार,चन्दन कुमार, अभिभावक शालीग्राम सिंह,दिनेश कुमार मेहता सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे उपस्थित थे।

## बचरा सपही नदी मे यदुवंशी समाज पिपरवार का वनभोज सह मिलन समारोह हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा सपही नदी तट पर यदुवंशी समाज के द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के समाज से जुड़े सैकड़ो महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए।कार्यक्रम मे समाज से जुड़ी कई बातों पर विचार विमर्श करते हुए समाज के विकास और उत्थान पर चर्चा की गई।शिक्षा पर बल देते हुए समाज के बच्चों को शिक्षित करने, नशापान पर रोक लगाने, समाज के लोगो को उनके हक और अधिकार के प्रति जागरूक करके सहित कई बातों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान समाज से जुड़े सभी



लोगों को एक मंच पर आकर एकजुट होने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में मौजूद बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर एके यादव ने समाज को मजबूत बनाने को लेकर कई प्रकार की जानकारी दी।अंत मे सभी लोग एक साथ बैठकर सामुहिक भोज का आनन्द उठाया।इस मौके पर भीम सिंह यादव,कृष्णा यादव,मन्टु यादव,रामबच्चन यादव,रामू गोप,रविन्द्र सिंह,संतोष यादव,डॉ किशोर यादव,उमेश यादव,सत्येन्द्र यादव,बिरेन्द्र यादव,उमा यादव,प्रेम यादव, सुशील यादव,मधु यादव, जितेन्द्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## दोस्ताना क्रिकेट मैच में व्यावसायिक संघ ने बजरंग दल को किया पराजित



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में व्यावसायिक संघ बचरा बनाम बजरंग दल के बीच दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।इस मैच में व्यावसायिक संघ बचरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 120 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।जवाबी पारी खेलने उतरी बजरंग दल की पूरी टीम मात्र 48 रन बनाकर ऑलआउट हो गई और व्यावसायिक संघ बचरा ने यह मैच 72 रनों से जीत लिया।इस मौके पर व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष सुनील प्रसाद,सचिव रविंद्र कुमार सिंह,एसबी सिंह, दिलिप अम्बष्ट,मुरारी प्रसाद, मंटु यादव,कृष कुमार,सतेंद्र प्रसाद,विनय सिंह,मिंटू आलम,आशु कुमार,मुकेश राणा,खुर्शीद खान,लक्ष्मण कुमार मंडल,दीपक केशरी, पप्पू सोनी,नवीन साव,राजा कुमार,मुरारी कुमार,मुकेश कुमार,ओम कुमार सहित कई लोग मौजुद थे।इस मैच मे व्यावसायिक संघ की ओर से बल्लेबाजी में 28 रन बनाने और गेंदबाजी में चार विकेट लेने वाले कृष कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। अतिथियों के द्वारा विजेता टीम व्यावसायिक संघ और उपविजेता टीम बजरंग दल को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमिटी की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, खूँटी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमिटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने जिला आइकॉन सहित स्वीप कोषांग के अधिकारी को चुनाव के कार्यो का सफल संचालन में अपनी-अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में विद्यालयों में गठित ईएलसी क्लबों की संख्या अद्यतन करने, विद्यालयों में आयोजित



ईएलसी गतिविधियों में भाग लेने, ईएलसी को सक्रिय बनाने हेतु आवश्यक सुझाव साझा किया गया। साथ ही स्वीप कैलेन्डर के अनुसार आयोजित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी, मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक एवं सशक्त बनाने,विद्यालयों में गठित ईएलसी क्लब की बैठक आयोजित कराने, ई-विद्या वाहिनी अपंजीकृत योग्य छात्र/छात्राओं का पंजीकरण, प्रीफिल्ड फॉर्म 6 की अद्यतन स्थिति से अवगत कराने , ईएलसी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता, निर्धारित तिथियों को स्वीप कार्यक्रम आयोजित कराने, दिव्यांग मतदाताओं का मैपिंग कराने, प्रखण्डवार/कोटिवार दिव्यांग मतदाताओं की सूची प्राप्त करना, दिव्यांगो के लिए ब्रेल लिपि की उपलब्धता सुनिश्चित करना, दिव्यांग मतदाताओं का मतदान के दिन के लिए ट्रान्सपोर्टेशन प्लान तैयार करना सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

## 300 कंबल का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांके :** सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया कांके प्रखंड के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर कांके प्रखंड के कई गांव बाजारटांड़ ,टंगरा टोली, चूड़ी टोला ,होकर , सुकुरहुटू इत्यादि में अत्यंत पिछड़े वर्ग के सभी समुदाय के लोगों के बीच 300 कंबल वितरण किया गया एवं अंजुमन के अध्यक्ष हाजी अब्दुल रहमान के द्वारा बाजार टांड़ में झंडोत्तोलन किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा संबोधित करते हुए लोगों को संविधान की विशेषताएं एवं उसके अधिकार के बारे में बताई गई। एवं समाज में फैल रहे बुराइयां नशाखोरी शिक्षा के प्रति सभी को बताया गया और इसे मिलजुल कर खत्म करने का शपथ लिया गया। इस मौके पर अंजुमन के नायाब सदर मोहम्मद चांद ,सलामत अंसारी ,नुरूल होदा, मोइनुद्दीन अंसारी ,मोहम्मद रियाज उर्फ छोटे, सुबोध कुमार लाल ,आफताब हुसैन एवं कांके दक्षिणी पंचायत के मुखिया संगीता भॉवरा पूर्व मुखिया अमित तिर्की, इरफान अंसारी ,मोहम्मद रियाज उर्फ टिकन इत्यादि उपस्थित थे।

## जंगली हाथी ने किसानों के फसलों को रौंद कर बर्बाद किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के जरिया पंचायत के टेंगरिया गांव में 11 जंगली हाथी के द्वारा 10-15 किसानों के खेतों में लगी मटर, गेंहू, लहसुन, प्याज की फसलों को रौंद कर व खाकर बर्बाद कर दिया। इसकी सूचना पर विधायक प्रतिनिधि करमा उराँव व उपप्रमुख मोद्दसिर हक ने स्थल का मुआयना किया। प्रतितिनिधि टीम ने वनविभाग के आला को दूरभाष में खबर कर पीड़ित किसानों के लिए मुआवजा कि मांग की है। साथ ही तत्काल जंगली हाथी से बचाव के सामान मुहैया करने की मांग की है। मौके पर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विशेश्वर उराँव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



## जन चेतना सांस्कृतिक मंच ने नुक्कड़ नाटक से लोगों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत के चिरेयांटांड़ गांव मे जन चेतना सांस्कृतिक मंच के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर पंचायत के लोगों को झारखण्ड सरकार के योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गई।सूचना एवं जनसंपर्क विभाग झारखंड सरकार प्रमंडलीय सूचना जनसंपर्क इकाई उत्तरी छोटा नागपुर हजारीबाग के द्वारा जन चेतना सांस्कृतिक मंच के द्वारा चिरैयांटांड़ मे नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत का आयोजन किया गया,जिसमे झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई,साथ ही पंचायत के लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई।

कार्यक्रम मे अबुआ आवास, सावित्री बाई फुले योजना, वृध्दा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना,फूलो झानो आर्शिवाद योजना,समृधि किशोरी योजना सहित झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी देते हुए योजना का लाभ लेने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।इस संबंध में कलाकारों ने बताया कि इससे पूर्व झारखंड सरकार के द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए शिविर लगाया गया और अब जन चेतना मंच के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है।नुक्कड़ नाटक मे कलाकार विजय मिश्रा,बादल अंसारी,विनय पाठक,कृष्णा माली,मीना देवी,साधु राय सहित अन्य लोग शामिल थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पूरी तरह से रद्द हो सीजीएल परीक्षा : कुणाल दास

**ईचागढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सामने आने के बाद जेएसएससी द्वारा झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के पेपर थ्री को रद्द कर दिए जाने के बाद अब विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा पूरी परीक्षा को ही रद्द करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस संदर्भ में सोमवार को पारा शिक्षक-गैर पारा जेटेट सफल अभ्यर्थी संघ झारखण्ड प्रदेश के अध्यक्ष कुणाल दास ने कहा कि राज्य में अफसरशाही पर नकेल कसने में राज्य सरकार नाकाम रही है। जिस प्रकार से सीजीएल परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सामने आया है,कहना ग़लत नहीं होगा कि राज्य में कहने को तो स्थानीय सरकार है लेकिन सिस्टम की नकेल अभी भी अफसरों के हाथों में है। सीजीएल परीक्षा में धांधली का मामला उजागर होने के बाद स्टूडेंट्स बौखलाए हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीजीएल परीक्षा के पेपर वन और टू में भी धांधली होने की बू आ रही है। ऐसे में झारखण्डी छात्रों के हित में पूरी परीक्षा ही रद्द कर नये सिरे से परीक्षा का आयोजन होना चाहिए, साथ ही धांधली में संलिप्त अधिकारियों पर कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए।



## मुख्यमंत्री को ईडी के रोकने की सूचना पर झामुमो ने किया एनएच जाम

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दिल्ली में इडी के रोकने की सूचना पर झामुमो कार्यकर्ताओं और नेताओं ने राजधानी रांची से लेकर जमशेदपुर तक नेशनल हाईवे 33 को जाम कर दिया।वहीं जमशेदपुर में झामुमो नेता एनएच पर धरने पर बैठ गए, जिससे लंबी दूरी की गाड़ियां जहां- तहां जाम में फंसे रहे। नेशनल हाईवे जाम करने वालों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के आंदोलनकारी एवं वरिष्ठ नेता शेख बदरुद्दीन प्रमोद लाल, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद, बीर सिंह सुरेन, महावीर मुर्मू, समद, अजय रजक, गोपाल महतो, प्रीतम हेंब्रम शाहिद सैकड़ो की संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता शामिल थे।



## कांड्रा स्टेशन चौक समीप डिवाइडर से टकराई कार बाल-बाल बचे सवार

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा थाना अंतर्गत स्टेशन चौक के समीप मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडर से एक बलेनो कार टकरा गया जिससे कार के आगे का चक्का ब्लास्ट होकर क्षति ग्रस्त हो गया। घटना बीते रविवार की देर रात की है। बताया गया है कि उंक्त कार से जमशेदपुर से जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा देकर लौट रहे रांची मांडर निवासी मनोरंजन सिंह के साथ दो महिला, बच्चे समेत कुल आठ लोग सवार थे। वहां मौजूद कांड्रा बाजार दुर्गापूजा कमेंटी के अध्यक्ष संजय मोहंती और जेबीकेएसएस के भोलू महतो द्वारा अन्य ग्रामीणों के सहयोग से डिवाइडर में फंसे बलेनो कार को काफी मशक्कत से सड़क से हटाया गया।

## श्री श्री हरि साधना आश्रम दगड़ीगोड़ा में धार्मिक अनुष्ठान 11 से, तैयारी जोरों पर

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के कमलपुर थाना अंतर्गत दगड़ीगोड़ा गांव स्थित श्री श्री हरि साधना आश्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आश्रम समिति की ओर से तीन दिवारात्रि धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन 11 फरवरी से किया है। जिसकी तैयारियां समिति के सदस्यों ने जोर शोर से शुरू कर दिया है। आश्रम समिति के शंभु दास बाबाजी ने बताया कि 11 फरवरी को आश्रम परिसर में नव निर्मित स्वामी विवेकानंद, शारदा देवी, रामकृष्ण परमहंस, बाबा लोकनाथ ब्रह्मचारी, राम, लक्ष्मण, सीता, बाबा विश्वकर्मा व बजरंग बली मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मंत्री चम्पई सोरेन के हाथों में किया जाएगा। इस पुनीत कार्यक्रम में पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, ईचागढ़ विधायक सविता महतो, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला सचिव घनश्याम महतो एवं आंदोलनकारी भुवनेश्वर महतो व अजय रजक मौजूद रहेंगे। 12 फरवरी को नवद्वीप व कोलकाता के कलाकारों संतो द्वारा भागवत प्रवचन, लीला कीर्तन व बाउल संगीत का आयोजन होगा। 13 फरवरी को साधु संतों के बीच कंबल वितरण के साथ ही तीन दिवारात्रि धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला दण्डधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, पुलिस उपाधीक्षक चन्दन कुमार वत्स, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अंचाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी समेत अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहें।जिला परिवहन पदाधिकारी शंकर आचर्य शमाद ने बताया कि विगत माह दिसंबर में विभिन्न स्थलों पर कुल 16 दुर्घटना हुई जिसमे 09 लोगों की मृत्यु तथा 10 लोग धायल हुए। वही जिले के विभिन्न क्षेत्रो में सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के उल्लंघन हेतु चलाए जा रहे सघन जांच अभियान में कुल 19,49400 रूपए जुर्माना के रूप में उसूल की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 04 ब्लैकस्पॉट चिन्हित किए गए है जिनमें दुगनी, टोल रोड मोड , घोड़ा बाबा मोड़ एवं बड़ा आमदा खरसावां शामिल है। बैठक के दौरान उपायुक्त नें कहा जिले मे हो रहे सड़क दुर्घटनाओ पर नियंत्रण करने तथा लोगों को सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के अनुपालन के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करे।

# राजनगर में रुंगटा के प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री स्थापना के विरोध में ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** जिले के राजनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम चालियामा, बांकसाई और कुजु में मेसर्स रुंगटा माइन्स लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना के विरोध में विभिन्न पंचायत के ग्रामीणों ने समाहरणालय परिसर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम राष्टपति को ज्ञापन दिया। धरना प्रदर्शन में कई गांव के महिला एवं पुरुष शामिल थे। राष्टपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत राजनगर अंचल के मौजा चलियामा, बाकसाई और कुजू में 593.16 एकड़ भूमि में स्टील प्लांट स्थित है। यह क्षेत्र संविधान के पांचवी अनुसूची के अंतर्गत आता है। सरकार के विशेष सचिव राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड सरकार रांची के द्वारा निर्गत पत्र अंतर्गत राज्य में भू अर्जन एवं पुनर्वास के संबंध में पंचायत उपबंध के अनुसार अनुपालन संबंधी निर्देश दिया गया है। परंतु चलियामा ग्राम में रुंगटा माइंस लिमिटेड द्वारा अनुसूचित क्षेत्र में जनजातीय रैयतों की भूमि क्रय में अनियमितता बरती जा रही है। प्रस्तावित सीमेंट प्लांट स्थापना के मामले में भी विधि अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है। प्रावधानों के अनुसार पूर्ण तथा आंशिक रूप से प्रभावित होने वाले ग्रामों के ग्राम सभा में अब तक सहमति नहीं ली गई है। ना हीं इस विषय को लेकर कंपनी द्वारा जिला प्रशासन द्वारा जांच का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों ने प्रस्तावित प्लांट का स्थानांतरण या रद्द करने की आग्रह की है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पोस्टर लांच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से महाराष्ट तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान के तहत सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिला युवा कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सौरव अग्रवाल एवं लोकसभा चुनाव के संयोजक प्रेमेंद्र मिश्रा भालूबासा स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे. जहां पूर्वी सिंहभूम जिला युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीरज सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सत्यम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि देशभर में बेरोजगारी और महंगाई अपनी चरम सीमा को लांघ चुकी हैं.राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में देशभर के युवा लाखों की संख्या में जुड़ रहे हैं. अब वक्त आ गया है कि पूवी सिंहभूम जिला भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले. अभियान की शुरुआत करने के लिए जिले के प्रभारी एवं लोकसभा चुनाव के संयोजक का आगमन हुआ है. प्रभारी सौरभ अग्रवाल और लोकसभा चुनाव के संयोजक प्रेमेंद्र मिश्रा एवं जिला अध्यक्ष नीरज सिंह ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पोस्टर लॉन्च किया और अभियान में शामिल होने के लिए युवाओं से 8860812345 पर मिस कॉल करने की अपील की।

## भाजपा ने सोनारी में किया कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहर में जिस कदर लगातार ठंड जारी है और उसमे बहुत सारे ऐसे लोग है जो किसी की मदद की आस में पलके बिछाए बैठे रहते है। वही ठंड से राहत पहुंचाने के लिए आज भारतीय जनता पार्टी सोनारी मण्डल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के उपस्थित में महिला मोर्चा अध्यक्ष सरिता लाल के नेतृत्व में सोनारी कुम्हार पाड़ा, पंचवटी नगर में जरूरत मंद लोगों के बीच जाकर कम्बल वितरण किया। इस दौरान काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। कंबल पाकर लोग खुश हो गए।कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, नारायण प्रसाद, सतेन्द्र सिंह यादव, महिला मोर्चा के अध्यक्ष सरिता लाल, अनिता देवी, शिमा देवी, लता देवी, आशिष जयस्वाल, अनिल साह, सोनी देवी, राहुल, विक्की, एवं बस्ती के लोग उपस्थित थे।

## काशी साहू महाविद्यालय छात्र संघ ने फुंका मुख्यमंत्री का पुतला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** काशी साहू महाविद्यालय सरायकेला के मोड पर मुख्य सड़क किनारे छात्र संघ द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। आक्रोशित छात्रों ने कहा वर्षो के इंतजार के बाद जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा राज्य में आयोजित किया गया। छात्र परीक्षा देकर घर तक भी नही पहुंचते है और एग्जाम रद्द हो जाती है। क्योंकि परीक्षा का पेपर लीक हो जाती है। छात्रों ने कहा हम छात्रों की भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करे राज्य सरकार। इस अवसर पर प्रकाश महतो, लक्ष्मण, रोशन, प्रभाकर, दिवांशू, परदून, शंकर, जगन्नाथ, बासुदेव, सुरेश एवं शत्रुघ्न सहित अन्य छात्र उपस्थित थे ।

## झुंझका में लावा को 9 विकेट से हराकर गोबरघुसी क्रिकेट टीम बनी चैंपियन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के झुंझका तालटांड़ क्रिकेट मैदान में रविवार को झुंझका आदिवासी क्रिकेट क्लब की ओर से एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पटमदा, बोड़ाम और घाटशिला प्रखंड के 8 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच लावा क्रिकेट टीम और गोबरघुसी क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। लावा क्रिकेट टीम पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 4 ओवर में 4 विकेट पर 49 रन बनाकर गोबरघुसी क्रिकेट टीम को 50 रन का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गोबरघुसी क्रिकेट टीम 3.4 ओवर में 1 विकेट पर 54 रन बनाकर मैच जीतकर चेम्पियन बना। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रफुल्ल सिंह, राहुल सिंह, भरत सिंह, राहुल हेंब्रम, कुंवर सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह का अहम योगदान रहा।

# घर हड़पने के लिए विकास की हत्या का आरोप, एसएसपी से जांच की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के भुइयांडीह बाबूडीह निवासी विकास कुमार गुप्ता के मौत के मामले में सोमवार 29 जनवरी को उस वक्त नया मोड़ आ गया, जब मृतक की विधवा पत्नी सविता देवी ने जिला एसएसपी से मिलकर फागुनी साव एवं उसके तीन नाती सूरज साव, विकास साव एवं कल्लू साव पर घर हड़पने के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की। वरीय पुलिस अधीक्षक से मिलने के दौरान अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू एवं उनकी टीम के पदाधिकारी भी मौजूद थे। एसएसपी ने ज्ञापन के माध्यम से मामले की जानकारी लेने के बाद सिदगोड़ा थाना प्रभारी को फोन कर जांच करने का निर्देश दिया तथा शिकायतकर्त्ता मृतक की पत्नी सविता देवी को मंगलवार की सुबह सिदगोड़ा थाना जाकर थाना प्रभारी से मिलने को कहा।

## एआईएफएफ अंडर 17 यूथ लीग में जमशेदपुर एफसी यूथ टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी यूथ एआईएफएफ अंडर 17 यूथ लीग 2023-24 में एक रोमांचक सफर की तैयारी में जुट गई है, जो एक बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट है जो दिसंबर 2023 में शुरू हुआ और मार्च-अप्रैल 2024 के आसपास समाप्त होने वाला है. इसमें प्रमुख आईएसएल टीमों सहित 55 टीमें, जिसमें आई-लीग, रेजिडेंशियल एकेडमी और नॉन रेजिडेंशियल एकेडमी की टीमें शामिल हैं. जमशेदपुर एफसी यूथ अंडर 17 कोलकाता में 1 फरवरी से 11 फरवरी 2024 तक अपने पहले दौर के मैचों की शुरुआत करने के लिए तैयार है. टीम को बंगाल फुटबॉल अकादमी, श्रीनिदी डेक्कन फुटबॉल क्लब और सुब्रतो इलेवन एफसी के खिलाफ कुल 6 मैच खेलने हैं. ये सभी मैच कोलकाता के किशोर भारती क्रीड़ांगन में होंगे. अरशद हुसैन मुख्य कोच के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे।

# करीम सिटी कॉलेज में प्रसिद्ध नृत्यांगना सूची जाह्नवी बेहरा ने दी प्रस्तुति




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के जनसंचार विभाग ने स्पिक मैके के सौजन्य से कल दोपहर 2:30 बजे कॉलेज सभागार में ओडिसी शास्त्रीय नृत्य पर एक व्याख्यान सह प्रदर्शन सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम की प्रस्तुति अंतरराष्ट्रीय स्तर के नृत्यांगना सूची जाह्नवी बेहरा ने दी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। करीम्स ट्रस्ट के सचिव और करीमिया एजुकेशनल परिसर के शिक्षा निदेशक डॉ. मोहम्मद ज़करिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएन त्रिपाठी, जनसंचार विभाग की प्रभारी प्रोफेसर डॉ. नेहा तिवारी, स्पिक मैके की क्षेत्रीय समन्वयक भारती बनर्जी, ओडिसी शास्त्रीय नृत्यांगना जान्हबी बेहरा और अन्य साथी कलाकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। भुवनेश्वर से पधारी प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना जान्हबी बेहरा ने शास्त्रीय ओडिसी नृत्य के आरंभ की पृष्ठभूमि बताते हुए छात्राओं का मुद्राओं की भाषा से परिचय करवाया साथ ही उन्हें भी प्रदर्शन के लिए उत्साहित किया। इसके उपरांत संगत कलाकार हरप्रिया स्वैन (गायन), सौम्या रंजन (मर्दल ) और आशीष कुमार (वायलिन ) के साथ ओडिसी शास्त्रीय नृत्य पर मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बोलते हुए डॉक्टर जकारिया ने कहा कि जब शरीर के हर अंग को जुबान मिल जाए तो वह नृत्य बन जाता है वही स्वागत भाषण में डॉ बी एन त्रिपाठी ने कहा कि भारत में विभिन्न प्रकार की लोक और शास्त्रीय नृत्य परंपराएं हैं जिन्हें बचा कर रखना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर बोलते हुए स्पिक मैके की क्षेत्रीय संयोजिका भारतीय बनर्जी ने करीम सिटी कॉलेज प्रबंधन की कला और साहित्य को संरक्षण देने में भूमिका की सराहना की।

## आरके कामगार संघ का पारिवारिक मिलन सह वनभोज समारोह दोमुहानी में आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** रामकृष्णा फोर्जिंग्स कामगार संघ की ओर से गम्हरिया के शहरबेड़ा स्थित दोमुहानी तट पर वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूनियन की संगठन मजबूती समेत अन्य गतिविधियों पर चर्चा की गई। समारोह को उपाध्यक्ष दिनेश राम, महासचिव तारकेश्वर यादव, संगठन सचिव जीपी दास, सह सचिव विपुल गोलदार आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत मे कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव की ओर से धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस मौके पर यूनियन के सदस्य शैलेन्द्र सिंह, नवल झा, मुंशी यादव के अलावा प्रदीप दास, अशोक शर्मा, प्रणब गोस्वामी, मुकुंद महतो, दिवाकर महतो, विक्रम प्रधान, महंत यादव, समेत काफी संख्या में कामगार व उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# हीरो वायर्ड के फाइनेंस कोर्स ने अनूभा के करियर जीवन को पूरी तरह बदल दिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** हीरोवायर्ड के फाइनेंस कोर्स ने झारखण्ड की अनूभा भारद्वाज को उनके प्रोफेशनल भविष्य को नया आकार दिया हैं। इस कोर्स ने उनके जीवन को पूरी तरह से बदल दिया, उन्होंने चुनौतियों से घबराए बिना अपनी प्राथमिकताओं और महत्वाकांक्षाओं को समझा और गर्भावस्था के बावजूद कोर्स पूरा करने का फैसला लिया। समय से पहले डिलीवरी और कई मेडिकल परेशानियों के बावजूद अनूभा ने अपनी पढ़ाई जारी रखी, असाइनमेन्ट पूरे करती रहीं और दृढ़ संकल्प के साथ स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां का सामना करते हुए आगे बढ़ती चली गई। अनूभा ने अपस्किलिंग की नई यात्रा तब शुरू की, जब वह पांच माह की गर्भवती थीं। गर्भावस्था के दौरान पूरी तरह से सकारात्मक रहते हुए उन्होंने अपना मजबूत इरादा बनाए रखा और कोर्स पर ध्यान देते हुए अपने आप को अपस्किल करती रहीं। बच्चे के जन्म तक उन्होंने गर्भावस्था का खुलासा नहीं किया। सर्जरी के बाद वे मेडिकल टीम के सहयोग से जल्द सामान्य हो गई, इस समय भी उन्होंने अपनी पढ़ाई के साथ कोई समझौता नहीं किया। उन्होंने सिर्फ दो क्लासेज़ छोड़ीं, डिलीवरी के दिन और उसके अगले दिन। आज अनूभा दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत का उदाहरण बन गई हैं। गालाघर एण्ड मोहन में रियल एस्टेट फाइनेंशियल एनालिस्ट के रूप में काम करते हुए वे अपने आत्मविश्वास और सही कौशल प्रशिक्षण का श्रेय अपनी शैक्षणिक यात्रा को देती हैं। इस हीरोवायर्ड के फाइनेंस कोर्स ने साबित कर दिया कि सही सहयोग और शिक्षा व्यक्ति के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि झारखण्ड की अनूभा भारद्वाज ने मजबूत इरादे के साथ अपने भविष्य को नया आयाम देने की यात्रा शुरू की। अनूभा की यात्रा बहादुरी और दृढ़ संकल्प का उदाहरण है और बताती है कि सही सहयोग से आप किसी भी चुनौती का मुकाबला कर सकते हैं और मजबूत इरादे के साथ निश्चित रूप से जीत हासिल कर सकते हैं।

# मीडिया कप 2024 के आयोजन का प्रबंध और आयोजन समिति के साथ उप समितियों का गठन हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 के सफल आयोजन के लिए प्रबन्ध और आयोजन समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा विभिन्न उप समितियों का भी गठन किया गया ताकि क्रिकेट टूर्नामेंट का संचालन अच्छी तरह से हो सके। मीडिया कप क्रिकेट 2024 का शुभारंभ 13 फरवरी को कीनन स्टेडियम में होगा। इस बार ड्यूज के साथ टेनिस बॉल क्रिकेट भी खेले जायेंगे। टूर्नामेंट की तैयारी को लेकर सोमवार को गोपाल मैदान में अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह पुतुल की अध्यक्षता में प्रबंध समिति की बैठक की गई, इस बैठक में निम्नलिखित कमेटियों का गठन किया गया है।प्रबंध समिति- जयेश ठक्कर अध्यक्ष, विनय पूर्ति, आदित्यनाथ झा, मनोज कुमार सिंह, हसन इमाम मालिक, एल नागेश्वर राव। आयोजन समिति - डॉ संजय पांडे संपादक दैनिक भास्कर, संजय मिश्रा संपादक प्रभात खबर, गणेश मेहता संपादक हिंदुस्तान, जयप्रकाश राय संपादक चमकता आइना, बृजभूषण सिंह छोटकू संपादक न्यू इस्पात मेल, यू एन पाठक संपादक दैनिक जागरण, उदित अग्रवाल संपादक उदित वाणी, विमल अग्रवाल संपादक एवेन्यू मेल, आनंद कुमार पूर्व संपादक हिंदुस्तान,रणधीर सिंह यूनिट हेड हिंदुस्तान, पिनाकी रंजन यूनिट हेड प्रभात खबर, सुनील कुमार यूनिट हेड दैनिक भास्कर, देवानंद सिंह, प्रशांत कुमार सिंह पुतुल, अंजनी पांडे, अरुण सिंह, रूपेश दुबे।स्वागत समिति - संदीप सवर्ण, जयेश ठक्कर, अंतरा बोस,राघवेंद्र शर्मा, आदित्यनाथ झा, विनय पूर्ति, रत्नेश तिवारी, विद्यासागर सिंह, मो अकबर, मनोज सिंह, अजय महतो, पशुपति मिश्रा, निसार, रंजन झा, पंकज मिश्रा, अभिजीत चौधरी, उमाशंकर सिंह, पिनाकी मजूमदार, नीरज पराशर, अनीस खान।भोजन एवं मैदान प्रबंधन समिति- नानक सिंह, भोला प्रसाद, सुधाकर सिंह मिंटू, महेंद्र, राजेश सिंह, पीयूष मिश्रा, प्रियदर्शी।क्रिकेट किट एवं टीम संयोजन समिति - मनोज कुमार सिंह, शुभदर्शी, आशुतोष विनय पूर्ति, निसार, राकेश मिश्रा, रंजन गुप्ता, सुशील अग्रवाल, भादो माझी।अनुशासन समिति- जयेश ठक्कर, सतीश सिंह, निरंजन सिंह, जयप्रकाश राय, आनंद कुमार एवं प्रशांत कुमार सिंह पुतुल।



संपादकीया

## स्वास्थ्य सेवाओं का नियमन

**हरियाणा** सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से सरकारी अस्पतालों के कतिपय चिकित्सकों के व्यवहार के नियमन की पहल निस्संदेह रोगियों व उनके परिजनों के लिए राहतकारी साबित होगी। स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के महानिदेशक की ओर से जारी लिखित हिदायतों में सरकारी अस्पतालों में कार्यरत सिविल सर्जनों को आगाह किया गया है कि वे मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार के लिये बाध्य करने की प्रवृत्ति से बचें। दरअसल, इस तरह के मामलों में साठ से अधिक शिकायतें आई थीं कि डॉक्टर निजी लाभ के लिये मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार करने को बाध्य कर रहे हैं। संस्तुति किये गए अस्पतालों में चिकित्सकों के निहित स्वार्थ भी शामिल हैं। आरोप लगाया गया है कि चिकित्सकों के परिजनों द्वारा निजी अस्पताल चलाए जा रहे हैं, जिनमें इलाज करवाने के लिये मरीजों को बाध्य किया जाता रहा है। विभाग ने राज्य के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को ऐसे मामलों में जांच करने के निर्देश भी दिये हैं। साथ ही कहा गया कि उन चिकित्सकों की सूची तैयार की जाए जो मरीजों को निजी चिकित्सालयों में उपचार के लिये बाध्य करते हैं। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग की आंतरिक जांच रिपोर्ट में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि कई सरकारी चिकित्सा निजी प्रैक्टिस भी करते हैं। कतिपय चिकित्सकों पर मरीजों के साथ अनुचित व्यवहार करने के भी आरोप लगे हैं। निश्चिय ही यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व आम लोग ही उपचार के लिये बड़ी उम्मीद से सरकारी अस्पतालों में जाते हैं। यदि उन्हें यहां भी उचित उपचार व सम्मानजनक व्यवहार न मिले तो फिर वे कहां जाएंगे। हालांकि, यह भी हकीकत है कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक भी भारी दबाव में काम करते हैं क्योंकि सरकारी अस्पतालों में मरीजों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन उस अनुपात में चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता नहीं है। कमोबेश यही स्थिति अन्य चिकित्सा सुविधाओं की भी है। लेकिन यहां यह महत्वपूर्ण है कि लोग बड़े विश्वास से सरकारी अस्पतालों में जाते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग उनमें ज्यादा होते हैं। भारतीय समाज में डॉक्टरों को दूसरा भगवान कहा जाता है। मरीजों का उनमें गहरा विश्वास होता है। दरअसल, मरीज एक तो बीमारी की त्रासदी से जूझ रहा होता है, जिसमें अच्छे व्यवहार और उपचार की उम्मीद होती है। यदि ऐसे में उसे महसूस हो कि उसके साथ न्याय नहीं हो रहा है तो यह दुखद ही है। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के महानिदेशक के निर्देश सकारात्मक पहल ही है। जिससे चिकित्सकों की जवाबदेही तय की जा सकेगी। इतना ही नहीं सरकार की पहल से चिकित्सातंत्र पर मरीजों का भरोसा बढ़ेगा कि सरकार उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर है। विश्वास किया जाना चाहिए कि चिकित्सकों द्वारा व्यवस्था में सुधार की दिशा में बेहतर सहयोग मिलेगा। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी उन कारणों की पड़ताल करनी चाहिए जिसमें कतिपय चिकित्सक अनुचित व्यवहार करते हैं। उनकी समस्याओं को भी सुना जाना चाहिए। साथ ही सरकारी चिकित्सालयों में तमाम चिकित्सा सेवाओं के आधुनिकीकरण, पर्याप्त चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे जहां मरीज व चिकित्सक अनुपात में सुधार हो सके। वहीं यदि अस्पताल में तमाम आधुनिक सुविधाएं व दवाइयां उपलब्ध होंगी, तो मरीजों को निजी चिकित्सालयों की शरण में जाने को मजबूर नहीं किया जा सकेगा। वहीं सरकार को इस पहलू पर विचार करना चाहिए कि भारी-भरकम खर्च करके डॉक्टरी की डिग्री हासिल करने वाले चिकित्सकों के आर्थिक हितों का भी ध्यान रखा जाए। व्यवस्था में उन्हें अतिरिक्त आर्थिक लाभ का विकल्प भी दिया जाना चाहिए, जिससे वे निजी प्रैक्टिस से परहेज करके सरकारी अस्पताल के मरीजों के बेहतर उपचार पर ही ध्यान केंद्रित करें। निस्संदेह, चिकित्सा का क्षेत्र एक बेहद संवेदनशील क्षेत्र है। चिकित्सक यदि सहज स्थितियों में रहेंगे तो वे बेहतर उपचार में सहायक बन सकते हैं। मरीज के हितों व सम्मान की तो रक्षा होनी चाहिए, लेकिन चिकित्सकों की गरिमा भी प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

> स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के महानिदेशक की ओर से जारी लिखित हिदायतों में सरकारी अस्पतालों में कार्यरत सिविल सर्जनों को आगाह किया गया है कि वे मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार के लिये बाध्य करने की प्रवृत्ति से बचें। दरअसल, इस तरह के मामलों में साठ से अधिक शिकायतें आई थीं कि डॉक्टर निजी लाभ के लिये मरीजों को निजी अस्पतालों में उपचार करने को बाध्य कर रहे हैं। संस्तुति किये गए अस्पतालों में चिकित्सकों के निहित स्वार्थ भी शामिल हैं। आरोप लगाया गया है कि चिकित्सकों के परिजनों द्वारा निजी अस्पताल चलाए जा रहे हैं, जिनमें इलाज करवाने के लिये मरीजों को बाध्य किया जाता रहा है। विभाग ने राज्य के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को ऐसे मामलों में जांच करने के निर्देश भी दिये हैं। साथ ही कहा गया कि उन चिकित्सकों की सूची तैयार की जाए जो मरीजों को निजी चिकित्सालयों में उपचार के लिये बाध्य करते हैं। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग की आंतरिक जांच रिपोर्ट में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि कई सरकारी चिकित्सा निजी प्रैक्टिस भी करते हैं। कतिपय चिकित्सकों पर मरीजों के साथ अनुचित व्यवहार करने के भी आरोप लगे हैं।

### बीते वर्षों की कमियों पर नजर रखते हुए उन्हें दोहराने की भूल न करने का संकल्प लेना है

## राम विवाद नहीं, समाधान हैं, मोदी के इस कथन को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझा जाना चाहिए

ललित गर्ग

> रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पढ़े गए इस प्रस्ताव में मोदी को एक नए युग का अग्रदूत बताया गया। क्योंकि उन्हीं की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या में संपन्न कार्यक्रम में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि हम कह सकते हैं कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। निश्चित ही मोदी अब इस नए युग के प्रवर्तन के बाद, नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आए हैं। श्रीरामलला के नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा की अपूर्व एवं अलौकिक घटना भारत के लिये युगांतरकारी है। हम एक नये युग में पदार्पण कर रहे हैं।

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम मंदिर के सफल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और एक धन्यवाद प्रस्ताव में कहा कि लोगों द्वारा उनके प्रति दिखाए गए प्यार और स्नेह ने उन्हें 'जननायक' के रूप में स्थापित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पढ़े गए इस प्रस्ताव में मोदी को एक नए युग का अग्रदूत बताया गया। क्योंकि उन्हीं की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या में संपन्न कार्यक्रम में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि हम कह सकते हैं कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। निश्चित ही मोदी अब इस नए युग के प्रवर्तन के बाद, नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आए हैं। श्रीरामलला के नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा की अपूर्व एवं अलौकिक घटना भारत के लिये युगांतरकारी है। हम एक नये युग में पदार्पण कर रहे हैं। यह नवयुग एवं नया दौर आशा और विश्वास के साथ ही जिम्मेदारियों से भरा है। नरेन्द्र मोदी के महान एवं ऊर्जस्वल व्यक्तित्व को एक राजनीतिक दल के सर्वोच्च नेता के सीमित दायरे में बांधना उनके व्यक्तित्व को सीमित करने का प्रयत्न है। उन्हें नए राष्ट्र का निर्माता कहा जा सकता है। मोदी जैसे व्यक्ति दो-चार नहीं, अद्वितीय होते हैं। उनका गहन चिन्तन राष्ट्र के आधार पर नहीं, वरन् उनके चिन्तन में राष्ट्र अपने को खोजता है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के माध्यम से स्वस्थ मूल्यों को स्थापित करके राष्ट्र को सजीव एवं शक्तिसम्पन्न बनाने का प्रयत्न किया है। राष्ट्र-निर्माण की कितनी नयी-नयी कल्पनाएं उनके मस्तिष्क में तरंगित होती रहती हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम के 'भव्य, दिव्य मंदिर' की प्राण-प्रतिष्ठा उनके ही संकल्पों की निष्पत्ति है। इसके साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा की यह तारीख आने वाले हजारों वर्षों के लिये एक उजाला एवं



संकल्प बनते हुए नये इतिहास का सृजन करने वाली शुभ एवं श्रेयस्कर गति है। जैसा कि नरेन्द्र मोदी ने कहा है, 'यह नये इतिहास-चक्र की भी शुरुआत' है। इस अवसर पर दिये गये संबोधन में मोदी ने अपने संकल्प 'सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास' को एक नया आयाम भी दिया है। नरेन्द्र मोदी केवल व्यक्तियों के समूह को राष्ट्र मानने को तैयार नहीं हैं। उनकी दृष्टि में राष्ट्र के सदस्यों में निम्न विशेषताओं का होना आवश्यक है जिस राष्ट्र के सदस्यों में इस्पात-सी दृढ़ता, संगठन में निष्ठा, चारित्रिक उज्ज्वलता, कठिन काम करने का साहस और उद्देश्य पूति के लिए स्वयं को झोंकने का मनोभाव होता है, वह राष्ट्र अपने निर्धारित लक्ष्य तक बहुत कम समय में पहुंच जाता है। कहा जा सकता है कि नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र-चिंतन में जो क्रांतिकारिता, परिवर्तन एवं नये दिशाबोध हैं, वे राष्ट्र के चिंतकों को भी चिंतन की नयी खुराक देने में समर्थ हैं। अयोध्या में मोदी ने अपने संबोधन में कहा है, 'राम विवाद नहीं, समाधान है'। उनके इस कथन को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझा और स्वीकारा जाना चाहिए। यह भी समझा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री का यह कथन देश में संभावनाओं के नये आयाम भी खोल रहा है। राम और राष्ट्र के बीच की दूरी को पाटने का एक स्पष्ट संकेत भी प्रधानमंत्री ने दिया है। इस बात को भी समझने की ईमानदार कोशिश होनी चाहिए कि श्रीराम की महत्ता हिंदू समाज के आराध्य होने में ही नहीं है, बल्कि उन्हें सुशासन का प्रतीक पुरुष एवं शासक समझने में भी है। तभी हमारा राष्ट्र राजनीतिक विसंगतियों से मुक्त होकर सुशासन का आधार बन सकता है। जिसमें हर नागरिक को, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, वर्ण, वर्ग का हो, प्रगति करने का समान और पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा इस सोच और संकल्प के साथ आयोजित हुआ है कि हमें कुछ नया करना है, नया बनना है, नये पदचिह्न स्थापित करने हैं। बीते वर्षों की कमियों पर नजर रखते हुए उन्हें दोहराने की भूल न करने का संकल्प लेना है। हमें यह संकल्प करना और शपथ लेनी है कि आने वाले वर्षों में हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो हमारे उद्देश्यों, उम्मीदों, उमंगों और आदर्शों पर प्रश्नचिह्न टांग दे। अपनी उपलब्धियों का अंकन एवं कमियों की समीक्षा कर इस अवसर पर हर व्यक्ति अपनी विवेक चेतना को जगाकर अपने भाग्य की रेखाओं में राष्ट्रीयता और जिजीविषा के रंग भरें, सामंजस्य एवं सहिष्णुता को जीवन के व्यवहार में उतारने का अभ्यास करें। केवल अपनी भावनाओं को ऊंचा स्थान दे, वह स्वार्थी होता है। स्वार्थी होने की कीमत चुकानी ही पड़ती है। दूसरों की भावना के प्रति उदार बनें। उदार होने का मतलब है आप किसी के कहे बिना भी उनकी भावनाओं को समझें। उसके बारे में सोचें, विचारें। इससे आपके जीने का अंदाज बदल जायेगा। यही जीने की आदर्श शैली का प्रशिक्षण प्राण-प्रतिष्ठा महा-महोत्सव का हार्द है। समूचा देश 'राममय' हो रहा है, इस ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय अवसर पर अपने-पराये का भेद मिटाने की आवश्यकता को भी समझना ज़रूरी है। धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, अर्थ के नाम पर, भाषा के नाम पर होने वाला कोई भी विभाजन 'राम-राज्य' में स्वीकार्य नहीं हो सकता। सांस्कृतिक अथवा धार्मिक राष्ट्रवाद के नाम पर किसी को कम या अधिक भारतीय आंकना भी राम-राज्य की भावना के प्रतिकूल है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अयोध्या में नया मंदिर बनने के बाद हिंदू समाज में एक नया उत्साह है, जो स्वाभाविक भी है। पर हमें इस भाव की सीमाओं को भी समझना होगा। नदी जब किनारा छोड़ती है तो बाढ़ आ जाती है। सरसंघचालक मोहन भागवत ने प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कहा भी था 'जोश के माहौल में होश की बात' करनी जरूरी है। यह होश ही वे किनारे हैं जो नदी को संयमित रखते हैं। जीवन का पड़ाव चाहे संसार हो या संन्यास, सीमा, संयम एवं मर्यादा जरूरी है। मर्यादा जीवन का पर्याय है। धरती, अंबर, समन्दर, सूरज, चांद-सितारें, व्यक्ति, धर्म एवं समाज सब अपनी-अपनी सीमाओं में बंधे हैं। जब भी उनकी मर्यादा एवं सीमा टूटती है, प्रकृति प्रलय एवं समाज अराजकता में परिवर्तित हो जाता है। प्रभु श्रीराम के जीवन का कण-कण हमें मर्यादा की बात सिखा रहा है। अपेक्षा है, मानव अनुशासन और संयम को अपनाकर जीवन को संवारे। प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा का यह पावन अवसर सबको यही संदेश देता है कि संयम, सहिष्णुता एवं समानता से ही समस्याओं का निपटारा संभव है। पथभ्रान्त पथिक के लिये मर्यादा ही सच्चा पथदर्शन बनेगी।

दृष्टि कोण

## कोहराः हवाई और रेल यात्रा की कब सुध ली जाएगी?

**आमजन** की यात्रा सुविधा के नाम पर संचालित सरकारी सेवाएं बेहद गैर जिम्मेदाराना व्यवहार कर रही हैं। चाहे हवाई यात्रा हो या रेल, हर रोज करोड़ों लोग परेशान हो रहे हैं। इनमें वो भी हैं जिन्हें हर हालत में अपनी नियत तिथि पर वांछित गंतव्य पर पहुंचना होता है और वो भी जिन्हें दो कनेक्टिविटी के सहारे यात्रा पूरी करनी पड़ती है। भारत में सही समय पर यात्रा पूरी होने की न तो किसी की गारंटी है और न ही कोई इस बदहाली को चुनौती ही दे सकता है। हर रोज पूरे देश में बड़ी संख्या में हवाई और रेल सेवाएं लेटलतीफी का शिकार हो रही हैं। जिसके जवाब में प्री रिकॉर्डेड चार शब्द 'असुविधा के लिए खेद है' काफी हैं। इन दिनों तो घने कोहरे के चलते स्थिति और भी बदतर है। देश में औसतन ढाई से तीन हजार फ्लाइट्स रोजाना लगभग 4,56,000




यात्रियों को मुकाम तक पहुंचाती हैं। वहीं 8 अक्टूबर 2023 का एक आंकड़ा बताता है कि रेलवे रोजाना 22,593 ट्रेनें चलाता है जिनमें 13,452 यात्री ट्रेनों से औसतन 2.40 करोड़ यात्री सफर करते हैं, बाकी 9141 मालगाड़ियां हैं। बसों और निजी वाहनों से सफर करने वालों की संख्या जोड़ दें यह कई गुना बढ़ जाएगी। अभी हवाई और रेल सेवा कोहरे के चलते ऐसी चरमराई हुई है कि पूछिए मत। अकेले दिल्ली से रोजाना 1400 उड़ानें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित होती हैं। कोहरे से हालात ऐसे हैं कि कई-कई दिन सूर्यदेव दर्शन नहीं देते, कोहरा छाया रहता है। ऐसे क्या टेक ऑफ, क्या लैण्ड सभी उड़ानों को रद्द, री-शिड्यूल या डायवर्ट करना पड़ता है। पूरे देश का यही हाल है। अभी दो दिन पहले 13 जनवरी को घने कोहरे के चलते मुंबई-गुवाहाटी उड़ान को बांग्लादेश के ढाका में इमरजेंसी लैंडिंग खातिर मजबूर होना पड़ा। इसमें फंसे यात्री बिना पासपोर्ट के अंतरराष्ट्रीय सीमा तो पार कर गए लेकिन कई घंटे हवाई जहाज में बैठे रहे। विदेशी धरती पर कैसे उतरते? कोहरे की मार से हमारे सभी हवाई अड्डे प्रभावित हैं। ऐसे में महंगी और सही वक्त पर पहुंचने के खातिर हवाई यात्राओं के भी कोई मायने नहीं। कमोबेश इससे भी बदतर हालत यात्री ट्रेनों की है। कोहरे की मार से रोजाना आधे से ज्यादा रेल यात्री परेशान होते हैं। जहां कोरोना के चलते रद्द कई ट्रेन शुरू नहीं हो पाईं वहीं जो चलीं वो भी कई तरह के सुधार और सुविधाओं के नाम पर रद्द, लेट या री-शिड्यूल हो रही हैं। बिलासपुर जोन ने तो ट्रेनों के रद्द करने का देश में कीर्तिमान ही बना डाला। यहां कुछ सालों में हजारों जोड़ी ट्रेन रद्द हुईं। कोयला, दूसरी खदानों व पॉवर सेक्टर वाले बिलासपुर जोन में आने-जाने वाले लाखों यात्रियों को लेटलतीफी या एकाएक ट्रेन कैंसिल होने से असहनीय परेशानी होती है। अभी यात्री गाड़ियों के खातिर कोहरे का बहाना है और मालगाड़ियां पूरी रफ्तार में हैं। आखिर हवाई और रेल यात्रियों की सुध लेगा कौन? उनकी परिस्थिति और मानसिक स्थिति को कौन समझेगा? आगे की यात्रा के लिए दो-तीन घण्टे की मार्जिन रख, कनेक्टिंग फ्लाइट्स या ट्रेन की कंफर्म टिकट लेकर महीनों पहले अपना कार्यक्रम तय कर चुके लोग ऐन वक्त पर चार शब्दों के जवाब 'असुविधा के लिए खेद है' से निपटा दिए जाते हैं और भुक्तभोगी अपना सिर नोचने के कुछ नहीं कर पाता। चाहे विमानन सेक्टर हो या रेलवे इन्हें पता होता है कि कब से कब कोहरा तो कब बारिश और कब गर्मी होगी।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा का आयोजन किया गया। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों से परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से बहुत सारी बातें की । उन्होंने कहा कि वे बच्चें जो बोर्ड के एग्जाम दे रहे हैं हमें उनके मनोबल को बढ़ाना चाहिए और उनकी मन में उठ रही कठिनाइयों को दूर करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी बोर्ड परीक्षा (Board E&am) 2024 से पहले देशभर के 10वीं और 12वीं क्लास के स्टूडेंट्स के तनाव को कम करने के लिए परीक्षा पे चर्चा किया हैं।कार्यक्रम में पीएम मोदी स्टूडेंस्ट, टीचर्स और पेरेंट्स के साथ बोर्ड परीक्षा से पहले होने वाले तनाव और डर को कम करने के लिए 7वीं बार परीक्षा पे चर्चा किया। विद्यालय के बच्चों को परीक्षा पर चर्चा के कार्यक्रम को दिखाया गया और उन्होंने मोदी जी के कहे हुए बातों को सुना। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यहां शास्त्रों में कहा गया है कि किसी भी चीज की अति बुरी है। मां ने बहुत बढ़िया खाना बनाया है, स्वाद आपकी पसंद का है, समय भी खाने का है लेकिन बस खाते जा रहे हैं, मां परोसती जा रही हैं, क्या यह



संभव है कभी ना कभी तो सब कहते हैं कि मां अब पेट भर गया।ऐसे में एक स्टेज आ जाती है कि वो खाना भी आपको तकलीफ देगा, कितना भी प्रिय खाना आपको छोड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा बहुत कम मेरे हाथ में मोबाइल फोन होता है, मुझे मालूम है कि यह मेरे लिए आवश्यक साधन भी है।जो मां-बाप खुद भी दिनभर मोबाइल में रहते होंगे वो भी चाहते होंगे के मेरा बेटा इससे बचे। उन्होंने माता-पिता के लिए यह संदेश दिया कि बच्चों पर विशेष ध्यान दें। उनके तनाव को दूर करने के लिए उनसे हमेशा बातचीत करते रहे। मोदी जी ने कहा अगर 100 मिलियन चुनौतियां हैं तो बिलियन समाधान भी हैं। हमें चुनौतियों से डरना नहीं चाहिए बल्कि उनका सामना करना चाहिए। बच्चों को पढ़ाई का कितना प्रेशर सहना पड़ता है।उन्होंने कहा कि छोटा सा मस्तिष्क न जाने कितने समस्याएं उन्हें घेरे रखती हैं ।पेरेंट्स अपने बच्चों के साथ रहें, बच्चों के लिए समय निकले।मोबाइल पर समय न गंवाए। थोड़ा समय बच्चों के लिए निकालें। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों में प्रतिस्पर्धा के बीज न बोए, टेक्नोलॉजी को बोझ ना समझे, उसका सही उपयोग करें। उचित मात्रा में भोजन ले शारीरिक व्यायाम करें और उचित निर्णय ले । निर्णायक बनने की डालें आदत, कंफ्यूजन में रहने से बचें, परीक्षा पे चर्चा में पीएम मोदी ने दिया छात्रों को मंत्र, अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने बच्चे की तुलना दूसरे बच्चों से ना करें। प्रश्नोत्तर काल में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों में एक अभिभावक कुमारी प्रियांशी श्रीवास्तव की माता पूजा श्रीवास्तव का चयन हुआ जिसमें उन्होंने अपने बच्चों को सोशल मीडिया इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपनी बेटियों की पढ़ाई कैसे प्रबंधित कर सकती है।उसका सुझाव मांगा।विद्यालय के कार्यक्रम में बच्चों के साथ सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं ।

## पड़ारुनाला अरगड्डा में अवैध तीन कोयला मुहानो पर पेलोडर से मिट्टी डालकर हुई डोजरिंग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल प्रबंधन के द्वारा मिले निर्देश पर सोमवार को सुरक्षा विभाग सिरका के द्वारा अरगड्डा के पड़ारुनाला के तीन अवैध कोयला खनन मुहानों पर पेलोडर से मिट्टी डालकर सुरंगों को बंद करवाया गया। बताया गया कि यह अभियान निर्देश के बाद चलता हैं। इससे पूर्व अवैध कोयला खननकर्ता भाग निकले थे। मौके पर सुरक्षा सिरका प्रभारी सह इंस्पेक्टर राजू राम, ओवरमैन संतोष सिंह, हवलदार गंगा राम, पुलिस एएसआई उपेंद्र कुमार, पेलोडर ऑपरेटर कंचन, जगनारायण बेदिया, जीएम यूनिट के भैयालाल, गार्ड होपना मरांडी समेत कई जवान उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद युवा क्लब होसिर में सरस्वती पूजा को लेकर कमिटी गठित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिददी :** सरस्वती पूजा को लेकर स्वामी विवेकानन्द युवा क्लब होसिर देवी मंडप प्रांगण में बैठक किया गया। हर वर्ष के भंति इस वर्ष भी सरस्वती पूजा धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन गिरधारी चौधरी ने किया। नई समिति गठन किया गया। संरक्षक कुलेश्वर चौधरी, डलेश कुमार चौधरी, अध्यक्ष रंजीत कुमार मुंडा उपाध्याय राज कुमार चौधरी, सचिव संतोष चौधरी, उप सचिव अमित कुमार महतो, कोषाध्यक्ष राजू कुमार चौधरी, उपकोषाध्यक्ष सरजू मुंडा को चुना गया। साथ ही सदस्य बिरजू चौधरी अजय तुरी गिरधारी चौधरी दिनेश कुमार चौधरी ( वार्ड सदस्य )चंदन तुरी राहुल चौधरी संतोष कुमार दीपक कुलदीप मुंडा,गोविंद चौधरी , कशिश चौधरी, नीतीश कुमार भंडारी, सुनील कुमार भंडारी, राजू भंडारी, ललदेव चौधरी आदि शामिल हैं।

## भाजयुमो रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को स्थानीय सुभाष चौक रामगढ़ में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी की ओर से 28 जनवरी 2024 को आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त परीक्षा जेएसएससी एवं सीजीएल की तृतीय पाली की परीक्षा रद्द कर दी गई। इसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा हेमंत सोरेन की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। जिसका नेतृत्व रामगढ़ कैंट मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष तरुण साव ने किया । तरुण साहू ने कहा की झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है एक तो इन 5 सालों में कोई भी परीक्षा नहीं लिया और जब जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा हुई तो पेपर लीक हो गया आखिर ऐसी चूक कैसे हो गई। और अभी वह खुद ईडी से बचने के लिए यहां वहां न जाने कहां भाग रहे हैं। ऐसी निकम्मी सरकार को भ्रष्टाचारी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। जो झारखंड की भोली भाली जनता एवं भोले भाले छात्र-छात्राओं को ठगने का काम कर रही है। छात्र-छात्राओं को एक उम्मीद की किरण दिखाई थी लेकिन वह भी धूमिल हो गया। इस पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रोफेसर संजय सिंह , वरिष्ठ भाजपा नेता सहदेव ठाकुर , ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विजय जायसवाल, रामगढ़ जिला एससी मोर्चा अध्यक्ष विनोद कुमार, भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह, किसान मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, भाजयुमो रामगढ़ जिला मंत्री नीतीश कुमार, कार्यालय मंत्री संजय अग्रवाल, सोशल मीडिया सह प्रभारी सुमित अग्रवाल, रामगढ़ कैंट मंडल युवा मोर्चा महामंत्री अमित ठाकुर, सुदीप मिश्रा , मंत्री आकाश गुप्ता, आईटी सेल प्रभारी शशि शेखर सिंह के अलावे कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## भुमि अधिग्रहित जमीन पेपर जांच के लिए शिविर लगाया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के सिरु पंचायत सचिवालय में दुलमी अंचल अधिकारी मदन महली ने ललकी घाटी से मांरगमरचा पथ निर्माण में ग्राम सिरु मदगी प्रियातू की अधिग्रहित जमीन मुआवजा भुगतान हेतु वंशावली पंचाट का सत्यापित शिविर लगाया गया। जिसमें भुमि अधिग्रहित जमीन का पेपर का जांच किया गया। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश सिरु पंचायत के मुखिया वीणा देवी पंकज कुमार शंकर महतो व कई लोग मौजूद थे।



## भूख हड़ताल की अनुमति नहीं मिली, होगा आक्रोश सम्मेलन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के 30 जनवरी से रामगढ़ में होने वाले भूख हड़ताल कार्यक्रम की प्रशासन ने कोई अधिकृत सूचना नहीं दी है। कई बार अनुमंडल कार्यालय से संपर्क करने एवं वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा मिल कर जानकारी मांगने पर भी संतोष जनक जवाब नहीं दिया गया। जबकि वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु द्वारा 3 जनवरी को ही अनुमंडलाधिकारी सहित रामगढ़ के उपायुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त एवं मुख्य सचिव को आवेदन देकर भूख हड़ताल की अनुमति मांगा गया था। कानून सम्मत तो यह होना चाहिए था कि प्रशासन द्वारा लिखित देकर या तो अनुमति देना चाहिए था, या फिर कार्यक्रम नहीं करने का नोटिस दिया जाना चाहिए था। लेकिन अभी तक वैश्य मोर्चा को ऐसी कोई सूचना नहीं दी गई है। जो काफी अफसोसजनक है। यह संविधान में प्रदत्त हमारे अधिकार का उपहास भी है। इसलिए अब 30 जनवरी को 11.30 बजे, रोटरी क्लब (रामगढ़) में रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, रांची एवं चतरा जिला के सभी केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों, जिला, प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारी अपने-अपने साथियों, समर्थकों को लेकर पहुंचेगें. तत्पश्चात गांधी घाट, और फिर गांधी चौक जा कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित किया जायेगा।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## भाजपा नेता व मुखिया के संयुक्त प्रयास से लगा ट्रांसफॉर्मर, ग्रामीणों ने जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवादा पंचायत के सिंदरी(टोला कोयता) गांव में सोमवार को मजदूर संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह भाजपा नेता मनोज यादव व स्थानीय मुखिया भरत यादव के संयुक्त पहल पर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया।भाजपा नेता ने बताया की उक्त टोला में ट्रांसफार्मर लगभग 2 वर्षो से खराब था जिसके कारण ग्रामीणों को बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। मामले को संज्ञान में लेते हुए विभागीय पदाधिकारी से बात कर गाँव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है।वही गांव में नए ट्रांसफार्मर के लगने से विद्युत आपूर्ति बहाल होने पर ग्रामीणों ने समाजसेवी व मुखिया के प्रति आभार जताया है।उद्घाटन के दौरान लालू गंझु,भोला गंझु, निर्मल गंझु, संतोष यादव, कैलाश यादव, पिंटू यादव समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी के पंचायती राज जिला अध्यक्ष ने किया कंबल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के गाड़ीलौंग पंचायत में कांग्रेस पार्टी के पंचायती राज जिला अध्यक्ष प्रेम रंजन पासवान ने बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए गरीब असहाय एवं वृद्ध महिला एवम् पुरुषों के बीच कंबल वितरण किया। श्री पासवान ने कहा कि इस ठंड कि प्रकोप से असहायों को राहत मिल सके, इसको देखते हुए लगातार कंबल वितरण किया जा रहा है। मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं, मुझे सेवा कर बहुत शुकुन मिलता है। अतः आगे भी मेरे द्वारा जरुरतमंदों को सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से मनोज कुमार गुप्ता, कांग्रेस पार्टी के टंडवा प्रखंड महासचिव गोविन्द पंडा, मनोज हलवाई ,कामेश्वर यादव, मोइन अंसारी, बाबुनंदन प्रजापति, पंनालाल पांडेय, बंधु प्रजापति, मंजू देवी, गीता देवी, रंजीता देवी, प्रभा देवी, गायत्री देवी, तेजो प्रजापति, काजल देवी, अहिल्या देवी, सरोज देवी समेत कई असहाय महिला एवम् पुरुष शामिल हुए।

## मुखिया बिनोद महतो को पुनः मिली मुखिया संघ की जिम्मेवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के पुण्डरा पंचायत के मुखिया बिनोद महतो को एक बार फिर पुनः मुखिया संघ के अध्यक्ष पद का ताजपोसी किया गया। यह ताजपोसी उन्हें प्रखंड प्रमुख कार्यालय में मुखिया संघ के सदस्यों ने प्रमुख रोहन साहू, उप प्रमुख दामोदर गोप के मौजूदगी में सर्वसम्मति से किया है। श्री महतो को मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रमुख रोहन साहू, उप प्रमुख दामोदर गोप सहित संघ के सदस्यों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और उन्हें पुनः संघ के प्रखंड अध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं दी। कहा की श्री महतो संघ के प्रति निष्ठा भाव से कार्य करने वाले समर्पित मुखिया माने जाते हैं। जिसके कारण उन्हें पुनः यह जिम्मेवारी सौंपी गई है। तत्पश्चात संगठन की मजबूती और विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। वहीं मुखिया संघ ने नए बीडीओ विनय कुमार को शॉल भेंट कर परिचय का आदान प्रदान किये। बता दें कि मुखिया संघ के अध्यक्ष पद हमेशा विवादों में घिरा रहा। सर्व प्रथम मुखिया संघ के अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी पुंडरा मुखिया बिनोद महतो को सर्व समिति से सौपी गयी थी। वहीं दिसम्बर माह में पुनः बैठक कर संघ को निरस्त करते हुए बन्हे पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह को बनाई गयी थी। उस वक्त बीडीओ नीतू सिंह का कार्यकाल जारी था। जैसे हीं बीडीओ नीतू सिंह का तबादला हजारीबाग होती है। एक बार पुनः संघ को निरस्त कर पूर्व संघ अध्यक्ष बिनोद महतो को ताजपोसी कर दी गयी है।आगे देखना अब यह है कि यह संघ कितना टिकाऊ होगा। मौके पर मुखिया मनोरंजन सिंह जिरवाखुर्द, पार्वती देवी बानासांडी, अनिता देवी डाड़ी, सुनीता कुमारी कसारी, प्रिया कुमारी चोपे, कविता देवी इचाक, चंदा देवी बगरा, बीना देवी जांगी, बीना देवी जबड़ा, नरेश साव सबानो, उमेश राम पीरी, इफ्तेशाम प्रवीण सेरनदाग शामिल थे।

## बीडीओ विनय कुमार को स्वयंसेवक संघ ने बिरसा भगवान का प्रतिमा और गुलदस्ता देकर किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड कार्यालय में नए बीडीओ विनय कुमार को पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने बिरसा भगवान का प्रतिमा और गुल दस्ता देकर स्वागत किया। सभी पंचायत स्वयंसेवक ने कहा कि नए बीडीओ को आने से हम लोग का ऊर्जा प्राप्त हुई है और उनके साथ मिलकर काम करने में हम लोगों को काफी खुशी महसूस हो रही है। यह स्वागत जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव युगल किशोर प्रसाद के नेतृत्व में बीडीओ से मुलाकात कर सभी स्वयंसेवक के कार्यो से अवगत कराया गया। प्रखण्ड अध्यक्ष हीरा सिंह ने कहा कि हम सभी स्वयंसेवक पंचायत में हमेशा सरकार के सभी योजनाओं को निष्ठा पूर्वक कार्य करते है। मौके पर दिनेश्वर कुमार, शंकर कुमार, गोपाल राम, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, विकास कुमार, संदीप गोस्वामी, मो. साहनवाज, हेमलता, उगन भुइँया, जयलाल और जितेंद्र के अलावे अन्य स्वयंसेवक शामिल थे।

## बीडीओ ने किया रोजगार सेवकों के साथ बैठक, दिए कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने ऑफिस में रोजगार सेवकों के साथ सोमवार को बैठक किया।जहां कई दिशा निर्देश दिए। बताते चलें एमआइएस में सुधार करना रिजेक्ट ट्रांजैक्शन को हटाना सत प्रतिशत जियो टैग करना मनरेगा कार्यो में तेजी लाना एईपीएस को बढ़ाना वह अन्य कई निर्देश सभी रोजगार सेवकों को बीडियो ने दिया है। मौके पर सहायक अभियंता मनोज कुमार रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी प्रदीप कुमार पार्वती कुमारी सत्येंद्र कुमार ऑपरेटर अभय कुमार सिंह उपस्थित थे।

## प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर में समाधान संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत कार्यक्रम का आयोजन सोमवार किया गया। यह कार्यक्रम समाधान संस्था के सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र कुमार एवं राकेश गंझु के द्वारा करवाया गया। जहां बाल विवाह बाल मजदूरी बाल तस्करी बाल शोषण के बढ़ते अपराध के खिलाफ बच्चे एवं बच्चियों को बतलाया गया। और बतलाया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियां एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के से मजदूरी करवाना एवं विवाह करना कानूनंन अपराध है।अदि गांव घर में बच्चे व बच्चियों के साथ जबरण शोषण किया जाता है।तो इसकी सूचना 1098 चाइल्ड प्रोसेशन एवं आपातकालीन घटना में 112 नंबर पर कॉल कर पीड़िता को संरक्षण दिलाने का कार्य किया जा सकता है।ताकि अपराध होने से बचाया जा सके। मौके पर उपस्थित शिक्षक डॉ. राजीव कुमार दास गेंदों रविदास पंकज कुमार चंदन कुमार पांडेय संतोष सेठ राजीव नयन प्रकाश उमेश पान्डेय मीनाक्षी कुमारी निर्मला कुमारी रमजान अली अंसारी नरेंद्र कुमार सिंह के साथ दर्जनों बच्चे बच्चियों उपस्थित थी।

## बीडीओ ने किया कूप निर्माण व बागवानी का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड के अंतर्गत बारियातू पंचायत के गांगपुर में बीडीओ हरिनाथ महतो सोमवार को कुप एवं बागवानी का निरीक्षण किया। इस दौरान निसरीन परविन का मनरेगा योजना से हो रहे कूप तथा साजमा खातून एवं सैबुन निशा का बागवानी को देखा। जहां लगभग दो एकड़ भूमि पर लगे बागवानी को देख संतुष्ट हुए। इस दौरान मौके पर उपस्थित मनरेगा रोजगरसेवक को जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ रामकुमार सिंह, सहायक अभियंता मनोज कुमार, रोजगरसेवक निर्मल दांगी, मुकेश साव, कौसर अली सहित लाभुक उपस्थित थे।

# लातेहार की खबरें

## सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सीआरपीएफ ने ग्रामीणों के बीच बांटी जरुरी सामग्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बरवाहीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगरू पंचायत में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत सीआरपीएफ के 112 वीं बटालियन के सीआरपीएफ द्वितीय कमान अधिकारी जयप्रकाश सिंह एवं कंपनी कमांडर जीटी गर्ग नारायण बर्मन के निर्देश पर सोमवार को चुंगरू पंचायत के अम्वाटीकर, कटिया जोबे एवं आसपास के गांव के ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों के बीच दैनिक जरूरत के सामान तिरपाल, कंबल, वॉटर टैंक, स्कूली बच्चों के बीच कॉपी किताब और अन्य जरूरत के सामानों का कमान अधिकारी जयप्रकाश सिंह, छिपादोहर, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार द्वारा कई ग्रामीणों के बीच बारी बारी से सामानों का वितरण किया गया। मौके पर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए द्वितीय कमान अधिकारी जय प्रकाश सिंह ने कहा कि सामुदायिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं पुलिस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। सीआरपीएफ ग्रामीणों को सुरक्षा ही प्रदान नहीं करती बल्कि आपके सुख-दुख में हमेशा तत्पर रहने के लिए खड़ी है। ग्रामीणों का सहयोग का प्रतिफल है कि क्षेत्र से उग्रवाद व अपराध पर पूर्ण रूप से अंकुश लगा है। मौके पर चुंगरु पंचायत मुखिया बलदेव परहिया, हरातु मुखिया प्रतिनिधि जनेश्वर सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्रसव हुई महिला की गई जान, ग्रामीणों ने काटा बवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के फूलसु पंचायत अंतर्गत करमा ग्राम निवासी सुनीता देवी (21) वर्षीय पति लालधारी गंझु की प्रसव के बाद मौत हो गई। जिससे आक्रोषित ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा.घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मृतक के पति लालधारी गंझु ने बताया की मेरे पत्नी सुनीता की रविवार शाम को प्रसव पीड़ा हुआ. प्रसव पीड़ा होने के बाद बठेठ बरछिया निवासी कौशर अंसारी पिता सतार अंसारी का बोलेरो से स्वास्थ्य उपकेंद्र बारियातू ले गए. जहाँ एएनएम जीवन लकड़ा द्वारा सामान्य प्रसव कराया गया. प्रसव के बाद चक्कर आने लगा. स्थिति को देखते हुए एएनएम ने लातेहार रेफर कर दिया. रेफर के बाद लातेहार के लिए बोलेरो से निकले. जैसे ही बालूमाथ पहुंचे वैसे ही ड्राईबर कौशर अंसारी ने बालूमाथ श्री हॉस्पिटल चलने को कहा.वहीं उसने बताया की हम गांव देहात के आदमी हैं. समझ नहीं सके. श्री हॉस्पिटल के डॉक्टर ने



गाड़ी में ही पत्नी की आंख और जीभ देख कर चतरा मेहता हॉस्पिटल में फोनकर बोला एक पेसेन्ट को भेज रहे हैं. और चालक व श्री हॉस्पिटल के चिकित्सक के कहने पर वहाँ चले गए जहाँ एक घंटे तक इलाज किया और रिम्स रेफर कर दिया. रिम्स ले जाने के क्रम में मौत हो गई. वहीं भोगता समाज के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु, ग्रामीण वीरेंद्र केशरी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा की बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज तीनो प्रखंड का स्वास्थ्य उप केंद्र का संचालन बालूमाथ से होता है. बालूमाथ में इलाज के लिए समुचित व्यवस्था नहीं रहता है जिसके कारण लातेहार व रिम्स रेफर कर दिया जाता है. जिसका नाजायज फायदा प्रावेट हॉस्पिटल उठाते हैं. कमीशन सेटिंग के कारण श्री हॉस्पिटल के चकित्सक और चालक द्वारा चतरा मेहता हॉस्पिटल भेजा गया. जिससे महिला की जान चली गई. ग्रामीणों ने घंटो भर बरछिया मुख्य सड़क के पास बवाल काटा. सरकारी उपस्वास्थ्य केंद्र द्वारा रेफर किए जाने वाली प्रसव पीड़ा महिला के इलाज के लिए सीएचसी बालूमाथ में सुविधा उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

## शिक्षक संघ ने प्रस्तावित शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2024 की ड्राफ्ट की कॉपी जला कर जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों में प्रस्तावित प्रोन्नति नियमावली-2024 को लेकर काफी आक्रोश है। झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के बैनर तले राज्य भर के शिक्षक लगातार विरोध कर रहे हैं। शिक्षक संघ के आह्वान पर घोषित आंदोलन में रविवार को लातेहार जिला के शिक्षक जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव के नेतृत्व मे प्रस्तावित प्रोन्नति नियमावली की ड्राफ्ट कॉपी जला कर विरोध किया। जिला अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि विभाग द्वारा जो प्रोन्नति नियमावली का ड्राफ्ट तैयार किया गया उसमें काफी विसंगतियां है। प्रस्तावित प्रोन्नति नियमावली में निम्न विभेद है। 1) TET कि अनिवार्यता केवल 2015-16में नियूक्त शिक्षकों के लिए है पूर्व से नियूक्त शिक्षकों के लिए नही हैं।जबकि ग्रेड 4 में ऋक्षश्च के अनुसार पद सृजित किये गये हैं। 2) ग्रेड 7 में प्रोन्नति के लिए 2015-16 में नियूक्त शिक्षकों के लिए 10 वर्ष का कालावधि निर्घारित किया गया जबकि पूर्व से नियूक्त शिक्षकों के लिए 5 वर्ष है। ड्राफ्ट नियमावली एक खास वर्ग के शिक्षकों को लाभ पहूचाने के उद्देश्य से किया गया अगर विभाग इसमें तत्काल संशोधन नहीं किया तो झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ चरणबद्ध आन्दोलन को तेज करेंगे। सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रोन्नति नियमावली का कई शिक्षक संगठनों ने विरोध किया है।अगर इसके बाद भी सरकार नियमावली में संशोधन नहीं करती है तो आगामी 17 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। इस आक्रोश कर्यक्रम में जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह संजीव कुमार चंद्र अनिष कुमार सिंह अश्वनी पांडेय दिलीप सिंह अविनाश, सुदामा सिंह दिलीप कुमार सिंह गोबिंद सिंह प्रवीण कुमार कृष्ण कुमार भगत समेत कई शिक्षक शामिल थे।

## शिव शनि देव मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव 1 फरवरी से

### 1 फरवरी को मंदिर परिसर से निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के बाजारटांड स्थित शिव शनि देव मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव को लेकर तैयारी आरंभ कर दी गई है। मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका ने बताया कि शिव शनि देव मंदिर का वार्षिकोत्सव को लेकर तैयारी आरंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि श्री शिव शनि मंदिर चतुर्थ वार्षिक उत्सव को लेकर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसके तहत 1 फरवरी 2024 दिन गुरुवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात वेदी पूजन का कार्यक्रम होगा 02 फरवरी दिन शुक्रवार 2024 को प्रातः 8:00 बजे शनि अभिषेक, रुद्रा अभिषेक, और हवन का कार्यक्रम होगा 12:30 बजे दीप प्रज्वलन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। जिसमें अध्यक्ष श्री महलका ने सभी



आमजनों धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया है कि तन मन धन से सहयोग करते हुए मंदिर परिसर में पहुंच प्रसाद ग्रहण करें।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर की बैठक संपन्न, स्थापना दिवस पर चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के कारगिल पार्क के पास स्थत श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के कार्यकारिणी समिति की एक बैठक अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव सह स्थापना दिवस की तैयारियों की समीक्षा की गयी। मंदिर का 31 वां वार्षिकोत्सव सह स्थापना दिवस का तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा।जबकि 21 फरवरी को दुर्गा सप्तशति का पाठ किया जायेगा और 22 फरवरी को हवन व पूर्णाहुति के बाद अपराह्न एक बजे से साढ़े चार बजे तक भंडारा का आयोजन किया जायेगा।21 फरवरी को ही संध्या आठ बजे से माता के दरबार में बाहर से आये कलाकारों के द्वारा भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा।कलश यात्रा का प्रभारी रंजीत कुमार को बनाया गया है। जबकि सह प्रभारी आकाश कुमार जायसवाल, पंकज प्रसाद गुप्ता, प्रदीप प्रसाद, सतीष कुमार,



उज्जवल कुमार व दीपू प्रसाद को बनाया गया है। दुर्गा सप्तशति पाठ में बतौर मुख्य यजमान पंकज प्रसाद गुप्ता व संतोष कुमार पिंटू सपत्नीक ने अपनी सहमति दी है।पाठ पुजारी त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य में संपन्न कराया जायेगा। भंडारा का प्रभारी शशिभूषण पांडेय को बनाया गया है जबकि सह प्रभारी अशोक दास, राजू रंजन सिंह, रविंद्र प्रजापति, विजय प्रसाद गुप्ता, दीपक विश्वकर्मा, प्रदीप प्रसाद को बनाया गया है। भगवती जागरण का प्रभारी आशीष टैगोर व सह प्रभारी रंजीत कुमार को बनाया गया है। स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है। बैठक में सामुहिक रूप से प्रयास कर आयोजन को सफल बनाने की अपील अध्यक्ष श्री गुप्ता ने की। बैठक में उपरोक्त लोगों के अलावा समिति के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहु व अजीत कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकार आनन्द राज के पिता का निधन अंतिम संस्कार में उमड़े लोग

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सांढ़ निवासी पत्रकार सह पूर्व वार्ड सदस्य आनन्द राज के पिता 80 वर्षीय सुगन पासवान का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी गुलबी देवी समेत प्रथम पुत्र प्यारे राम पासवान, द्वितीय अशोक पासवान, तृतीय पुत्र पूर्व वार्ड सदस्य पत्रकार आनन्द राज, पुत्री रेखा कुमारी, पुत्र वधु वार्ड सदस्य अंजू कुमारी, जल सहिया सरिता पासवान, सुमा देवी,अमरदिप पासवान,अंकित कुमार,अनुराज जीत, विक्की ,विक्रम, शिम्मी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार बड़की नदी स्थित छपेरवा श्मशान घाट में किया गया। मुखाग्नि प्रथम पुत्र प्यारे राम पासवान ने दी। उनके आत्मा को शांति प्रदान के लिए दो मिनट मौन धारण किया। इनके शव यात्रा एवं शोक सभा में विधायक अम्बा प्रसाद के भाई अंकित राज, आजसू के सन्दीप कुशवाहा, पत्रकार दीपक सिन्हा, नरेश कुमार, सजंय सागर, रितेश ठाकुर, अमित मालाकार, आशीष कुमार, पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी, बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी, बिनोद राम, गुलाब राम, बालेश्वर राम, मनोज पासवान, महेश पासवान सहित अन्य प्रबुद्ध शामिल थे।

### जेएसएससी परीक्षा पेपर लीक में युवाओं का उबला गुस्सा, फूँका मुख्यमंत्री का पुतला

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेएसएससी (सीजीएल) सचिवालय की परीक्षा रविवार 28 जनवरी 2024 को होनी थी,परंतु परीक्षा के एक दिन पूर्व ही पेपर लीक हो गया।झारखंड सरकार हेमन्त सोरेन की बदइंतजामी की वजह युवाओ का भविष्य अधर में लटक गया। इसको लेकर विष्णुगढ़ के युवा और भाजयुमों ने सातमिल चौक विष्णुगढ़ में हेमन्त सोरेन का पुतला फूंका। विष्णुगढ़ भाजपा युवा मोर्चा ने दुर्गा मंदिर प्रांगण से लेकर सतमिल चौक तक आक्रोशित युवा हेमन्त सरकार का विरोध जताते हुए, हेमन्त सोरेन हाय-हाय,युवाओ के भविष्य कर साथ खिलवाड़ करना बन्द करो के नारे लगाते हुए सातमिल चौक में हेमन्त सोरेन का पुतला फूंका। इस मौके पर प्रदेश भाजयुमों कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार महतो ने पेपर लीक की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि, छात्र दिन रात की मेहनत कर किसी परीक्षा की तैयारी करते है,ऐसे में यह निक्कमी सरकार की बदइंतजामी की वजह से कितने युवाओ का भविष्य खराब होता है,परन्तु इस सरकार को इसकी तनीक भी चिंता नही है। इस कृत्य के लिए सरकार अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, मंत्री राजेश सोनी,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बासुदेव महतो,अनु0जाति मोर्चा महामंत्री दीपक कुमार रजक,दिनेश कुमार मंडल,सतीश कुमार पटेल,तुलसी कुमार महतो ,राजू महतो,वीरेंद्र भाई पटेल,प्रमोद कुमार,उमेश कुमार लालधन कुमार,प्रकाश मंडल सुधीर नायक,मिथिलेश कुमार महतो,इमरान खान,अर्जुन कुमार समेत काफी संख्या में युवा शामिल थे।

### कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों को दिया गई विदाई

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत सरस्वती उच्च विद्यालय में कक्षा दसवीं के छात्र को विदाई दिया गया। इस विदाई समारोह में बच्चों एवं शिक्षको के आंखों में नमी दिखाई दी ।

### करण जायसवाल बने हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी जयप्रकाश खंडेलवाल को

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को बड़ा बाजार चौक स्थित उपाध्यक्ष विकास केसरी के निवास स्थान पर हजारीबाग यूथ विंग की एक अहम बैठक हुई, अध्यक्षता संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने की। बैठक के दौरान हजारीबाग यूथ विंग के नए अध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा के उपरांत संरक्षक के द्वारा करण जायसवाल के नाम का प्रस्ताव डाला गया। अंत में सभी के निर्णय से सदर विधायक मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वहीं उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल का मनोनयन किया गया है। इसके अलावा अभिषेक कुमार पांडे, मोहम्मद ताजुद्दीन, प्रणीत जैन, सिद्धांत जैन, प्रवेक जैन, विकास तिवारी, डॉ वी वेंकटेश, सनी देव, गुंजन मद्धेशिया को कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व दिया गया। वही सचिव के पद पर संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी एवं कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल को उनके पूर्व की जिम्मेदारी दी गई है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में हजारीबाग यूथ विंग एक नए आयाम को स्थापित करेगा।मौके पर अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि अध्यक्ष के रूप में जो दायित्व आप सबों ने मेरे कंधे पर दिया है उसे निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। साथ मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, जयप्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य डॉ वी वेंकटेश, अभिषेक कुमार पांडे, प्रणीत जैन, सिद्धांत जैन, गुंजन मद्धेशिया,प्रवेक जैन, मोहम्मद ताजुद्दीन, सौरव कुमार एवं सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य मौजूद थे।



## जदयू महिला प्रकोष्ठ ने मनाया गणतंत्र दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग की महिला प्रकोष्ठ के द्वारा 75 वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आयोजन झील रोड स्थित अशोक सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष युवा के आवासीय कार्यालय में हुआ।झंडोत्तोलन महिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी और सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से किया।मौके पर सांस्कृतिक विकास केंद्र के विद्यार्थियों समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस आयोजन में सांस्कृतिक विकास केंद्र के संतोष कुमार सुमन, निशू राज,नेहा कुमारी, प्रियांशी गुप्ता,पीहू रानी, नित्यामी कुमारी,अनमोल तिर्की समेत महिला प्रकोष्ठ की ओर से द्रौपदी देवी,नजराना प्रवीण, सोनी कुमारी ,पिंकी देवी रीना देवी और जनता दल यूनाइटेड की सचिव सुजाता सिंह ने शिरकत की।



## विष्णुगढ़ कांग्रेस पार्टी ने वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह में पार्टी के विस्तार पर दिया जोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ होटल अथिति सत्कार में प्रखण्ड कांग्रेस कमिटि ने वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया । बैठक में शामिल कार्यकर्ताओं से पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन के विस्तार एवं मजबूती पर गहनता से चर्चा की और पार्टी को हर परिस्थिति में पूरी मजबूती के साथ एक जुट होकर खड़े रहने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित कांग्रेस के वरीय नेता सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार एवं प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने कहा कि गैर कांग्रेसी दलो का सिद्धांत बचा है,ना नीति। गैर कांग्रेसी दलों को जनहित से कोई सरोकार नहीं है।आत्महित में गैर कांग्रेसी दलों जिसमे खास कर भाजपा राज्य की चुनी हुई सरकार को अस्थिर कर कब्जा जमाने मे जुटी है।इसका ताजातरीन राज्य विहार है जहां सरकार में तोड़फोड़ कर अपने पाले में करने में भाजपा सफल हो गयी।भाजपा का यह प्रयोग झारखण्ड में सफल नही होने दिया जायगा।



## श्याम स्टील कंपनी का एक दिवस प्रशिक्षण आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग :** कटकमदाग प्रखंड के गोंदा डैम स्थित श्याम स्टील कंपनी की ओर से सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कंपनी से जुड़े डीलर सुरेश सीमेंट एजेंसी कदमा की ओर से प्रखंड क्षेत्र के ठेकेदारों व कुशल राजमिस्त्री को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के सीनियर सेल्स अधिकारी विनय कुमार रजक व सौरव कुमार ने कंपनी की गुणवत्ता पर जानकारी दी। इस मौकेषपर डीलर सुरेश कुमार, ठेकेदार परमेश्वर साव, देवनाथ साव, बालेश्वर यादव, डालेश्वर पासवान, टीकेश्वर प्रसाद, मुलचंद साव, रवि कुमार सहित कई ठेकेदार व मिस्त्री उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने सुना प्रधानमंत्री की परिक्षा पे चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली, हजारीबाग के कक्षा दशम एवं द्वादश की बोर्ड परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से एटीएल में एवं डिजिटल बोर्ड के माध्यम से कंप्यूटर लैब में दिखाया गयाद्य इस कार्यक्रम को देखकर भैया- बहन काफी लाभान्वित हुए द्य विद्यालय से कक्षा दशम एवं द्वादश बोर्ड परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों को सुना द्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों से कहा तनाव से बचे ,चुनौतियां एवं स्पर्धा का सामना करें, कंपटीशन भाव के साथ पढ़ाई करें, हेल्दी स्वास्थ्य पर ध्यान दें, नकारात्मक स्पर्धा से बचना आवश्यक है, पूर्व के परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों का अभ्यास करें, स्वयं से कंपटीशन करे द्य प्रतिभावान दोस्त से हमारा विकास होता है, स्पर्धा मित्र से नहीं स्वयं से करें साथ ही सकारात्मक भाव को लेकर परीक्षा की तैयारी करेंद्य इन सभी बातों को विद्यार्थियों ने सुना द्य इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों एवं अभिभावकों के प्रश्नों का जो उत्तर दिया उससे विद्यालय के भैया- बहन काफी लाभान्वित हुएद्य प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को बच्चों ने धैर्य पूर्वक सुना एवं आत्मसात करने का संकल्प लिया द्यमौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह,प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन,आचार्य संजय कुमार उपाध्याय, अमरदीप कुमार,नरेंद्र कुमार सिन्हा, आचार्य बंधु- भगिनी एवं भैया- बहन उपस्थित थे द्य गौरतलब है कि आज विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने सफलता के सूत्र विषय पर कक्षा दशम एवं द्वादश के परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आप सभी संयमित होकर होकर विषय की तैयारी करें द्यस्वयं का मूल्यांकन करें द्य विगत वर्ष के प्रश्न पत्रों का अभ्यास, लर्निंग प्लानिंग के साथ तैयारी करेंद्य आपको सफलता अवश्य मिलेगी द्य मौके पर विद्यालय के भैया- बहन एवं आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे ।

## बड़कागांव युवा कांग्रेस के प्रखंड उपसचिव बने तंजील फैसल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम निवासी तंजील फैसल को कांग्रेस पार्टी के युवा प्रखंड उपसचिव के पद पर मनोनीत किया गया।

युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता द्वारा इंटक सचिव अंकित राज के हाथों मनोनीत पत्र देकर बधाई दिया।

मौके पर तंजील फैसल ने कहा के पार्टी द्वारा जो जिम्मेवारी मुझे दी गई है उसका निर्वहन मैं निष्ठापूर्वक करूंगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश यादव, प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, 20 सूत्री सदस्य जमाल सगीर, मो अहमद उल्लाह, हाजी फखरे आलम, सुरेश महतो, संजय महतो, मुन्ना खान सहित अन्य लोग शामिल हैं।



## नशीले पदार्थों के सेवन से युवाओं को बचाने के लिए जिप प्रतिनिधि की अध्यक्षता में हुई विशेष बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत सिरमा पंचायत के छवनिया गांव में जिप सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम के अध्यक्षता में मुस्लिम समाज में बढ़ते नशा को रोकने के लिए बैठक की गई।

नशा को रोकने को लेकर मौलाना गुलाम मुस्तफा ने पवित्र कुरान और हदीस के किताब का हवाला देते हुए लोगो को नशीले पदार्थों के सेवन से बचने का संदेश दिया। मोहम्मद संजर ने कहा के शिक्षा की कमी के कारण युवा नशाखोरी कर रहे हैं और समाज बर्बादी की तरफ जा रहा है। साथ ही साथ मोहम्मद फारूक, मोहम्मद अल्ताफ, सेक्रेटरी मोहम्मद निजामुद्दीन ने भी नशा पर कड़ी से कड़ी पाबंदी लगाने पर जोर दिया। समाजसेवी सोनू इराकी एवं जानिसार ने नशा मुक्ति से निजात दिलाने के लिए घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाने एवं इससे होने वाली बीमारियों के बारे में बताया।



## दलित राष्ट्रपति को न्योता नही मिलना दुर्भाग्यपूर्ण : आरसी मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आज लोकतंत्र तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। देश में चुनी हुई सरकारों को प्रलोभन देकर सरकार गिराना अलोकतांत्रिक है, विपक्ष को कमजोर करना दमनकारी नीति है देश में किसान मजदूर बेरोजगार सरकारी कर्मी ड्राइवर पारा शिक्षक वकील डॉक्टर छोटे व्यापारी पत्थर बालू ट्रैक्टर व्यवसायी बेबस है।मोदी सरकार 2 करोड़ नौकरी प्रतिवर्ष देने का वादा करके तकरीबन 5 करोड लोगों की नौकरी छिना गया। रेल हवाई जहाज सिसिएल एलआइसी अस्पताल स्कूल कॉलेज इत्यादि दर्जनो सरकारी संस्थाओं का निजीकरण किया गया। देश में ईडी आयकर जैसी सरकारी संस्थाओं को तोता बनाया गया। सहारा इंडिया एवं सेबी में जमा गरीबों का जमा धन केंद्र सरकार देने में आनाकानी कर रही है। पेंशन छीना गया कृषि काला बिल सरकारी नौकरी के जगह देश में आउटसोर्सिंग ठेका थोपा गया,जिसमें एक ही विभाग में कार्यरत सरकारी नौकरी में किसी को 80 हजार मिल रहा है तो वहीं आउटसोर्सिंग में मात्र 8 हजार है। अग्निवीर देश के लिए घातक है।कुछ कॉर्पोरेट व्यापारियों को खाने का पूरा मौका दिया गया है। गरीब मध्य वर्ग मजदूर बेरोजगार वेवस है।रसोई गैस 400 से 1200 पर आ गई है रसोई सिलेंडर कोने में रखकर गरीब झूरी गोईठा काठी से खाना बनाने को मजबूर है। पेट्रोल डीजल बिजली चार गुणा महंगा भ्रष्टाचार शिष्टाचार बना ,खाद्य सामग्री चार गुना महंगा,लोगों की आमदनी घटता जा रहा है उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के हजारीबाग विधानसभा उपविजेता ने अपने कार्यालय पीटीसी में कहा।

डॉ मेहता ने कहा कि हालात भयावह है राम प्राण प्रतिष्ठा रामनवमी के दिन चैत में होना चाहिए, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए 22 जनवरी को किया गया। देश में सामाजिक न्याय खतरे में है पिछड़ा आयोग का गठन कर सरकार तत्काल जातिगत गणना करावे, जिसकी जितना आबादी उसकी उतनी भागीदारी हो। देश की दलित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संसद भवन एवं राम मंदिर उद्घाटन समारोह में आमंत्रित नहीं किया जाना छुआछूत को बढ़ावा देने वाला तथा दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसे इतिहास के पन्नों में दर्ज किया जाएगा। हिंदू धर्म के चार स्तंभ शंकराचार्यो को गौण रहना न्यायोचित नहीं है।



### 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू प्रखंड के सभागार में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष शशि मोहन सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुआ। जिसमें 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित थे। वहीं कई विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थित होने पर कड़ी नाराजगी जताई गई। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने दूरभाष से सभी अधिकारियों से संपर्क कर आने का निर्देश दिया। बैठक आरंभ होने के बाद मनरेगा कार्य में अनियमितता, अबुआ आवास चयन में मनमानी, बिजली विभाग की लापरवाही, पेयजल स्वच्छता विभाग की गड़बड़ी, आंगनबाड़ी केंद्र के कई भवनों की जर्जर स्थिति, विशेष प्रमंडल द्वारा निर्मित मेढकुरी विद्यालय में अनियमितता, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभागों की समीक्षा किया गया। वही सभी अधिकारियों को सम्मानित अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा या अन्य सम्मानित लोगों के द्वारा उठाए गए प्रश्नों की लिखित उत्तर देने का भी निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी की महिला पर्यवेक्षिका बेबी कुमारी ने बताई की सरकार की नई योजना आई है। जो विधवा महिलाओं को विवाह करने के बाद 2 लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मौके पर 20 सूत्री सदस्य बालेश्वर प्रसाद, रामचंद्र महतो, मोहम्मद ऐनुल, राजन कुमार, सांसद प्रतिनिधि मिट्ठू राम, विधायक प्रतिनिधि बसंत नारायण सिंह, ईरगा पंचायत समिति सदस्य शांति देवी, डाक्टर अपरेश कुमार बीपीओ स्वाति वर्मा, आशीष कुमार आंगनबाड़ी महिला प्रवेक्षिका अंजनी कुमारी, मीनाक्षी बक्शी, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित।



## सीसीएल ऑफिसर क्लब चरही में झारखंड कोलयारी मजदूर यूनियन का पिकनिक सह मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** शोमवार को सीसीएल ऑफिसर क्लब चरही में झारखंड कोलयारी मजदूर यूनियन का पिकनिक सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता राज कुमार वर्मा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी ने किया वही संचालन अनवर अहमद धीरज मांझी व सोमरा मुंडा ने किया। वही राजकुमार वर्मा ने बताया की हम लोग हर वर्ष पिकनिक सह मिलन समारोह का आयोजन करते हैं इसी बहाने हम सभी हजारीबाग क्षेत्र के यूनियन के पदाधिकारी वा मजदूर एकत्रित होते हैं और मिलकर कुछ यूनियन की बातें भी कर लेते हैं और मजदूर के हित के लिए बाते भी कर लेते हैं। मजदूर के हित के लिए भी हम लोग डिस्कस कर लेते हैं वहीं उन्होंने झारखंड कोलयारी मजदूर यूनियन के हजारीबाग क्षेत्र के लोगों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं भी दिए और उन्होंने बताया कि हम लोग पदाधिकारी के साथ मिलकर मजदूर के हित के लिए काम करते। और उन्होंने बताया कि हमारे झारखंड कोलयारी मजदूर यूनियन में सभी मजदूर जुड़े और जुड़ कर रहे हैं तो उनके हित के लिए प्रबंधन से हर तरह की लड़ाई को यूनियन के पदाधिकारियो के साथ मिलकर लडेंगे। वहीं मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड कोलयारी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष कुर्बान अंसारी, सचिव अकल उरांव , जोनल संयुक्त सचिव डालचंद महतो , रामकिशोर मुर्मू केंद्रीय सदस्य झामुमो,अनवर अहमद क्षेत्रीय उप सचिव,धीरज कुमार मांझी सचिव जी एम यूनिट,सोमरा मुंडा अध्यक्ष जी एम यूनिट,मनीषा सिंह उपाध्यक्ष जी एम यूनिट, सह महिला मोर्चा अध्यक्ष हजारीबाग एरिया , परमेश्वर सिंह भोक्ता, अब्दुल बारीक ,दिनेश्वर रविदास, अनिल मुर्मू संतोष राम ,सुरेंद्र हांसदा, अरुण कुमार हेंब्रोम, रामवीर मुर्मू ,मो इरफान अंसारी ,रामजी मांझी मोहम्मद फिरोज, एसके पांडे ,लकेश्वर चौहान दिवाकर टुडू ,ओमप्रकाश सहित सैकड़ो यूनियन मजदूर उपस्थित थे।



## विष्णुगढ़ के लाल का पार्थिव शरीर पहुँचा उनके पैतृक गांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** इंडियन आर्मी के जवान सुनील कुमार महतो का पार्थिव शरीर सोमवार को बगोदर बस स्टैंड पहुंचा। जवान का शव पहुंचते ही पूरा प्रखण्ड गमगीन हो गया।लोग सुनील कुमार महतो अमर रहे के नारे लगाते रहे,बस स्टैंड परिसर में ही जवान को श्रद्धांजलि दी गई और इसके उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव विष्णुगढ़ के सिरंय ले जाया गया जहाँ जमुनिया नदी मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बताया जाता है कि बगोदर से सटे बिष्णुगढ़ प्रखंड के सिरंय गांव के रहने वाले सुनील कुमार महतो इंडियन आर्मी में कार्यरत थे। पंजाब के जालंधर में पोस्टेड थे,वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे ,जालंधर स्थित आर्मी अस्पताल में जवान का इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई।वे अपने पीछे पत्नी सहित छह माह के दो जुड़वे बच्चे को छोड़ गए है।

दो वर्ष पूर्व हुई थी जवान की शादी जानकारी के अनुसार 6 साल पूर्व सुनील कुमार महतो की इंडियन आर्मी में नियुक्ति हुई थी। वहीं दो साल पूर्व उनकी शादी हुई थी।वे काफी मिलनसार व्यक्ति थे। ऐसे में असमय उनकी मौत होने से पूरे इलाके में शोक की लहर है। इधर, जवान की मौत के बाद पत्नी सहित परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।विष्णुगढ़ मध्य भाग के जिप सदस्य शेख तैयब ने आर्मी जवान की मौत को दुखद बताया है।उन्होंने कहा कि सुनील की कमी हमेशा खलेगी।इस मौके पर मुख्य रूप से सिरय मुखिया मति हेमंती देवी,सांसद प्रतिनिधि सुशील कुमार मंडल,पूर्व मुखिया राजेंद्र कुमार महतो,करगालो मुखिया मोतीलाल महतो,पंसस युगल महतो,सारुकुदर मुखिया उत्तम कुमार महतो,घाघरा मुखिया लक्ष्मण महतो,भाजपा नेता चंद्रनाथ भाई पटेल,पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल, तालेबर महतो,रुपलाल भाई पटेल,हुलाश महतो,नागेश्वर महतो समेत हजारो की संख्या में लोग अंतिम संस्कार में शामिल थे।



## रांची में गुजराती फूड फेस्टिवल का आयोजन




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची में मेहमानों के लिए, जिसे झरनों के शहर के रूप में भी जाना जाता है, गुजराती फूड फेस्टिवल गुजरात के समृद्ध स्वादों में डूबने का एक आदर्श अवसर था। झारखंड की राजधानी में ग्रीन होराइजन में प्रामाणिक गुजराती व्यंजनों के समृद्ध और विविध स्वाद का जश्न मनाने के लिए गुजरात पर्यटन द्वारा आयोजित खाद्य उत्सव ने मेहमानों को स्वादिष्ट गुजराती व्यंजनों का आनंद लेने में सक्षम बनाया। यह फूड फेस्टिवल वाकई में एक उल्लासपूर्ण उत्सव था, जो प्रामाणिक गुजराती रसोई के सुगंधित आनंद से भरा था। यहां पर आयोजन स्थल को गुजराती फूड कल्चर के वाइब्रन्ट डिस्प्ले से सजाया गया था, जिसने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाने के लिए भव्य मंच तैयार किया था। इस फूड फेस्टिवल में सम्मानित अतिथियों ने मिनी हांडवो, पात्रा, खांडवी, ढोकला, खमन, फुलवड़ी, बटाटा वडा और मेथिना गोटा सहित पारंपरिक गुजराती स्नैक्स की एक विस्तृत श्रृंखला का आनंद लिया। मेहमानों ने आनंददायक बातचीत के साथ ही सेव तमेटा नू शाक, लसानिया बटाका, रिंगन नो ओलो, वाल, मग नी लचको दाल, भरेली डुंगली नू शाक, गुजराती कढ़ी, रजवाड़ी कढ़ी, भात, वाघरेलो रोटलो, कचुंबर, पापड़, मसाला छाश और अथाणु( आचार) जैसे व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। इस फूड फेस्टिवल में चूरमा ना लाडू( चूरमे के लड्डू), लापसी, अंगूरी बासुदी, राजभोग मठो, दूधी नो हल्वो और सुखड़ी सहित आकर्षक पारंपरिक गुजराती मिठाइयों की स्वादिष्ट श्रेणी प्रदर्शित की गई थी। प्रत्येक मीठे भोग ने गुजरात की समृद्ध मीठी परंपराओं के सार को समाहित किया था।

## कंटेंट निर्माण में सही तकनिकी उपकरण चुनने के लिए वेस्टर्न डिजिटल की हैंडबुक



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हालिया अध्ययन बताते हैं कि भारत में कॉन्टेंट क्रिएटरों की तादाद में अच्छा खासा इजाफा हुआ है। 2022 में जहां भारत में 8 करोड़ कॉन्टेंट क्रिएटर थे वहीं 2023 में इनकी तादाद 10 करोड़ होने का अनुमान है। आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगातार बढ़ते कंटेंट की मात्रा में अपने लिए जगह बनाना मुश्किल होता जा रहा है। इसलिए कंटेंट क्रिएटर्स को निरंतर और नया कंटेंट बनाने की जरूरत है, जिसके कारण उन्हें अपने क्रिएटिव सफर के लिए भारी मात्रा में डेटा को संभालना पड़ता है। ऐसे में सही तकनीकी टूल्स का चयन करना बहुत काम आता है। इस लेख में आपको कुछ ऐसी उपयोगी बातें व तरीके बताए जा रहे हैं जिससे आप स्मार्ट तरीके से अपने पीसी की परफॉरमेंस को बेहतर कर सकेंगे, जो कि कॉन्टेंट रचने की यात्रा में एक बेहद अहम पहलू है।सबसे पहले, एसएसडी (सॉलिड स्टेट ड्राइव) तेजी से बड़ी फाईल एक्सेस कर सकती हैं जिससे बूट टाईम और परफॉरमेंस तेज हो जाते हैं, फिर चाहे आप कंटेंट पर काम कर रहे हों, या स्ट्रीम कर रहे हों। वीडियो एडिटर्स को रॉ डाटा और भारी ऐडिटिंग सॉफ्टवेयरों के साथ काम करना होता है इसलिए उनका वक्त बहुत कीमती होता है।

## लॉरिआल इंडिया अपने छात्रवृत्ति कार्यक्रम फॉर यंग विमेन इन साइंस के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है

**पटना(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लॉरिआल इंडिया ने अपने छात्रवृत्ति कार्यक्रम फॉर यंग विमेन इन साइंस (एफवाईडब्ल्यूआईएस) 2023 के नवीनतम संस्करण की घोषणा की जोकि एक राष्ट्रव्यापी योग्यता पर आधारित छात्रवृत्ति कार्यक्रम है तथा यह योजना उन लड़कियों को स्नातक स्तर पर पढाई के लिए मंच प्रदान करती है जो विज्ञान में रुचि रखती हैं। लॉरिआल इंडिया ने अपने इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित करने शुरू कर दिए हैं जिनमें से सफल उम्मीदवारों को उनके पढ़ाई लिखाई से संबंधित खर्चो के लिए ढाई लाख रुपए तक की छात्रवृत्ति राशि प्रदान की जाएगी। यह छात्रवृत्ति योजना अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम लॉरिआल यूनेस्को फॉर विमेन इन साइंस का एक विस्तार है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान में पढ़ाई करके उनकी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में सहायता एवं जरूरी समर्थन प्रदान करना है।यह कार्यक्रम भारत में सन 2003 में स्थापित किया गया था। इस कार्यक्रम के माध्यम से वंचित वर्ग की युवा महिलाएं अपनी पसंद के किसी भी प्रतिष्ठित एकेडमिक इंस्टीट्यूशन में स्नातक स्तर पर विज्ञान की पढ़ाई कर सकती हैं। इस कार्यक्रम के तहत स्नातक स्तर पर विज्ञान की पढ़ाई के लिए कई क्षेत्र उपलब्ध हैं जिनमें प्योर साइंसेज, अप्लाइड साइंसेज, इंजीनियरिंग तथा मेडिसिन आदि शामिल हैं।

## नैतिकता के आधार पर हेमंत सोरेन त्यागपत्र दे : महेंद्र महतो



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के जिला सांसद प्रतिनिधि सह जिला कार्य समिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह मांग किया है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नैतिकता के आधार पर अपने पद से त्यागपत्र देकर ईडी से सामना करना चाहिए और जो ईडी ने आरोप लगाया है उस जांच में सहयोग कर सच्चाई को बताना चाहिए कांग्रेस पार्टी झारखंड की भोली भाली आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री बनकर भ्रष्टाचार करती है। इसी तरह निर्दलीय विधायक मधु कोड़ा को भी झारखंड का मुख्यमंत्री बनकर कांग्रेस पार्टी ने यहां के खनिज संपदा को भरपूर लुटकर अपने सभी सगे संबंधियों ने दिल्ली में विभिन्न कंपनियों में निवेश करवाया और बदनाम मधु कोड़ा हुए और जेल भी गए। आज फिर झारखंड में एकबार फिर मधु कोड़ा टु कांग्रेस पार्टी खेल रही है।

## पतरातू डीएवी पब्लिक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा देखा गया



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मशहूर कार्यकर्म परीक्षा पे चर्चा जिसमे पूरे देश के विभिन्न स्कूलों के हजारों बच्चो ने भाग लिया इसी क्रम में पतरातू डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों और शिक्षको ने लाइव क्लास में भाग लिया। स्कूल के कंप्यूटर क्लास में स्कूली बच्चों और शिक्षको ने मोदी जी की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। परीक्षा के समय बच्चो के होने वाले तनाव को कैसे कम करें अविभावको और शिक्षको की भूमिका पर भी चर्चा किए ।

## 1 फरवरी को रामगढ़ में यंग इंडिया मार्च को सफल करें : आइसा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आइसा द्वारा रामगढ़ पार्टी कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए आइसा नेताओं ने कहा कि यंग इंडिया के 10 सवाल पर राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान के साथ झारखण्ड के सभी जिलों में हस्ताक्षर अभियान चला रही है देश भर में मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आइसा विरोध कर रही है। मोदी सरकार 2020 में नई शिक्षा नीति लाकर फीस वृद्धि और सार्वजनिक शिक्षा को आम छात्रों के पहुंच से बाहर कर दिया है। इन्हीं सवालों पर आगामी 1 फरवरी को रामगढ़ में यंग इंडिया मार्च करते हुए सैकड़ों छात्र रामगढ़ ब्लाक में धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री को प्रेषित किया जाएगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में आइसा के जिला प्रभारी शिल्पी घोषाल, जिला अध्यक्ष सावित्री कुमारी और सावन कुमार शामिल हुए।

# कृषि प्रशिक्षण वाहन को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अन्तः जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रति किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि प्रशिक्षण वाहन को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़ के द्वारा जिले के सभी प्रखंडों के कुल 59 गावों में दिनांक 29-01-2024 से 28-02-2024 तक विभिन्न कृषको को जैविक खेती, टपक सिचाई के द्वारा खेती, प्राकृतिक खेती, मिटटी नमूना जाँच, तरबूज स्ट्रॉबेरी और मशरूम की खेती आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर उपायुक्त ने कृषि प्रशिक्षण वाहन का निरिक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान कृषि विशेषज्ञ द्वारा उपायुक्त को किसानो को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गयी। गौरतलब होकि उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को रामगढ़ जिले के किसानों को कृषि की नई तकनीक, आधुनिक उपकरणों के प्रयोग से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया है। इस क्रम में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा द्वारा 29-01-2024 से 30-01-2024 तक रामगढ प्रखंड, दिनांक 01-02-2024 से 05-02-2024 तक दुलमी प्रखण्ड, दिनांक 06-02-2024 से 13-02-2024 तक गोला प्रखंड, दिनांक 14-02-2024 से 16-02-2024 तक चितरपुर प्रखंड, दिनांक 17-02-2024 से 22-02-2024 तक मांडू प्रखंड एवं 23-02-2024 से 28-02-2024 तक पतरातू प्रखंड में किसानों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। मौके पर उपायुक्त ने हजारीबाग में 2 फरवरी 2024 तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय अन्तः राज्यीय प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए रामगढ़ जिले के 25 किसानों को रवाना भी किया।

# समाजसेवी दिलीप सिंह ने लिलोरी माता के मंदिर में माथा टेका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** समाजसेवी दिलीप सिंह ने सोमवार को कतरास लिलोरी स्थान में माथा टेका, पूजा अर्चना कर धनबाद वासियों की खुशहाली की कामना की। दिलीप सिंह स्थानीय बुद्धिजीवियों के बुलावे पर पहुंचे थे। जहां उन्हें सम्मानित किया गया। दिलीप सिंह ने कहा कि साल 2024 का यह प्रथम महीना है। पूरा साल लोगों के लिए खुशहाली और समृद्धि से भरा हो लिलोरी माइया से यही कामना करता हूं। मां लिलोरी मंदिर कतरास का अपना एक इतिहास है। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच शक्ति की भक्ति के लिए लिलोरी माता का दरबार भक्तो के लिए सदैव खुला है। बड़ी संख्या में भक्त माता के दरबार में हाजिरी लगाने आते हैं। आज इस पवित्र स्थल पर आकर काफी सुकून मिला। सभी बुद्धिजिवियो का आभार जिन्होंने विशेष तौर से आमंत्रित किया।

## विधायक मद से मतकमा चौक में वीर सिद्धू कान्हू की प्रतिमा लगेगी : अंबा प्रसाद



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार को पतरातू पीटीपीएस 5 नंबर रोड स्थित में जनता दरबार लगाया जा रहा है जिसमें विधायक सीधे आम जनों के संपर्क में पहुंचकर ग्रामीणों के समस्या का समाधान करने का कार्य करती रही हैं। इस दौरान विधायक ने विधायक मद से मतकमा चौक में वीर सिद्धू कान्हू की प्रतिमा लगाने हेतु विधायक मद से अनुशंसा की एवं अनुशंसा पत्र भी ग्रामीणों को सौंपी। इस दौरान विधायक द्वारा महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का ऑन द स्पॉट अनुशंसा किया गया।वहीं तत्काल समाधान होने पर वाले समस्याओं को मौके पर से ही दूरभाष के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,मो हसीब,अंजन प्रसाद,मुखिया विजय मुण्डा,झरी मुण्डा,रमेश बेदिया,योगेंद्र सिंह खरवार,अशोक प्रसाद,सुनैना देवी,अजय पासवान,हरिदास साव, शेम्स खान,रोहित साव,शिबू महतो,कपिल कुमार,मनोज महतो,राजेश महतो,अजय यादव एवं सैकड़ो फरियादी उपस्थित हुए।

## बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी, बाइक सवार की मौत

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पालू पंचायत के बांदा टोला निवासी पवन मुंडा उम्र-22 पिता उमेश मुंडा बाइक सहित गड्ढे में गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि पवन मुंडा पालू तरफ से पतरातू-खलारी मार्ग होते हुए पतरातू की ओर जा रहे थे। इसी दौरान महुआ मोड़ के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी और उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। वहीं ग्रामीणों द्वारा घटना स्थल से पवन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पतरातू पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जहां पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया।

## रजरप्पा क्षेत्र में ऊर्जा रत्न प्रतिमा का हुआ अनावरण



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के प्रशासनिक भवन प्रांगण में नवस्थापित प्रतिमा ऊर्जा रत्न का अनावरण हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (कार्मिक) के द्वारा किया गया। रजरप्पा क्षेत्र में कोयला श्रमिकों को समर्पित एक सुपरवाइज़र की प्रतिमा स्थापित किया गया है। जिसका अनावरण सोमवार को सीसीएल रजरप्पा महाप्रबंधक पी0 एन0 यादव की उपस्थिति में निदेशक (कार्मिक) द्वारा किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक (खनन) बिनोद कुमार सहित एसीसी सदस्यों के द्वारा निदेशक हर्ष नाथ मिश्र को पुष्प देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के सभी अधिकारी, कर्मी, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधिगण, समेत सैकड़ो उपस्थित थे।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के आलोक में 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक चलाए जाने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान राज्य समन्वक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम झारखंड रांची डॉक्टर सिद्धार्थ के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, कुष्ठ रोग के उपचार व रोकथाम हेतु सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा 2027 तक कुष्ठ रोग के तहत जीरो स्टिग्मा का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु किए जाने वाले कार्यों आदि की जानकारी दी गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले शिविरों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़े भ्रांतियों को दूर करने, रोग की पहचान एवं त्वरित रूप से उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र आदि में जाने को जागरूक करने का निर्देश दिया। उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करने, ना ही किसी अन्य को इसकी इजाजत देने, व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव एवं घृणा खत्म करने के लिए कार्य करने और उन्हें मुख्य धारा में लाने हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान देने से संबंधित शपथ दिलाई। बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, काय चिकित्स्क सहित अन्य उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग

**न्यायालय, प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध में संलिप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त पदार्थों के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के न्यायालय में अधिहरण वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई है, विवरणी निम्नवत् है :

| क्र0 सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता | अधिहरण वाद संख्या | वाहन का प्रकार | जप्त वाहन का निबंधन संख्या | जप्त वन पदार्थ | जप्ति तिथि | जप्ति पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | **बिन्देश्वर यादव** (वाहन स्वामी), पिता – बाबूलाल यादव, साकिन – बंगाई, पो0+थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 03/16 | एस0 मॉडल ट्रक | BPM-8362 | ढीबरा | 18.02.16 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 2 | **इस्लाम मियाँ,** पिता – हफीज खान, ग्राम – गझण्डी, थाना – तिलैया, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 19/16 | शक्तिमान ट्रक | DIS-220 | ढीबरा | 21.08.16 | श्री राजकुमार सिंह, प्रभारी वनपाल |
| 3 | **संतोष यादव** (वाहन स्वामी), पिता – स्व0 लाटो यादव, साकिन – सिमरिया, पो0 – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 24/16 | टाटा 407 | BR-27B-2072 | ढीबरा | 23-10-16 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 4 | **उमेश यादव,** पिता – सुकर यादव, साकिन – पारहो, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 14/17 | (1) टाटा 407 ट्रक (2) शक्तिमान ट्रक | BR-14G-7722 BR-20G-6825 | ढीबरा | 25.04.17 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 5 | **रामेश्वर साव,** पिता – स्व0 बंधु साव, साकिन – बेहराडीह, पो0 – सरमाटांड़ थाना – जयनगर, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 26/17 | पिकअप भैन | JH-12F-7883 | लकड़ी (चिरान पटरा) | 07.10.17 | श्री बिन्देश्वरी उपाध्याय, प्रभारी वनपाल |
| 6 | **नईम खान,** पिता – शरिफ खान, साकिन – पाण्डेडीह बाजार, थाना – धनवार, जिला – गिरिडीह। | 09/17 | बेलेरो पिकअप भैन | JH-11L-0591 | लकड़ी (पटरा) | 26.01.17 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 7 | **सूरज कुमार शर्मा** (वाहन स्वामी), पिता – रामदेव शर्मा, ग्राम + पो0 + थाना – ढाब, जिला – कोडरमा। | 06/17 & 07/17 | (1)पिकअप भैन (2) टाटा 407 ट्रक | (1) JH-12C-6482 (2) BR-17G-9243 | ढीबरा | 08.02.17 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 8 | **गणेश प्रसाद सिंह,** पिता – चड़कू सिंह उर्फ चरकू सिंह, साकिन –बंगाखलार, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 67/18 | जे0सी0बी0 | ईंजन नं0 H00177625 चेचिस नं0 HAR3DXSS03600046 | ढीबरा | 16.12.18 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 9 | **फिरोज अंसारी,** पिता – रजाक अंसारी, ग्राम – ढोढ़ाकोला, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 27/19 | टाटा 709 मिनी ट्रक | बिना नम्बर का | ढीबरा | 02.12.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 10 | **अज्ञात** | 44/20 | टाटा 407 | JH-02F-0800 | ढीबरा | 11.10.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 11 | **रवि मेहता,** पिता – हरीलाल मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 05/20 | जे0सी0बी0 मशीन | बिना नम्बर का | ढीबरा | 19.01.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 12 | **शंभु राणा,** पिता – स्व0 भैरो राणा, ग्राम – बिरजामू, पो0 – बगड़ो, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 03/20 (mics) | – | – | लकड़ी | 01.10.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 13 | **दीपक यादव, पिता – महेश यादव, साकिन – तेतरीयाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 08/20 | टैम्पू | बिना नम्बर का | ढीबरा | 11.02.20 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 14 | **आजाद मेहता, पिता – वृजनन्दन मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02** | 10/21 | जे0सी0बी0 मशीन | Serial No. JH00046673 | ढीबरा | 09.03.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 15 | **गोविन्द मेहता, पिता – स्व0 लालजीत मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना –डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 11/21 | कमाण्डर जीप | बिना नं0 का | ढीबरा | 20.03.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 16 | **राजेश साव, पिता – भगवान साव, साकिन – महथाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 02/21 | मारूती भैन | WB-38D-7457 | ढीबरा | 22.12.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 17 | **मिथलेश कुमार मेहता, पिता – स्व0 वजीर मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01** | 03/21 | टाटा 709 | WB-11A-9648 | ढीबरा | 04.01.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 18 | **संजय कुमार मेहता, पिता – स्व0 कार्तिक मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03** | 01/21 | (1) शक्तिमान ट्रक (2) मोटर साईकिल होण्डा साईन | (1) बिना नं0 का (2) JH-12K-9157 | ढीबरा | 14.12.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 19 | **इश्वरी मेहता उर्फ इसर मिस्त्री, पिता – स्व0 बहादुर मेहता, ग्राम – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 29/21 | महिन्द्र 475DI | बिना नं0 का | ढीबरा | 03.08.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 20 | **सूरज शर्मा, पिता – रामदेव शर्मा, साकिन + थाना – ढाब, जिला – कोडरमा।** | 27/21 | पिकअप भैन | JH-12C-8265 | ढीबरा | 27.07.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 21 | **मनोज साव, पिता – लक्ष्मण साव, साकिन – गोरियाडीह, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा।** | 17/21 | सवारी गाड़ी | JH-12B-0846 | लकड़ी | 03.06.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 22 | **बसंत मेहता, पिता – लक्ष्मण मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 20/21 | 10 चक्का ट्रक | BR-27G-0829 | सफेद पत्थर | 27.06.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 23 | **विवेक मेहता उर्फ लल्लू मेहता, पिता – लखन मेहता, साकिन – विधीन पीण्डा, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 39/21 | शक्तिमान ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 11.10.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 24 | **दिवाकर सिंह, पिता – बद्री सिंह, साकिन – दिबौर, पो0 – मेघातरी, थाना + जिला – कोडरमा एवं अन्य 01** | 31/18 | पिकअप भैन | JH-10G-1574 | ढीबरा | 24.07.17 | राजेश एफ0 लकड़ा, स0ख0पदा0, कोडरमा |
| 25 | **बिन्देश्वरी मेहता, पिता – रामेश्वर मेहता, साकिन – तेतरीयाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 31/22 | कमाण्डर जीप | बिना नं0 का | ढीबरा | 17.12.21 | नागेशनाथ कुजुर, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 26 | **बिमल यादव, पिता – धनेश्वर यादव, साकिन – बरदाखाम, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा।** | 17/22 | सोनालीका ट्रैक्टर DL734 | बिना नं0 का | ढीबरा | 03.06.20 | भोलाराम, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 27 | **किशोर यादव, पिता – तुलसी यादव, साकिन – लहरियाडीह, थाना – तिलैया, जिला – कोडरमा एवं अन्य 08** | 30/22 | तीन 407 | बिना नं0 का | ढीबरा | 27.09.21 | हरिचन्द्र लागूरी, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 28 | **भीमलाल कुमार मेहता, पिता – छोटन मेहता, साकिन – तेतरियाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 04** | 47/22 | कमाण्डर जीप | MP-54D-0246 | ढीबरा | 07.06.22 | महेन्द्र मिश्रा, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 29 | **सोनु चन्द्रवंशी, पिता – अर्जुन राम, साकिन + थाना – बरही, जिला – हजारीबाग एवं अन्य 04** | 66/18 | 407 ट्रक | बिना नं0 का | लकड़ी | 05.06.18 | उपेन्द्र कुमार यादव, स0अ0नि0, चंदवारा |
| 30 | **मो0 शमशाद, पिता – मो0 मकबुल, साकिन – मायापुर, थाना – टाटी झरीया, जिला – हजारीबाग एवं अन्य 06** | 49/22 | ट्रक | JH-02BF-4358 | पत्थर | 28.07.20 | सोनी प्रताप, पु0अ0नि0, तिलैया |
| 31 | **राहुल जसवाल, पिता – नरेश जसवाल, साकिन – सहपुर, थाना – कटकमसंडी, जिला – हजारीबाग एवं अन्य 02** | 28/21 | 6 चक्का 609 | बिना नं0 का | ढीबरा | 17.02.21 | लव कुमार, पु0अ0नि0, डोमचाँच |
| 32 | **दीपु मेहता, पिता – स्व0 सीयाराम मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 29/22 | दस चक्का ट्रक | JH-02C-2529 | ढीबरा | 19.11.21 | हरिशचंद्र लगूरी, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 33 | **राजु यादव, पिता – चुरामन यादव, साकिन – सपही, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 48/22 | शक्तिमान ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 27.12.21 | पंचम तिग्गा, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 34 | **पप्पु कुमार राम, पिता – शिवशंकर राम, साकिन – पुरनानगर, थाना + जिला – कोडरमा।** | 42/21 | ट्रक | JH-12B-6543 | ढीबरा | 11.07.21 | रंजीत कुमार झा, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 35 | **कृष्णा मेहता, पिता – ज्ञानचंद मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01** | 19/18 & 20/18 | ट्रक | JH-12C-3347 | ढीबरा | 07.01.18 | रवि किशोर प्रसाद, स0अ0नि0, जयनगर |

उक्त अधिहरण वाद से संबंधित सभी अभियुक्तों एवं उक्त वाद में अन्तर्ग्रस्त जप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त पदार्थों पर अपना दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मामले में अगली सुनवायी हेतु तिथि 01.02.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की जाती है।

अतः उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपना बचाव / दावा प्रस्तुत करें। साथ ही, निर्धारित तिथि 01.02.2024 के पूर्व कारण पृच्छा भी समर्पित करना सुनिश्चित करें।

यदि निर्धारित तिथि को सुनवायी के दौरान दावा रखने वाले संबंधित व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय सुनवायी करते हुए अधिहरण वाद को निष्पादित कर दिया जायेगा।

वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम

प्राधिकृत पदाधिकारी –सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल

PR 317246 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D

## गुलजार बाग प्रीमियर लीग में ब्लैक पैंथर्स की टीम बनी चैम्पियन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वासेपुर स्थित हरिया ग्राउंड मे गुलजारबाग प्रीमियर लीग के अंतर्गत शॉर्ट ग्राउंड एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमे 6 टीमों ने हिस्सा लिया। पुरे प्रतियोगिता मे अपना सभी मैच जितने वाली ब्लैक पैंथर्स की टीम ने ऑरेंज मर्सी सुपर किंग को फाइनल मुकाबले मे पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया और गुलजारबाग प्रीमियर लीग की चैम्पियन बनी। प्रतियोगिता काफी रोमांचपूर्ण रहा। कार्यक्रम का शुरुआत राष्ट्रगान से हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम का आयोजन कर रहे टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। वहीं गुलजारबाग यूथ के द्वारा खान को शॉल ओढ़ा कर, माला पहना कर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अंत मे विजेता एवं उप विजेता टीम को मुख्तार खान के द्वारा पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका निभाने वाले नुमान एवं सरफराज को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे हाजी ज़मीर आरिफ, सैफ अली खान, फहीम खान, अली आज़म, मो सरवर, एहसान शेख आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## आजसू पार्टी धनबाद प्रखंड समिति की बैठक संपन्न



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को आजसू पार्टी धनबाद प्रखंड समिति की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य हीरालाल महतो ने किया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष मंटू महतो एवं धनबाद विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य विनय सिंह उपस्थित हुए बैठक में सभी पंचायत समिति का गठन एवं ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुख गठन हेतु सभी पंचायत में बैठक कर गठन करने को तिथि की घोषणा किया गया। बैठक मै मुख्य रूप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष संजय महतो,प्रखंड सचिव सुदामा पासवान, मनीष सिंह,राहुल महतो, अखलेश महतो,सुदामा, अर्जुन महतो, डॉक्टर साहब, गौतम रवानी, सुरेंद्र महतो, प्रवीण महतो आदि उपस्थित थे।

## नि:शुल्क ब्यूटीशियन कोर्स प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सम्पूर्ण जनजागृति ऑर्गेनाइजेशन



डुमरा द्वारा नि:शुल्क ब्यूटीशियन कोर्स प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष प्रेम कुमार एवं गीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। गीता देवी ने कहा कि महिलाओं तथा बालिकाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। संस्था के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने बताया कि निशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहयोग देगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर उन्हें परीक्षा पास करनी होगी, उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। मौके पर रमेश कुमार, सत्यजीत सोनू, नीलम वर्णवाल, सरस्वती देवी, शकुंतला देवी, बेबी वर्णवाल, रानी कुमारी उपस्थित थे।

## एनएसयूआई ने कमेटी विस्तार किया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनएसयूआई ने कमेटी विस्तार करते हुए नए युवाओं को दायित्व सौंपा जहां बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष फरदीन खान बनाए गए। वहीं नगर सचिव अरमान कुरेशी को नियुक्त किया गया तथा कतरास कॉलेज कमेटी को विस्तार करते हुए कॉलेज सचिव के पद पर रूपेश कुमार दास, समीर अंसारी, सोनू राजू चौहान फिरदौस को पदभर दिया गया। मीडिया प्रभारी का दायित्व रेहान को नियुक्त किया गया। वहीं नगर कमेटी में सनी सिंह को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया व नगर सचिव में सागर कुमार को दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक लाल के आवासीय कार्यालय में किया गया जहां मुख्य अतिथि के तौर पर अशोक लाल उपस्थित रहे। अशोक लाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर कार्य करने का उत्साह बढ़ाया।जिला सचिव आकाश प्रामाणिक एवं नगर अध्यक्ष साहिल खान ने बताया कि राहुल गांधी द्वारा किए जा रहे भारत जोड़ो नया यात्रा को ध्यान में रखते हुए छात्र कांग्रेस नेशनल लेवल पर सदस्यता अभियान को बढ़ावा दे रही है ताकि भारत जोड़ो नया यात्रा को और मजबूती प्रदान की जा सके।

## सड़क सुरक्षा माह : स्कूली छात्रों को दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह एवं वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह 2024 के अवसर पर हीरापुर स्थित रुक्मणि कृष्ण बाल विहार स्कूल में छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें हेलमेट, सीट बेल्ट के महत्व के बारे में समझाया गया। साथ ही ग्रुप बनाकर सड़क पर नहीं चलने, यातायात नियमो का पालन करने, किसी भी सड़क दुर्घटना होने पर तुरंत मदद करने के लिए 108 पर कॉल कर जानकारी देने को कहा गया। वहीं छात्रों एवं शिक्षको को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के तहत प्रधानाचार्य नीलम प्रभा सिन्हा, हरिद्वार प्रसाद व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, व कांग्रेस नेता राहुल गांधी के धनबाद आगमन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

### 4 फरवरी को जिले में सभी कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पदाधिकारियों के बीच किया गया कार्यों का आवंटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में 4 फरवरी को धनबाद जिला में माननीय प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के धनबाद आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक की गई। उपायुक्त ने बताया कि 4 फरवरी को धनबाद जिला में प्रधानमंत्री के दो कार्यक्रम हैं। एक कार्यक्रम हर्ल सिंदरी में होनी है, वहीं दूसरी कार्यक्रम बरवाअड्डा हवाईअड्डा में प्रायोजित है। वही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी कार्यक्रम 4 फरवरी को गोल्फ ग्राउंड में प्रायोजित है। साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा 4 फरवरी को ही धनबाद में होनी है। इसके अलावा



4 फरवरी को जेएसएससी की परीक्षा भी है। इन सभी वीआईपी गतिविधियों को लेकर उपायुक्त ने जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सभी पदाधिकारियों के बीच कार्यों का आवंटन किया। सभी कार्यक्रम हेतु नोडल पदाधिकारियों की टैगिंग उपायुक्त द्वारा की गई।। हर्ल कारखाना मे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम हेतु उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं बरवाअड्डा हवाईअड्डा में प्रधानमंत्री के जनसभा कार्यक्रम हेतु एलआरडीसी सतीश चंद्रा को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के न्याय यात्रा हेतु नगर आयुक्त रविराज शर्मा को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम हेतु डीआरडीए निदेशक मुमताज अली अहमद को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही जेएसएससी परीक्षा हेतु एडीएम (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इन सभी कार्यक्रम हेतु कंट्रोल रूम का निर्माण किया जाएगा जिसके लिए अपर समाहर्ता विनोद कुमार को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी हैलीपेड को ससमय दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सभी अप्रोच रोड की मरम्मती करने हेतु आरसीडी के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी पर नीतीश कुमार से मिला प्रतिनिधि मंडल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के मुख्यमंत्री सह जदयू पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से उनके आवास पर मिले। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को झारखंड में पार्टी को मजबूत करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने जल्द झारखंड आने का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने आगामी लोकसभा चुनाव में जदयू की दावेदारी पेश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले को लेकर जल्द ही एन.डी.ए के नेताओं से बात करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में राज्यसभा सांसद खीरू महतो के साथ धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, जदयू मुख्यालय प्रभारी सह प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, प्रदेश के नेता मधुकर सिंह, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, प्रदेश महासचिव आर. के. मंडल, अशोक दास मौजूद थे। वार्ता के दौरान पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संसदीय दल के नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मौजूद थे।

## सेविकाओं ने लिया बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण का शपथ



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत ट्रस्ट द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र काण्ड्रा में महुदा क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र के सेविकाओं के साथ बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के फील्ड कॉर्डिनेटर भागीरथ सिंह ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा जनवरी से मार्च तक तीन माह वंचित परिवार का सर्वे एवं विद्यालय से वंचित परिवारों का सर्वे कर रही है शिक्षा के वंचित बच्चे को विद्यालय से जोड़ने का कार्य एवं एवं वंचित परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का पहल किया जा रहा है। उपस्थित सभी सेविकाओं ने बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण का शपथ लिया।

## कुष्ट जागरुकता अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देशानुसार स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान - 2024 के सफल क्रियान्वयन हेतु पुराने समाहरणालय के सभागार में बैठक की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान की रुपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान के तहत लोगों को कुष्ट रोग के लक्षण एवं ईलाज के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस वर्ष कुष्ट जागरूकता अभियान का थीम ÷कलंक को समाप्त करना गरिमा को अपनाना÷ रखा गया है। उन्होंने बताया कि कुष्ट रोग छूने से नहीं फैलता है। एमडीटी दवा के सेवन से इसका ईलाज संभव है।

## झामुमो ने जब से सत्ता संभाला है तब से लगातार छात्रों के साथ खिलवाड़ कर रही है : रंजीत राय




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले में भाजयुमो द्वारा झंडा मैदान से चल कर पैदल मार्च कर टावर चौक पहुंच कर राज्य की भ्रष्ट सोरेन सरकार के संरक्षण व इशारे पर जेएसएससी परीक्षा में हुई धांधली व पेपर लीक के विरोध में भाजयुमों द्वारा गिरिडीह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया ।वही जिसकी अध्यक्षता भाजयुमो ज़िला अध्यक्ष रंजीत राय ने किया। उन्होंने कहा कि जब से राज्य में हेमंत सोरेन ने सत्ता संभाला है तब से लगातार छात्रों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ।कल हुए जेएसएससी सीजीएल के परीक्षा में भी पेपर लीक का मामला सामने आया है ,हम युवा राज्यसरकार का विरोध करते है और उच्च स्तरीय जांच का मांग करते है ।

# राहुल गांधी के स्वागत को तैयार झारखंड : शमशेर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शमशेर आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की जन नायक नेता राहुल गाँधी का न्याय यात्रा की आगमन 2 फरवरी को बंगाल के रास्ते झारखंड के पाकूड जिले मे प्रवेश होगा। दो फरवरी को राहुल गाँधी की भव्य स्वागत को इतिहास रचने के लिए झारखंड के एक एक नेता कार्यकर्ता दिलो जान से लगे है। आगे शमशेर आलम ने कहा की पाकूड से साहेबगंज, दुमका, देवघर, जामताड़ा के रास्ते होकर संभावित 3 फरवरी को पूर्वी टुंडी सहाबगंज रोड स्थित मे रात्री विश्राम के बाद 4 फरवरी-गोविंदपूर होते हुए धनबाद श्रमिक चौक से बैंक मोड़ बिरसा चौक तक आमजनो एवं भिविन्न समाजिक संगठनो से मिलकर देश की वर्तमान अन्याय की सरकार से परेशान बेरोज़गार,



महंगाई से परेशान, कुशासन, हिटलर शाही से लोकतंत्र की रक्षा के लिए राहुल जी जन जन की आवाज को सुनेंगे और न्याय के लिए केंद्र की अंधी बेहरी सरकार के खिलाफ सरकार की विफलताओ को उजागर कर जन मानस की बेहतरी के लिए न्याय की मांग को लेकर आवाज बुलंद करेंगे। शमशेर आलम ने कहा की पाकूड से रांची तक राहुल जी की न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रदेश कॉंग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के निर्देशानुसार झारखंड के नेताओ कार्यकर्ताओ मे काफी जोशो-खरोश है। जिससे पाकूड से पुरे रास्ते राहुल जी की न्याय यात्रा को यादगार बनाने के लिए जगह जगह प्रचार प्रसार के लिए बैठक चल रही है तथा प्रचार गाड़ी के माध्यम से आह्वान किया जा रहा है, तथा तोरण द्वार, झंडा, वेनार, होडिंग से पाटा जा रहा है।

## आज से प्रायोगिक तौर पर मेमू पैसेंजर स्पेशल का ठहराव किया जा रहा है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दानापुर मंडल के पाली हाल्ट पर गाड़ी संख्या 03293/03294 पटना-डीडीयू-पटना मेमू पैसेंजर स्पेषल एवं 03375/03376 पटना-बक्सर-पटना मेमू पैसेंजर स्पेषल का दिनांक 30.01.2024 से प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान किया जा रहा है।

दिनांक 30.01.2024 से पाली हाल्ट पर गाड़ी संख्या 03375 पटना-बक्सर मेमू पैसेंजर स्पेषल 15.08/15.09 बजे तथा गाड़ी संख्या 03376 बक्सर-पटना मेमू पैसेंजर स्पेषल 09.38/09.39 बजे रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

इसी तरह दिनांक 30.01.2024 से पाली हाल्ट पर गाड़ी संख्या 03293 पटना-डीडीयू मेमू पैसेंजर स्पेषल 20.52/20.53 बजे तथा गाड़ी संख्या 03294 डीडीयू-पटना मेमू पैसेंजर स्पेषल 11.44/11.45 बजे रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

## प्रधानमंत्री की रैली को लेकर भाजपा ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** धनबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगमन की सफलता को लेकर प्रखंड गांडेय भारतीय जनता पार्टी ताराटांड मंडल में सोमवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। ताराटांड़ मंडल अध्यक्ष चिंतामणि सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बताया गया की आगामी 4 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी के धनबाद आगमन व गांव चलो अभियान की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित ताराटांड़ मंडल के प्रभारी सुरेश मंडल ने कहा कि आगामी चार फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने के लिए धनबाद आ रहे हैं। कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री का यह जनसभा ऐतिहासिक होगी। वहीं सांसद प्रतिनिधि सह प्रभारी रघुनाथ यादव ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने भाजपा कार्यकर्ताओं को 400 सांसद जीतने का लक्ष्य दिया गया है। इसी निमित्त केंद्र और प्रदेश नेतृत्व ने गांव चलो अभियान समेत कई कार्यक्रम चल रहा है। जिसकी जवाबदेही मंडल कमेटी को दी गई है। इसके तहत कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां की जानकारी देनी है। ताकि लोग जागरुक हो और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं का लाभ ले। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ मंडल से 37 बुध केन्द्रो से 3000 की संख्या में कार्यकर्ताओं को बलियापुर धनबाद ले जाने की जवाबदेही सौंपी गई है। ताराटांड़ मंडल के महामंत्री पवन कुमार अग्रवाल,उपाध्यक्ष जागेश्वर पंडित, सुदामा राणा, सच्चू बैठा व अन्य ने बैठक को संबोधित किया।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,रामगढ़।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 18/2023-24/RWD/RAMGARH — दिनांक :- 29.01.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत (4515) निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | लम्बाई | स्वीकृत्यादेश की राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/RAMGARH/18/2023-24 | पतरातु | हरीहरपुर पंचायत में हरिहरपुर मुख्य पथ से रामनाथ महतो के घर तक पथ निर्माण कार्य। | 1.000 | 99.827 |
| 2. | | गोला | ग्राम चाड़ी रजरप्पा रोड़ दुर्गा मंदिर से हरिबांध तक पथ निर्माण कार्य। | 1.800 | 142.678 |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 07.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 28.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 01.03.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 317286 Rural Work Department(23-24)D


# गिरिडीह के छात्रों का भविष्य लगातार बर्बाद कर रहा है जेएसएससी : माले

### सीबीआई जांच हो, दोषियों को कड़ी सजा मिले

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य राजेश यादव और गिरिडीह विधान सभा प्रभारी ने राजेश सिन्हा ने संयुक्त बयान जारी किया है, कहा छात्रों के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ कर रहा है जेएससीसी, झारखंड सरकार को कई वेकेंसी निकाल कर स्टूडेंट के हाथो में जॉब थमाना था किंतु बीजेपी के तरह ही लगातार छात्रों के साथ



खिलवाड़ किया जा रहा है, सरकार का नेतृत्व पर छात्रों ने सवाल खड़ा किया है, एक तो भाजपा सरकार लगभग 17 सालों तक छात्रों का भविष्य खराब किया अभी की



जेएमएम सरकार भी बीजेपी के जैसा ही शांत चित्त मुद्रा में है, यह घोर अन्याय है, सिन्हा ने कहा है कि छात्रों को सड़क पर आ कर आंदोलन करने की जरूरत है,हम सरकार के सभी कार्यों का विरोध नहीं करते है अनेक अच्छे कार्य है किंतु छात्रों के सवाल पर माले चुप नहीं रहेगा, हालाकि तुरंत कैंसिल कर दिया गया है परिक्षा किंतु जेएसएससी के सिस्टम का विरोध करते है, उनके अफसर और स्टाफ के ईक्का दुक्का मिलकर बिहार, हरियाणा आदि के धूर्त लोगो के साथ मिलकर प्रश्न लीक करते है, सीबीआई जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए,झारखंड के छात्र का भविष्य खतम करने का ठेका ले रखा है जेएसएससी ने,जेएसएससी का कोई काम ही नहीं है तो इस विभाग को बंद करना चाहिए।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची

शुद्धि पत्र

सूचित किया जाता है कि पी०आर०नं० Pr. No. 291946 Drinking Water and Sanitation(22-23)-D के द्वारा ई–निविदा (चतुर्थ आमंत्रण) निविदा संख्या – 15 of 2022-23 प्रकाशित की गई थी जिसे http://jharkhandtenders.gov.in पर Upload किये गए निविदा की आवश्यक शर्त संख्या–07 के आलोक में एतद द्वारा अपरिहार्य कारणवश पुनर्निविदा हेतु स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल
गोन्दा, राँची

PR 317178 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

# सुदर्शन भगत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की हुई बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुदर्शन भगत,माननीय सांसद, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र-सह-अध्यक्ष,जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति (दिशा), लोहरदगा की अध्यक्षता में आज दिनांक 29.01.2024 को बैठक जिला परिषद कार्यालय,लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में सर्वप्रथम दिनांक 15.07.2022 को संपन्न बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। जिला में बाईपास रोड में अरैया में एक महिला की जमीन चले जाने की अवस्था में उस महिला के भूमिहीन होनेकी जांच कराने का निदेश भूमि सुधार उप समाहर्ता को दिया गया। पेशरार के लाभुकों को भूमि संरक्षण विभाग द्वारा दिये गये कृषि यंत्र को कैरो प्रखण्ड में रखे जाने के मामले में दोषियों पर 15 दिनों के अंदर यंत्र सही जगह अधिष्ठापित करा कर सूचना दिये जाने का निदेश दिया गया। गव्य विकास विभाग द्वारा दुधारू गायों का पूर्व में ओरिएंटल इंश्योरेंस, रांची द्वारा बीमा कराये जाने के मामले में जिन लाभुकों के पशुओं की मृत्यु हुई है उन्हें लाभ दिलाने हेतु विभाग से मार्गदर्शन मांगे जाने का निदेश गव्य विकास पदाधिकारी को दिया गया। कक्षा 9-12 में अंशकालिक शिक्षक/शिक्षिका को बजट के अनुसार ही रखे जाने का निदेश दिया गया। लंबित भुगतान के मामले में अतिरिक्त बजट की मांग करने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। सेन्हा प्रखण्ड के ग्राम नौदी में विद्युत तार के संपर्क में आने से महिला की मृत्यु होने के उपरांत आश्रित को मुआवजा हेतु भेजे गये प्रस्ताव की कॉपी विधायक प्रतिनिधि को उपलब्ध कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल, लोहरदगा को दिया गया। बड़ा तालाब के सामने शौचालय के पास अवैध आटा चक्की के मामले की जांच प्रशासक नगर परिषद लोहरदगा को दिया गया। कुडू एवं कैरो से चेटर तक पथ निर्माण की कार्य धीमी व गुणवत्ता हीन होने पर अंसतोष व्यक्त किया गया और पथ निर्माण कार्य मार्च 2024 तक पूर्ण करने का निदेश पथ प्रमण्डल लोहरदगा को दिया गया। किस्को आवासीय विद्यालय के गुमशुदा छात्र के संबंध में मामले की जांच सीआईडी को अग्रसारित किये जाने की जानकारी पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा दी गई। लाइट ऑफ सोसाईटी, रांची द्वारा 30 लाख रूपये की राशि अग्रिम प्राप्त करने के बावजूद मजदूरों को भुगतान नहीं किये जाने के मामले पर संबंधित संस्था पर कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। केसीसी के छूटे हुए 1700 लाभुकों को केसीसी से आच्छादित किये जाने का निदेश एलडीएम,लोहरदगा को दिया गया। पेशरार से हेसाग को जिला मुख्यालय से जोड़े जाने के लिए पक्की पथ की का प्रस्ताव विधायक,बिशुनपुर को भेजे जाने का निदेश दिया गया। सेन्हा प्रखण्ड अंतर्गत अरू में ट्रांसफार्मर के सामने कलवर्ट धंस जाने की शिकायत पर कार्यपालक अभियंता, आरईओ को स्वयं जाकर कलवर्ट की गुणवत्ता जांच किये जाने का निदेश दिया गया। बाल्मिकी नगर में दशकर्म घाट गेट लगाये जाने का निदेश प्रशासक,नगर परिषद,लोहरदगा को दिया गया। शहरी क्षेत्र बाल्मिकी नगर में झोपड़ी पट्टी में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिये जाने के संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से केंद्र सरकार के पास मार्गदर्शन मांगे जाने का निदेश दिया गया। ग्राम दोबा एवं दोबा बरटोली जो अनुसूचित जनजाति बहुल गांव है,छूटे हुए तीन सौ परिवारों को अबुआ आवास दिये जाने की जानकारी दी गई।

## नए पंजीकृत मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय कोर कमिटि के पदाधिकारियों, इलेक्शन लिटरेसी क्लब के सभी मास्टर ट्रेनर और डिस्ट्रिक्ट आईकॉन के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में लोकसभा निर्वाचन, 2024 के निमित्त मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता तथा स्वीप कार्ययोजना के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि प्लस टू विद्यालयों और महाविद्यालय स्तर पर नये पंजीकृत मदताताओं को मतदान करने की प्रेरित किये जाने की आवश्यकता है। इसमें संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय के एंबेसडर और प्रबंधन के सहयोग की नितांत आवश्यकता है। स्वीप कैलेंडर में शामिल क्रियाकलापों के अतिरिक्त भी अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने की आवश्यकता है। खेल के क्षेत्र में फुटबॉल,कुश्ती व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी नेहरू युवा केंद्र व महाविद्यालय प्रबंधन की सहायता से आयोजित कराये जाएं। कार्यक्रमों की गतिविधियां फोटो/वीडियो के साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जरूर पोस्ट किया जाए। स्वीप वरीय पदाधिकारी इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म का हैण्डल प्रारंभ करायें। स्काउट गार्डड द्वारा रैली का आयोजन किया जाए। दिव्यांग मतदाताओं के लिए गतिविधियां आयोजित की जाएं। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित सदस्यों के साथ बैठक कर अन्य गतिविधियां भी आयोजित करने के लिए सुझाव प्राप्त करने व उन्हें स्वीप कैलेण्डर में शामिल किये जाने का निदेश वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग को दिया गया।

## केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : श्रद्धानंद बेसरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिमडेगा विधानसभा पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने कुरडेग प्रखंड पंचायत हेठमा राजस्व ग्राम आसनबेड़ा पंडरी पानी का दौरा कर लोगों से मुलाकात किए। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से केंद्र सरकार के अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की साथ ही एक दिन के प्रवास के दौरान लोगों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत सप्ताह पहले एक गाड़ी की लपेट में आने से विद्युत तार के खिंचाव से विद्युत खम्भा टुट कर गिर गया है जिस के कारण अंधेरे में रात गुजारने को विवश हैं। उन्होंने श्री बेसरा को इस बात की भी जानकारी दिया कि गांव में जल नल योजना के तहत दो जल मीनार लगे हैं, सभी घरों में नल कनेक्शन दिया गया है परन्तु दोनों जलमिनार से पानी का वितरण नहीं हो रहा है। इस का मुख्य कारण है कि सड़क निर्माण के दौरान चापाकल धंस गया और पाइप में मिट्टी जामा हो गया है। जिसके कारण सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। श्री बेसरा ने ग्रामीणों की विद्युत संबंधित समस्या के समाधान के लिए विद्युत विभाग के जेई महोदय को फोन पर समस्या को सुचित करते हुए जल्द समाधान करने को कहा। जेई सिमडेगा ने श्री बेसरा को जल्द समाधान करने को लेकर आश्वस्त किया। पानी की समस्या समाधान हेतु ग्रामीणों ने जल स्वच्छता विभाग सिमडेगा के नाम एक आवेदन पत्र दिया श्री बेसरा को सौंपा कर इसका समाधान को कहा। श्री बेसरा ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप की समस्याओं को विभाग के पदाधिकारियों के समक्ष रखुंगा और इसका समाधान करने के लिए प्रयास करूंगा। मौके पर केरसई प्रखंड भाजपा महामंत्री सुधीर मांझी, विशेश्वर प्रधान, जयनाथ मांझी, रूप चन्द मांझी, दशरथ भोय, धनेश्वर मांझी, त्रिभुवन भोय, प्रफुल्ल प्रधान, चौरन भोय, कमलु प्रधान, अरविंद कुल्लू , संतु प्रधान इत्यादि उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता वाहन से विभिन्न बूथों पर मतदाताओं को ईवीएम से वोट के लिये किया गया जागरुक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर 29 जनवरी सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर मतदाता जागरूकता वाहन के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव के निमित वाहन मे लगे ईवीएम वीवी पैट मशीन के माध्यम से मतदाताओं को अपना मत डालने के लिये किया गया जागरूक। ईस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के बूथ संख्या 167,168,169, बूथ क्रमांक के लगभग 152 मतदाताओं ने ईवीएम के वीवी पैट मशीन के माध्यम से वोट डालने की विधि की जानकारी लिया। मौके पर उपस्थित अधिकारियो ने मतदाताओं को बताया कि जब आप सभी बैलेट युनिट मे अपनी पसंद के नाम और चुनाव चिह्न के सामने वाले नीले बटन दबाया तो प्रिंटर एक बैलेट पर्ची प्रिंट करेगा, जिसमे पसंद के प्रत्याशी के क्रमांक, नाम और चुनाव चिह्न अंकित होगा। इस प्रकार जगरुकता वाहन के माध्यम से बूथ के मतदाताओं को अपने प्रत्याशियों को मत ईवीएम वीवी पैट मे डालने हेतू अन्य जानकारीयाँ भी दी गई। मौके पर प्रखंड कार्यालय के प्रदीप प्रजापति, पावन कुमार, जेई रौशन उराँव, भीएलडब्लयू राजीव जी, सुरक्षा बल से चन्दर उराँव, अनुज सागर, गुड्डू साहू एवं बूथ के अनेको मतदाता उपस्थित थे।

## तीन अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य पथ एन एच 143 ए पर अलग अलग स्थान पर सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ती घायल हो गए है। घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि अहले सुबह सबसे पहले बक्सीडीपा जंगल के पास इमली पेड़ के नजदीक अज्ञात पिकप वाहन की चपेट में आने से सेन्हा ग्राम निवासी स्व0 कुर्बान अंसारी के पुत्र अयूब अंसारी उम्र 60 वर्ष अपने मोटर साइकिल नंबर जे एच 08 के 0258 से लोहरदगा जा रहा था तभी पिकप वाहन ने धक्का मार दिया जिसे घायल व्यक्ति को स्थानीय ग्रामीणो और परिजनों ने सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है। वही दूसरी घटना लोहरदगा के तरफ से 16 चक्का अशोक लीलेन चेचिस वाहन आ रहा था की सेन्हा गौसिया मस्जिद के समीप खड़ी लाइन ट्रक संख्या सी जी 14 एम एस 9200 में सीधा टक्कर मार दिया जिसमें चालक को अंदरूनी चोटें आई है। स्थानिय ग्रामीणों ने चालक को वाहन से निकाल कर 108 एंबुलेंस के सहयोग से लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा। अशोक लीलेन चेचिस वाहन के चालक का पहचान अरविंद कुमार जिला बरैली उतर प्रदेश के रूप में किया गया। जबकि तीसरी घटना अरु जगन ढोढा पूल के पास घाघरा की तरफ से आ रहें बॉक्साइड लदा ट्रक जे एच 04 डी 8091पलट गया जिसमें वहन क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है फिलहाल पुलिस घटना की जायजा लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

## मुनेश्वर तिर्की को मिला भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा सिमडेगा का दायित्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला सिमडेगा के जिला मंत्री का दायित्व (नियुक्त) किया गया मुनेश्वर तिर्की को, वहीं सरवन लोहरा को कोलेबिरा मंडल महामंत्री का दायित्व दिया गया। सिमडेगा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला मंत्री बनाए जाने पर मुनेश्वर तिर्की ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं भाजपा संगठन को जिन्होंने मुझे इतना बड़ा दायित्व दिया।मैं पूरे कर्तव्य निष्ठा से विश्वास दिलाता हूं कि तन मन और पूरे लगन से ईमानदारी पूर्वक पार्टी और संगठन के लिए काम करूंगा।पार्टी और संगठन को मजबूत करने के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा।

## शौचालय निर्माण एवं 100 प्रतिशत स्वच्छता कवरेज हेतू दो दिवसीय प्रशिक्षण को लेकर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 29 जनवरी सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन सभागार कैरो मे पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा के निर्देश पर प्रखंड समन्वयक खालिक अंसारी की अध्यक्षता में जल सहियाओं की आवश्यक बैठक आहुत की गयी। बैठक मे प्रत्येक सहियाओं के अपने-अपने क्षेत्रों के प्रत्येक घरों मे सुयोग्य लाभूकों का शौचालय निर्माण कार्य, एवं साफ-सफाई का कार्य कराते हुए प्रत्येक ग्राम को ओड़ीएफ प्लस 100 प्रतिशत स्वच्छता कवरेज के लिये ग्रामीणों को जागरूक करना साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत 02 दिवसीय पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण के संबंध मे आवश्यक चर्चा बैठक मे की गई। आज के उक्त बैठक में जल सहिया मुन्नी देवी, साविया खातून,अनिता लकड़ा, सावित्री उराँव, संजू उराँव, रामकुमारी उराँव, खुशनुमा प्रवीण, रुकैया खातून,

## जामटोली नायक बस्ती के लगभग ढाई सौ परिवार झारखंड पार्टी परिवार में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा कोलेबिरा प्रखंड के जामटोली में ग्रामीणों के द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का को बुलाया ग्रामीणों के द्वारा सर्वप्रथम उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया इसके बाद एक-एक करके ग्रामीणों के द्वारा अपने गांव की समस्याओं को उनके पास रखा सर्वप्रथम बिजली विभाग के द्वारा की जा रही मनमानी को लेकर लोगों में आक्रोश दिखा उनका कहना है कि बिजली विभाग के लोग मनमानी तरीके से गरीब जनता को परेशान कर रहे हैं लोगों पर फर्जी मुकदमा और अत्यधिक बिल के द्वारा भय पैदा किया जा रहा है जिससे ग्रामीण काफी परेशान है साथ ही साथ लोगों के द्वारा कोलेबिरा गुमला मुख्य पद से जामटोली नायक बस्ती तक आने वाली सड़क की बदहाल स्थिति के साथ-साथ पानी शिक्षा आदि समस्याओं से अवगत कराया ग्रामीणों की बातों को सुनने के बाद झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि आप सभी के बीच जो भी समस्या आज दिख रही है उसका एकमात्र कारण यही है कि आप कभी भी ना तो सामाजिक रूप से और ना ही राजनीतिक रूप से संगठित रहें जब भी चुनाव आता है तो आप झूठे आश्वासन और धर्म को लेकर गुमराह हो जाते हैं और एक ऐसे जनप्रतिनिधि का चुनाव कर लेते हैं जिसको आपकी समस्या से कोई सरोकार नहीं राष्ट्रीय पार्टी सिर्फ और सिर्फ जाति और धर्म के नाम पर आप जैसे गरीब जनता का वोट लेकर जीतते हैं और फिर जनता को ही भूल जाते है जिसका नतीजा आज आपके सामने है आपकी समस्या के समय जब आप वैसे जनप्रतिनिधि को खोजते हैं तो आपको निराशा हाथ लगती है राष्ट्रीय पार्टी चाहे कांग्रेस हो या बीजेपी हो सभी धर्म की राजनीति करते हैं पर झारखंड पार्टी सिर्फ और सिर्फ काम के बल पर राजनीति करती हैं जनता के कार्य करना ही झारखंड पार्टी का एकमात्र उद्देश्य होता है सुख-दुख मरी मरखी , शादी विवाह छोटे से छोटे मौके पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का आप लोगों के बीच उपस्थित रहते हैं अब समय आ चुका है आप लोगों को निर्णय लेने का जो दुख में साथी होता है वही सच्चा साथी होता है इसलिए आप सामाजिक के साथ-साथ राजनीतिक रूप से भी एकजुट रहे और आने वाले समय में राष्ट्रीय पार्टी को मुंहतोड़ जवाब दें बिजली की समस्या को लेकर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष ने जनता के बीच से है बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी से बात कर वहां की समस्याओं से अवगत कराया और जल्द से जल्द बिजली विभाग को इन गरीब जनता का समस्या को दूर करने को कहा साथ ही जनता को आश्वासन दिया कि अगर विभाग के द्वारा जल्द से जल्द आपकी समस्याएं दूर नहीं की जाती है।

## देश की सुरक्षा प्रणाली को दीमक की तरह खोखला करने की योजना है अग्निपथ : एच एन यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी पूर्व सैनिक विभाग के तत्वावधान में राजेंद्र भवन लोहरदगा में संवाददाता सम्मेलन किया। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिक अध्यक्ष सूबेदार एच एन यादव ने कहा कि मोदी सरकार की अग्रिपथ योजना भारतीय सेना के वीरों और वीरता की परंपरा को अपमानित और कलंकित करने वाली योजना है देश कि सरहदों के रखवालो को दो फाड़ करने वाली योजना अग्निवीर को बंद करो। नियमित सैनिकों की तरह ही सम्मान के अधिकारी है,उन्हें वो सम्मान दिया जाए। कांग्रेस ने अब तक शहीद हुए अग्निवीरों की शहादत पर दुख जताते हुए और वर्ष 2023 में 137 अलग-अलग घटनाओं में करीब 100 से ज्यादा नियमित सैनिकों जिन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछवर किया,उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए अग्निपथ योजना को देश की सुरक्षा प्रणाली के लिए दीमक से भी ज्यादा खतरनाक और अंदर ही अंदर खोखला करने वाला बताया। श्री यादव ने कहा कि मोदी सरकार देश की सुरक्षा प्रणाली के साथ बार-बार खिलवाड़ कर रही है। अग्निपथ भारत के वीरों के अपमान की योजना है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अग्निवीरों को नियमित सैनिकों की तरह ही सम्मान दिए जाएं। संवाददाता सम्मेलन में अब तक शहीद हुऐ अग्निवीरों को श्रद्धांजलि भी दी गई। श्री यादव ने आगे कहा की अग्निवीरों के शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। देश के युवा अग्निवीर के रूप में अपनी शहादत दे रहे हैं अग्निवीरों को सेवा के समय न ग्रेच्युटी ना अन्य सैन्य सुविधाये और शहादत में परिवार को पेंशन तक नहीं है। अग्निपथ भारत के वीरों के अपमान की योजना है। अग्निपथ योजना का पहला बेच पिछले साल जून में आया था उसके बाद अब तक चार अग्नि वीर शहीद हो चुके हैं एच एन यादव ने आगे कहा कि अग्निपथ योजना देश की सुरक्षा प्रणाली के लिए अत्यंत घातक है।

## अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय इंटर खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न

### कुंदन गिद्ध, जंगबहादुर सत्यवती और प्रशांत को उत्कृष्ट खिलाड़ी का मिला पुरस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू, लोहरदगा में बीएड और डी एल एड संकाय द्वारा दो दिवसीय इंटर कॉलेज खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में सचिव अविराम इंद्रजीत कुमार को प्रशिक्षुओं द्वारा मार्च पास्ट द्वारा कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। जिसके पश्चात डी एल एड की प्रशिक्षुओ द्वारा मनमोहक पुष्प ड्रिल अंजनी समूह द्वारा प्रस्तुत किया गया। सत्यवती समूह ने योगासनों को नृत्य के द्वारा दर्शाया,मशाल जला कर रिले रेस द्वारा खेल का शुभारंभ इंद्रजीत कुमार द्वारा खेल प्रकोष्ठ प्रभारी पंकज कुमार भारती ने कराया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु लोहरदगा के महाविद्यालयो और इंटर कॉलेज को आमंत्रित किया गया था और मुख्य आकर्षण प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी स्टाफ की खेल कूद प्रतियोगिता रही,विविध खेलों में विजेता इस प्रकार रहे सौ मीटर रेस बालक वर्ग में क्रमशः प्रथम से तृतीय स्थान प्रशांत, विक्रम, अर्पण, बालिका वर्ग में रजनी, स्नेहा, नमिता रहीं। दो सौ मीटर रेस बालक वर्ग में प्रथम से तृतीय स्थान विक्रम, अवकाश, प्रशांत बालिका वर्ग में स्नेहा, संगीता, नीलिमा रहीं। डिस्कस थ्रो बालक वर्ग में अनुज,सुमन, संतोष तथा बालिका वर्ग में जॉनी, सोनल, सुसन्ना रहीं। जेवलिन थ्रो बालक वर्ग में आशीष रंजन, विकास, अंकित, बालिका वर्ग में सत्यवती, सोनल, जॉनी रहीं। झशॉर्ट पुट बालक वर्ग में आशीष, रंजन, अनुराग बिशेस्वर, बालिका वर्ग में सत्यवती, रजनी, सोनल रहीं। लॉन्ग जंप बालक वर्ग में प्रशांत, करन, यशवंत, बालिकाओं में ईभा, नमिता, रजनी रहीं। हाई जंप बालक वर्ग में प्रशांत, अलबन, मुकुल, बालिकाओं में दीप्ति, रजनी, स्नेहा रहीं। लेमन रेस में नेहा, नीलम, मनीषा वही बिस्कुट रेस में दुर्गावती, अलका, मनीषा विजेता रही। सबसे रोमांचक मुकाबला रस्सा कसी का रहा जिसमे बीएड द्वितीय वर्ष बालक वर्ग में करन की टीम और बालिकाओं में बीएड प्रथम वर्ष अंशु लता लोगा की टीम विजेता रही। आकर्षक का मुख्य केंद्र स्टाफ की खेल कूद प्रतियोगिता भी रही जिसमे प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने सभी को प्रोत्साहित करने के लिए स्वयं भी प्रतिभाग किया प्रत्येक वर्ष की भांति, जेवलिन थ्रो में प्रथम से तृतीय स्थान क्रमशः ऋतु मुक्ता प्रतिमा, खुशबू का रहा वही पुरुष वर्ग में जंगबहादुर, पंकज, पवन विजेता रहे। बिस्किट रेस में ममता, अर्चना, काजल विजयी रहीं।नींबू रस में काजल, खुशबू, ममता विजेता रही, रस्सा कस्सी के रोचक मुकाबले में प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी की टीम विजेता रही। उत्कृष्ठ खिलाड़ी सत्यवती बालिका प्रशिक्षु बालक प्रशांत प्रशिक्षु और स्टाफ महिला कुंदन स्टाफ पुरुष जंगबहादुर महतो को मिला।सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा मेडल और शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया विजेताओं से मिल कर उनका उत्साह वर्धन किया गया और सभी स्टाफ तथा प्रशिक्षुओं को पूरी मेहनत से कार्य करने की तथा खेल में जिस प्रकार अनुशासन होता है और जीत या हार की अपेक्षा प्रयास महत्वपूर्ण होता है वैसे ही जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में इससे प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।


ऊर्जा विभाग

झारखण्ड सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता

विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉची

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/83/2023-24 दिनांक– 29/01/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | रिम्स, रॉची स्थित B1 (ऑर्थो वार्ड) D1 (डेंगु वार्ड) एवं D2 और आर्थो वार्ड) भूतल तल्ला में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 28,27,490=00 | 5,000=00 | 57,000=00 | 45 दिन |
| II | रिम्स, रॉची स्थित D1, D2 एवं C2 वार्ड (द्वितीय तल्ल) मे विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 28,92,867=00 | 5,000=00 | 58,000=00 | 45 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 05.02.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 06.02.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 12.02.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 13.02.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता

विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉची

PR 317232 Energy(23-24).D

## चलते चलते एक नजर

### दिल्ली का एक्यूआई 356, एक्यूआई कल गंभीर श्रेणी में जाने की संभावना

**नई दिल्ली :** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 356 दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली का औसत एक्यूआई मंगलवार को गंभीर श्रेणी में जाने की संभावना है। प्रदूषण के स्तर को देखते हुए सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) की चरण तीन को लागू करने की समीक्षा के लिए उप-समिति ने आपातकालीन बैठक बुलाई। उप-समिति ने वर्तमान वायु गुणवत्ता परिदृश्य और मौसम संबंधी स्थितियों के पूर्वानुमान के साथ-साथ मौसम विभाग एवं भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) द्वारा उपलब्ध कराए गए वायु गुणवत्ता सूचकांक की समीक्षा की। उप-समिति ने नोट किया कि मौसम विभाग द्वारा मंगलवार के लिए अनुमानित दिल्ली के औसत एक्यूआई में उछाल के बाद बारिश की संभावना के साथ तेज हवाओं सहित मौसम संबंधी स्थितियों में सुधार के कारण बहुत खराब श्रेणी में लौटने की संभावना है। आने वाले दिनों के लिए दिल्ली का औसत एक्यूआई खराब या बहुत खराब श्रेणी में रहने का अनुमान है। इसलिए, समग्र वायु गुणवत्ता परिदृश्य और प्रासंगिक पहलुओं की समीक्षा करने के बाद, उप-समिति ने ग्रैप चरण तीन को लागू नहीं करने का निर्णय लिया।

### प्रधानमंत्री ने देश रंगीला गाने पर मिस्र की लड़की करीमन की सुमधुर प्रस्तुति को सराहा




**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में संपन्न 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मिस्र की एक लड़की करीमन द्वारा गाए गए मधुर गीत देश रंगीला की सोमवार को सराहना की। उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। करीमन ने मिस्र में भारतीय दूतावास में शानदार भारतीय पोशाक पहनकर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया था। भारतीय दूतावास ने रविवार को उसके प्रदर्शन की एक क्लिप को कैप्शन के साथ ट्वीट किया, मिस्र की एक युवा लड़की करीमन ने इंडिया हाउस में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान देशभक्ति गीत देश रंगीला प्रस्तुत किया।उनके मधुर गायन और सही स्वर-शैली ने भारतीयों और मिस्रवासियों की बड़ी सभा को प्रभावित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने करीमन का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मिस्र से करीमन की यह प्रस्तुति मधुर है! मैं उन्हें इस प्रयास के लिए बधाई देता हूं और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

# हाई कोर्ट ने पलामू में धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की दी अनुमति

## * रंग लाया प्रथम महापौर अरुणा शंकर का प्रयास





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम सरकार) का कार्यक्रम आब 10 से 15 फरवरी को कराने की अनुमति दे दी है।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका को हाई कोर्ट ने स्वीकृत करते हुए पलामू उपयुक्त के द्वारा 10 दिसंबर को कार्यक्रम रद्द करने के दिए गए आदेश को कोर्ट ने निरस्त कर दिया। सोमवार को सुनवाई करते हुए न्यायाधीश आनंदा सेन की कोर्ट ने कहा कि हनुमंत कथा आयोजन समिति बेसिक बुनियादी सुविधाएं यथा श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, एम्बुलेंस, पार्किंग, टॉयलेट आदि की व्यवस्था खुद करेगी। बेसिक बुनियादी सुविधाओं से संबंधित एक्शन प्लान को हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा पलामू उपयुक्त को दिया जाएगा, जिसे पलामू उपायुक्त कंसीडर करेंगे। कोर्ट ने पलामू उपायुक्त के उस आदेश को अवैध माना, जिसमें उन्होंने कानून व्यवस्था का हवाले देते हुए कार्यक्रम को रद्द कर दिया था। याचिकाकर्ता ने पलामू उपयुक्त द्वारा कानून व्यवस्था की समस्या बताकर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को पुनः रद्द करने के 10 जनवरी के आदेश को चुनौती दी थी। पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि हनुमंत कथा आयोजन समिति ने तीन जनवरी को पलामू उपयुक्त को बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को लेकर डिटेल एक्शन प्लान दिया था, जिसे पलामू उपयुक्त ने कानून व्यवस्था की समस्या बताकर रद्द कर दिया। प्रस्तावित कार्यक्रम फरवरी 10 से 15 फरवरी निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम अब रैयती भूमि पर होगा, इसके लिए ग्राम सभा से अनुमति भी मिल गई है। कार्यक्रम स्थल ग्राम ओरनार, चैनपुर ब्लॉक, पलामू में निर्धारित है।

### लोगों की आस्था जीत गई : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर सह हनुमंत कथा समिति की संयोजक श्रीमती अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उच्च न्यायालय ने लाखों सनातनीयो की आस्था को ध्यान में रखते हुए परम पूज्य धीरेंद्र शास्त्री उर्फ़ बागेश्वर बाबा को पलामू में आने की अनुमति सरकार के दलील को निरस्त करते हुए प्रदान कर दी। प्रथम महापौर ने बताया कि उच्च न्यायालय ने मेरे समिति को निर्देशित किया है कि 2 लाख लोगों को बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी, एम्बुलेंस और शौचालय की व्यवस्था करेगी। उच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि लॉ एंड ऑर्डर, ट्रैफिक एवं सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधा इस कार्यक्रम को मुहैया कराई जाए। कमेटी के सदस्य एवं याचिका प्रार्थी संस्था के सचिव दीनानाथ, मंटू शरद शरण, अतुल अखोरी, बागेश्वर धाम के सेवादार नितेश सिंह, कमलेश सिंह एवं अविनाश वर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए उच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत किया। कहा कि लाखों लोगों की निगाहें इस कार्यक्रम पर लगी है। 10 फरवरी से प्रोग्राम है। हम सबों के पास मात्र 10 दिन का समय बचा है। आर्डर की कॉपी आज निकल जानी चाहिए। जिला प्रशासन जितना जल्दी बैठक कर सुरक्षा एवं सरकारी सुविधा प्रदान करते हुए स्वीकृति देगी। हम कार्यक्रम की तैयारी उतना ही जल्दी कर पाएंगे। अब थोड़ा भी समय नहीं बचा है। विलंब होने से इतना बड़ा कार्यक्रम करना संभव नहीं हो पाएगा। फिर हम लोगों को दूसरा नजदीक का डेट लेना पड़ सकता है। प्रथम महापौर ने कहा कि उच्च न्यायालय के इस आदेश से पूरे झारखंड में बाबा के कार्यक्रम का रास्ता खुल गया। अब राम के हनुमान जल्द पलामू आएंगे। लोगों का आस्था जीत गया।

## केजरीवाल के विधायकों को प्रलोभन के झूठे आरोप को लेकर पुलिस कमिश्नर से मिलेंगे भाजपा नेता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** अरविंद केजरीवाल के विधायकों को प्रलोभन के झूठे आरोप को लेकर मंगलवार को दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश के नेता मंगलवार को पुलिस कमिश्नर से शिकायत दर्ज कराएंगे और इस पूरे मामले की जांच करने की मांग करेंगे। सोमवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अपनी राजनीतिक प्रतिष्ठा खो चुके हैं और भ्रष्टाचार में डूबे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दो दिन पूर्व अपने वक्तव्य में आरोप लगाया कि भाजपा उनके सात विधायकों को पैसे के सहारे तोड़ने की कोशिश कर रही है। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल के झूठे आरोप को लेकर मंगलवार को भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर को एक पत्र सौंप कर इस पूरे मामले की जांच करने की मांग करेगा। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पुलिस कमिश्नर से मांग की जाएगी कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने जो झूठा आरोप लगाया है, उसकी तह तक जाएं। भाजपा मांग करेगी की आम आदमी पार्टी के किन विधायकों से भाजपा की ओर से किसने संपर्क किया और क्या प्रलोभन दिया।

## अयोध्या पहुंचे योगी, रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन किये

**एजेंसी**



**अयोध्या :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान के दर्शन कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के दर्शन किये। मुख्यमंत्री ने इस दौरान यहां पर श्रद्धालुओं के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर में अपने गुरुओं का आशीष लेकर सोमवार की दोपहर अयोध्या पहुंचे थे।सोमवार को रामनगरी पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। जनवरी माह में योगी का रामनगरी का यह छठवां दौरा है। इससे पहले मुख्यमंत्री 09 जनवरी, 14 जनवरी, 19 जनवरी, 21-22 जनवरी और 23 जनवरी को अयोध्या पहुंचे थे। सोमवार को मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संदर्भ में ना केवल जानकारी ली, बल्कि खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखा भी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। योगी ने इस दौरान दर्शनार्थियों से भी बातचीत की फीडबैक लिया। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से व्यवस्था की जानकारी ली। मुख्यमंत्री योगी ने रामलला के मंदिर में भी प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की।

# एमआईएमआईएम पार्टी का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**गढ़वा :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी द्वारा गढ़वा जिला कार्यालय में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला और प्रखंड की टीम शामिल हुई। इस दौरान मजलिस पार्टी के जिला और प्रखंड पदाधिकारियों ने बारी-बारी से पार्टी एवं लोक हित की बात रखी। साथ ही गढ़वा जिला के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एमएन खान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम मिशन 2024 के सिलसिले से रखी गई है। उन्होंने एमआईएम पार्टी को सिर्फ मुस्लिम समुदाय के पार्टी से खारिज करते हुए सभी का पार्टी बताया कि यह पार्टी मुस्लिम, इसाई, सीख, जैन, परसी, हिंदु सहित अन्य समुदायों के दबे-कुचले लोग, गरीब लोग, बेरोजगारी सहित अन्य के पार्टी है। भ्रष्टाचार, कदाचार, परिवार वाद, जातिवाद वाले लोगों के हाथ में देश की सत्ता है जहां पर इंसाफ हो ही नहीं सकता। उन्होंने एमआईएम पार्टी के हितों में बात रखी। सैकड़ों के संख्या में दूसरे दलों को छोड़ कर आए हुए करी मंजूर, आफताब आलम, बकरीदु अंसारी, अब्दुल हमीद अंसारी, इरशाद अंसारी, इसहाक अंसारी, बेलाल अंसारी, रवि कुमार रवि, संजय कुमार, इलियास अंसारी के साथ अन्य लोगों ने एम आई एम पार्टी का दामन थामा। मौके पर पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एमएन खान, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला महासचिव रमजान अंसारी, जिला युवा अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, जिला प्रवक्ता अब्दुर्रहमान अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन रजवी, जिला युवा सचिव अवध कुमार मेहता, रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी, रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष खुशदील अंसारी, मेराल युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अली, कारकोमा पंचायत अध्यक्ष मुमताज अंसारी, रंका प्रखंड सचिव सुदामा कुमार रवि, वसीम अंसारी, सुहैल अंसारी, नूरे आलम, शमशाद अंसारी, सहित अन्य मौजूद थे।

### हिप्र और उत्तराखंड में अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना

**नई दिल्ली :** पश्चिमी विक्षोभ के चलते आने वाले दो दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के साथ बारिश होने की संभावना है। 31 दिसंबर को उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी बारिश होने की संभावना है। सोमवार को मौसम विभाग के वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ ने उत्तर-पश्चिम हिमालय को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। 31 जनवरी के आसपास एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। उन्होंने कहा कि इस शीतकालीन मौसम के दौरान पश्चिमी हिमालय पर अधिक वर्षा और बर्फबारी की गतिविधि की उम्मीद की जा रही है। 31 जनवरी और एक फरवरी को जम्मू और कश्मीर में भारी वर्षा और बर्फबारी होने की संभावना है। एक फरवरी और 2 फरवरी को हिमाचल प्रदेश में, और 2 फरवरी को उत्तराखंड में बारिश की संभावना है।

# राष्ट्रपति 2 फरवरी को करेंगी 37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले का उदघाटन

**एजेंसी**




**फरीदाबाद :** 37वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला की तैयारियों को सरकार और जिला प्रशासन अंतिम रूप देने में लगा है। इस बार अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला का उद्घाटन 2 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। सोमवार को सूरजकुंड परिसर स्थित होटल राजहंस में डीसी विक्रम सिंह ने 37वें अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में डीसी सिंह ने बताया कि पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष मेला और भी ज्यादा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। सभी तैयारियों को अधिक बेहतरीन ढंग से करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला का आधिकारिक उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 2 फरवरी को करेंगी। इसके बाद 3 फरवरी को मेले में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार मेले में 40 देश शामिल होंगे तथा कई देशों के राजदूत भी विभिन्न अवसरों पर मेले के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। मेला सुबह 10 बजे शुरू होकर रात 8 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि बड़ी चौपाल व छोटी चौपालों पर लगातार अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां देश व विदेश के कलाकारों के अलावा स्कूली बच्चे भी अपनी प्रस्तुति देंगे। बच्चों के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी।डीसी सिंह ने इस दौरान सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मेला में विभिन्न स्थानों पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया व मेले के दौरान लगने वाले विभिन्न स्टालों की जानकारी भी ली। डीसी ने मेला क्षेत्र में सफाई, सड़कों की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, शौचालयों सहित सभी सुविधाएं बेहतरीन करने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां समय से पूरी कर लें। मेले में पार्किंग सहित अन्य सभी विषयों पर भी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। मीटिंग में एडीसी आनंद शर्मा, पर्यटन विभाग के एमडी नीरज कुमार, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, डीसीपी ट्राफिक अमित यशवर्धन, जीएम टूरिज्म यूएस भारद्वाज, सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सुना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 7वें संस्करण के दौरान नई दिल्ली के भारत मंडपम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने परीक्षा के तनाव और घबराहट भरे माहौल को दूर करने के साथ ही बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का राज्य के सरकारी स्कूलों में लाइव प्रसारण किया गया, जहां छात्रों ने प्रधानमंत्री को लाइव सुना।

प्रधानमंत्री के संबोधन को झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों में स्कूली बच्चों, शिक्षकों एवं स्कूल प्रबंधन समितियों द्वारा सुना व देखा गया। इसके लिए सभी स्कूलों में लाइव प्रसारण की विशेष व्यवस्था की गयी थी। बच्चों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनकर जीवन में सकारात्मकता और नवीन ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा ली।

**रामगढ़ की अभिभावक ने पूछा प्रधानमंत्री से प्रश्न**

रामगढ़ के गुरुनानक स्कूल में पढ़ाई कर रहे प्रियांशु श्रीवास्तव की मां पूजा श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री से पूछा कि वे अपनी बेटी की पढ़ाई को सोशल मीडिया मंचों जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के इस्तेमाल के साथ-साथ कैसे मैनेज कर सकती है?

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया और मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर कहा कि मोबाइल ही नहीं, बल्कि किसी भी चीज की अति ठीक नहीं होती, किसी का भला नहीं करता। हर चीज के लिए एक मानदंड होना चाहिए, उसका एक आधार होता है। किसी भी चीज का कितना उपयोग करना चाहिए, इसका विवेक होना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए, बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने मां के खाने का उदाहरण देते हुए कहा कि मां ने बहुत बढ़िया खाना बनाया है। वह पोषक तत्वों से भरपूर है, उसके कई लाभ हैं, आपको वह डिश पसंद भी है, वह खाने का सही वक्त भी है, मगर एक सीमा के बाद आपको अपना प्रिय भोजन भी खाना बंद करना पड़ेगा। क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया तो उससे पेट दर्द, उल्टी जैसी समस्या हो जायेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ही घर में चार लोग बैठे हैं, मगर वो एक-दूसरे से बात करने के बजाय उन्हें मोबाइल पर मैसेज भेजते हैं। इसके पीछे सीक्रेसी भी बड़ा कारण है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खाना खाते समय डाइनिंग टेबल पर कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट नहीं होगा। सब लोग खाना खाते समय गप मारेंगे, बातें करेंगे। घर में एक कमरे को नो गैजेट जोन होना चाहिए, ताकि उस कमरे में आकर घर के सभी सदस्य एक समय पर बिना मोबाइल के बातचीत करे। तकनीक को बोझ मानकर उससे दूर भागना नहीं चाहिए। तकनीक का सही उपयोग सीखना जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को सलाह देते हुए कहा कि अपने माता-पिता को भी बढ़ते तकनीक से अवगत कराये, उन्हें जागरूक करे। अगर आप माता-पिता को समझाने का प्रयास करेंगे कि आप मोबाइल पर सिर्फ दोस्तों से बात नहीं कर रहे हैं, तकनीक का उचित इस्तेमाल भी कर रहे हैं। तभी वे आपके ऊपर भरोसा कर पाएंगे।

मोबाइल का लॉक पासवर्ड घर के हर सदस्य को मालूम होना चाहिए।

# मुख्यमंत्री आज जवाब नहीं दे रहे हैं, तो उन्हें कल जवाब देना होगा : राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के समन पर कहा कि अगर मुख्यमंत्री आज जवाब नहीं दे रहे हैं, तो उन्हें कल जवाब देना होगा। एक सच्चे नागरिक के रूप में हमें इसका पालन करना चाहिए। कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। मैंने इसे कई बार व्यक्त किया है। कार्रवाई की जानी चाहिए। राज्यपाल सोमवार को राजभवन में संवाददाताओं से बातचीत में पूछे गये सवाल के जवाब में बोल रहे थे। ईडी की कार्रवाई के खिलाफ झामुमो के विरोध पर झारखंड के राज्यपाल ने कहा कि ईडी का अपना कर्तव्य है और मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि पार्टी को इस प्रकार की कार्रवाई में शामिल नहीं होना चाहिए। इससे दोनों राजनीतिक दलों के बीच अनावश्यक तनाव पैदा हो रहा है। इसकी आवश्यकता नहीं है। कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। हमें ऐसी स्थिति नहीं बनानी चाहिए कि हम कानून से ऊपर हो जाएं।

उर्मिला कुजूर
मुखिया कुरडेग की
ओर से समस्त देश
वासियो को गणतंत्र
दिवस की हार्दिक
शुभकामनाएँ ।



सुलभ नेल्सन डुंगडुंग
प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड
विधायक प्रतिनिधि
कोलेबिरा की ओर से
समस्त देश वासियो को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक
शुभकामनाएँ ।

